दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 9 मार्च 2024, वर्ष-13 अंक- 28 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

कांग्रेस की पहली लिस्ट जारी, लोकसभा प्रत्याशियों के 39 नामों में 4 महिलाएं

छग की 11 सीटों में 6 प्रत्याशी फाइनल

भूपेश, ताम्रध्वज, विकास, राजेन्द्र, ज्योत्सना और शिव डहरिया शामिल

■ केरल से सबसे ज्यादा 16 कैंडिडेट, राहुल गांधी वायनाड से लड़ेंगे

रायपुर/दिल्ली/नवप्रदेश। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट 8 मार्च को जारी कर दी। शुक्रवार शाम 7.15 बजे पार्टी ने 39 कैंडिडेट्स का ऐलान किया। इस लिस्ट के मुताबिक राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़ेंगे। वे अभी भी वहीं से सांसद हैं।

राहुल के अलावा भूपेश बघेल और शशि थरूर के नाम भी लिस्ट में हैं। कांग्रेस की पहली लिस्ट में 15 कैंडिडेट सामान्य (जनरल कैटेगरी), 24 उम्मीदवार एससी-एसटी,ओबीसी और माइनॉरिटी कैटेगरी से हैं। 12 उम्मीदवारों की उम्र 50 साल से कम है। भाजपा ने 2 मार्च को 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 195 कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की थी। भाजपा की सूची के 5 दिन बाद कांग्रेस की पहली लिस्ट आई है।

छग. लोकसभा की 6 हाई प्रोफाइल सीटों पर ये प्रत्याशी

कांग्रेस ने पहली लिस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री और दो पूर्व मंत्रियों को मैदान में उतारा है। शिव डहरिया और ताम्रध्वज साहू को टिकट देकर जातिगत समीकरण तो साधा ही है, साथ ही संदेश भी दिया है कि जिन बड़े विभागों को कांग्रेस के मंत्रियों ने संभाला था, उन्हें मैदान में उतारकर अब भाजपा को पटखनी देनी चाहिए। राजेंद्र साहू को टिकट देकर भूपेश बघेल ने यह जता दिया कि टिकट वितरण में उनकी पसंद का ख्याल रखा गया है। राजेंद्र के कारण ताम्रध्वज साहू को महासमुंद शिफ्ट होना पड़ा। ज्योत्सना महंत का मुकाबला सरोज पांडेय से जरूर है, लेकिन ये चुनाव वास्तव में ज्योत्सना महंत के पति चरणदास महंत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली से लौटे भूपेश: चुनाव लड़ने को लेकर बोले- कोई लड़वाने वाला भी होना चाहिए

पूर्व सीएम भूपेश बघेल दिल्ली से वापस आ गए हैं। वे सीईसी की बैठक के लिए दिल्ली गए हुए थे। उन्होंने यहा आकर बताया कि, चुनाव को लेकर लिस्ट कभी भी जारी हो जाएगी। पूर्व सीएम भूपेश बघेल सीईसी की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली गए हुए थे। चुनाव से पहले कांग्रेस की यह अहम बैठक मानी जा रही है। जिसमें तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई है। इसी बैठक की जानकारी देते हुए पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि, छ्त्त्वद्द की बैठक हो गई है, लिस्ट कभी भी जारी हो सकती है। चुनाव लड़ने को लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि, हाईकमान जो निर्देश देंगे, वैसा ही होगा। पार्टी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दूसरी सूची के लिए भाजपा में मंथन

■ कई सांसदों के कटेंगे टिकट ?

■ बैठक के बाद प्रत्याशियों का ऐलान करेगी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी की खींचतान अभी भी खत्म नहीं हुई है।

राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से बीजेपी 51 सीटों पर उम्मीदवार तय कर चुकी है। इसके अलावा बीजेपी एनडीए में शामिल पार्टियों को 6 सीटें दे रही है। ऐसे में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहली सूची में दिग्गज नेताओं को टिकट!

बीजेपी ने हाल ही में 195 लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार वाराणसी से चुनाव लडऩे जा रहे हैं। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह एक बार फिर गुजरात की गांधीनगर सीट से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा स्मृति ईरानी को तीसरी बार अमेठी से टिकट मिला है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से चुनाव लड़ेंगे।

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में ईडी ने आठ बार नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजा। जिसे उन्होंने असंवैधानिक करार देकर उल्टे ईडी से ही सवाल कर दिया कि वह उन्हें किस हैसियत से बुला रही है? अब जबकि कोर्ट ने उन्हें 16 मार्च को पेश होने के लिए समन भेजा है तो उनकी मंत्री आतिशी ईडी पर ही आरोप लगा रही हैं। कोर्ट की सख्ती के बावजूद आम आदमी पार्टी के नेताओं के तेवर बता रहे हैं कि रस्सी जल गई है फिर भी उनकी ऐंठन नहीं जा रही है।

राष्ट्रपति ने लेखिका सुधा मूर्ति को किया राज्यसभा के लिए मनोनीत

नई दिल्ली, (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को शिक्षिका और लेखिका सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा, ÷मुझे खुशी है कि भारत के राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति जी को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधा जी का बहुत बड़ा और प्रेरणादायक योगदान रहा है।

कमलप्रीत मुक्त, केंद्र से लौटे मुकेश कुमार पदस्थ

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय के मातहत विभाग जीएडी यानि कि सामान्य प्रशासन विभाग से डॉ. कमलप्रीत सिंह को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। अब इस विभाग में बतौर सचिव की जिम्मेदार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे मुकेश कुमार को दी गई है।

सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से शुक्रवार को नई लिस्ट जारी की गई। इसमें प्रदेश के 5 अफसरों के नाम हैं, जिनके विभाग में बदलाव किया गया है। मुकेश कुमार पिछली भाजपा सरकार के दौरान केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए थे।

नशे का भयानक रूप.. शराब पीने को मना किया तो जीवन साथी को जिंदा जलाया

■ बीच बचाव में बुजुर्ग सास भी झुलस गयी

बदायूं (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के मुजरिया क्षेत्र में नशे का भयानक रूप सामने आया है, जो दिल दहला देने वाला है। नसे का आदी पति को शराब पीने से मना किया तो गुस्से में पत्नी को पेट्रोल डाल कर जिंदा जला दिया। बीच बचाव में बुजुर्ग सास भी झुलस गयी जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव नैथुआ निवासी मुनीश सक्सेना शराब पीने का आदी है और वह प्रतिदिन अपनी पत्नी के साथ मारपीट किया करता था। कुछ महीने पहले मुनीश ने आठ लाख रुपये में अपनी जमीन बेची थी, जिसमें से उसने चार लाख से अपनी बेटी

की शादी कर दी। बाकी रुपया शराब में उड़ा दिया। मुनीश की शराब की लत को लेकर घर में अक्सर कलह होता रहता था। उसकी पत्नी शन्नो (40) शराब पीने से रोकती थी तो वह मारपीट करता था।

बाइक से पेट्रोल निकाला और पत्नी पर उड़ेल दिया

कल रात भी शन्नो ने शराब पीकर आए मुनीश को और शराब पीने से रोका तो वह नाराज हो गया। पहले उसने शन्नो को बुरी तरह से पीटा। उसके बाद वह अपनी बाइक से पेट्रोल निकाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'खसरा व रूबेला निवारण में भारत को इंटरनेशनल अवार्ड'

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को खसरा और रूबेला रोग की रोकथाम के लिए ÷अंतरराष्ट्रीय खसरा एवं रूबेला पुरस्कार÷ से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान अमेरिका में भारतीय राजदूतावास में उप प्रमुख श्रीप्रिया रंगनाथन ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से प्राप्त किया। मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि खसरा और रूबेला से निपटने के लिए देश के अथक प्रयासों के लिये भारत को छह मार्च को अमेरिका के वाशिंगटन में अमेरिकी रेड क्रॉस मुख्यालय में द ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भगवान शिव की बारात के दौरान करंट लगने से 14 बच्चे झुलसे

■ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ऊर्जा मंत्री अस्पताल पहुंचे

कोटा। महाशिवरात्रि के पवित्र दिन राजस्थान के कोटा में एक बड़ा हादसा हो गया। भगवान शिव की बारात के दौरान करंट लगने से 14 बच्चे गंभीर रूप से झुलस गये। घटना आज दोपहर करीब साढ़े 12 बजे कुन्हाड़ी थर्मल चौक के पास हुई।

इस घटना के बाद महकमे में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोग घायल बच्चों को लेकर तुरंत अस्पताल पहुंचे। हादसे की जानकारी जैसे ही घायल बच्चों के परिजनों को हुई तो वे भी

अस्पताल पहुंचे। सभी घायल बच्चों को इलाज के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर अस्पताल पहुंचे और घायल बच्चों से मुलाकात की।

कोटा एसपी अमृता धवन ने बताया कि घटना दोपहर करीब 12.30 बजे की है। भगवान शिव की बारात में बड़ी संख्या में लोग जुटे थे, जिनमें 20-25 बच्चे और महिला-पुरुष शामिल थे। इसमें एक लड़के के हाथ में 20 से 22 फीट लंबा लोहे का पाइप था जो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एक बच्चे की स्थिति नजुक

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायलों में एक लड़का 70 फीसदी, जबकि दूसरा 50 फीसदी जल गया है। बाकी बच्चे 10-15 फीसदी जले हैं। सभी की उम्र 9 से 16 साल के बीच है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आयोजकों की लापरवाही के कारण हादसा हुआ है।

होटल संचालक के सोते बेटे पर बदमाशों ने मारी 5 गोलियां

भिंड, (वार्ता)। मध्यप्रदेश के भिंड शहर के एक होटल संचालक के पुत्र की आज तडके गोली मारकर हत्या कर दी गयी। होटल संचालक विनोद जैन भाजपा से जुड़े नेता बताए जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के इटावा रोड स्थित एक होटल में होटल संचालक विनोद जैन का परिवार रहता है। विनोद जैन का 23 वर्षीय पुत्र प्रणाम जैन होटल के एक कमरे में सो रहा था। तडके अज्ञात लोग होटल में घुसे और प्रणाम जैन पर ताबडतोड़ गोलियां चला दी, जिससे प्रणाम जैन की मौके पर ही मौत हो गयी।

किसान महासम्मेलन आज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वावधान में कल 9 मार्च को होने जा रहे किसान महासम्मेलन को लेकर प्रदेश के किसानों में अभूतपूर्व उत्साह है।महासम्मेलन में लाखों किसान अपने ट्रैक्टर व अन्य साधनों से पहुंचकर शिरकत करेंगे। श्री नेताम ने बताया कि किसान महासम्मेलन में देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर जी समेत राष्ट्रीय पदाधिकारियों का संबोधन होगा। प्रदेश के समस्त किसान भाइयों को इस सभा के लिए आमंत्रित किया गया है।

मां दंतेश्वरी के दर पहुंचे सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर दंतेवाड़ा पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर की विधि-विधान से आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना की। जहां प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर विधायक चैतराम अटामी, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल व अन्य जनप्रतिनिधियों सहित कमिश्नर बस्तर श्याम धावड़े, आईजी बस्तर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम की बड़ी घोषणा

बस्तर के सभी जिलों के मुख्यालयों में माँ दंतेश्वरी शक्ति केंद्र की स्थापना होगी। कारली में शहीद स्मारक और अमर वाटिका बनाई जाएगी। जवांगा एजुकेशन हब को उच्च सुविधायुक्त बनाने और स्पोर्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। पालनार, बड़ेगुडरा में 100-100 सीटर कन्या छात्रावास। समेली, मड़कामिरास में 25-25 सीटर प्री मैट्रिक छात्रावास, जंगमपाल और मारजूम में 50-50 सीटर छात्रावास का निर्माण होगा। बरगुम, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईइडी लगाते दो नक्सलियों को जवानों ने धरदबोचा

सुकमा, (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों के खिलाफपुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सुकमा जिले में सक्रिय दो नक्सलियों को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नक्सली विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के अरलमपल्ली निवासी दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है।

नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गयी है। पुलिस ने जब नक्सलियों को देखा तब वे गढ्ढा खोदकर आईइडी लगा रहे थे। वहीं पुलिस को अपने ओर आते देखकर जंगल की ओर भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

माओवादियों से मिली ये सामग्रियां

दोनों नक्सलियों की पहचान 25 वर्षीय सोड़ी लक्खा और 23 वर्षीय मड़कम पोज्जा के रूप में हुयी है। सोड़ी लक्खा के कब्जे से एक झोले में 5 नग नॉन इलेक्ट्रीक डेटोनेटर, जिलेटीन राड 2 नग, कॉडेक्स वायर 5 मीटर, 1 नग नक्सल साहित्य और 2 नग नक्सल पर्चा मिला।

एलपीजी सिलेंडर में 100 रुपए की छूट

नई दिल्ली, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महिला दिवस पर देश की सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि इस मौके पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया गया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, ÷महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा।

गरमा-गरम

सृजन सम्मान... भारत मंडपम में प्रधानमंत्री ने पहला राष्ट्रीय सृजन पुरस्कार प्रदान किया, विजेताओं से बातचीत भी की

नए युग को ऊर्जा देने वाले भारत के बारे में दुनिया को बताएं : मोदी

नई दिल्ली, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से दुनिया को भारत के बारे में जानकारी देने के लिए सृजन अभियान चलाने का आह्वान किया है, जिसमें भारत की कहानियों, संस्कृति, विरासत और परंपराओं के बारे में बताया जाए। पीएम मोदी ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में पहला राष्ट्रीय सृजन पुरस्कार प्रदान किया।

मोदी ने विजेताओं के साथ संक्षिप्त बातचीत भी की। यह राष्ट्रीय पुरस्कार कहानी कहने, सामाजिक बदलाव की वकालत करने, पर्यावरणीय स्थिरता, शिक्षा और गेमिंग सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता और उसके प्रभाव को सम्मानित करने का एक प्रयास है। इस

पुरस्कार की कल्पना रचनात्मकता के जरिए सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक लॉन्चपैड के रूप में की गई है। प्रधानमंत्री ने इन पुरस्कारों के लिए भारत मंडपम स्थल का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के रचनाकार आज उसी स्थान पर एकत्र हुए हैं, जहां से विश्व नेताओं ने जी20 शिखर सम्मेलन में भविष्य को दिशा दी थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बदलते समय और नए युग के आगमन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना देश की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश आज पहले सृजन पुरस्कारों के साथ उस जिम्मेदारी को पूरा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सृजन पुरस्कार नए युग को उसकी शुरुआत से पहले ही पहचान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामग्री और रचनात्मकता के बीच सहयोग से जुड़ाव बढ़ता है, सामग्री और डिजिटल का सहयोग बदलाव लाता है, और उद्देश्य के साथ सामग्री निर्माण अपना प्रभाव दिखाता है। श्री मोदी ने विषय वस्तु रचनाकारों से समाज में प्रेरणा लाने का अनुरोध किया।

भारत पर एक सृजन अभियान चलाएं

मोदी ने विषय वस्तुकारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, आइए, हम भारत पर एक सृजन अभियान चलाएं। आइए, हम भारत की कहानियों, संस्कृति, विरासत और परंपराओं को पूरी दुनिया के सामने लाएं। आइए, हम भारत का निर्माण करें और विश्व का निर्माण करें। भारत के प्रति दुनिया की जिज्ञासा को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने रचनाकारों से अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश आदि संयुक्त राष्ट्र की भाषाओं में सामग्री तैयार करने का आग्रह किया।

नक्सलियों की जायज मांग पूरी करेगी सरकार

■ नक्सली रह चुकी महिलाओं ने बताया क्यों बनीं पुलिस कमांडो

रायपुर/दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सीएम ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों की प्रॉब्लम क्या है, सरकार से संवाद करें। उनकी जो जायज मांगें होंगी, उसको छत्तीसगढ़ की सरकार पूरा करेगी। साय ने महिला दिवस के दिन दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस की स्पेशल यूनिट महिला कमांडो से मुलाकात की। बता दें कि सीएम साय ने उन महिला कमांडो से मुलाकात की, जो नक्सल इलाके में नक्सलियों से लड़ती हैं। इस यूनिट में ऐसी महिलाएं भी शामिल हैं, जो पहले नक्सली रह चुकी हैं। परन्तु अब शासन की योजना का लाभ लेकर वे अब पुलिस ट्रेनिंग हासिल करके यह महिलाएं छत्तीसगढ़ पुलिस की कमांडो बनी है।

महिला कमांडो का सीएम से सीधे संवाद

नारायणपुर की महिला कमांडो सुमित्रा साहू ने सीएम से सीधे बात की। सुमित्रा बोलीं- मैं 2004 से लेकर 2018 तक नक्सली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजेपी ने भाव नहीं दिया तो क्या तेजस्वी के साथ होंगे चिराग पासवान?

लखनऊ(ए.)। चिराग पासवान के पिता रामविलास पासवान को लालू यादव राजनीतिक के मौसम वैज्ञानिक बताते रहे हैं. बिलकुल वैसे ही जैसे नीतीश कुमार को पलटू कुमार कहते रहे हैं - हालांकि, अब लालू यादव के रुख में काफी बदलाव महसूस किया जा रहा है. तभी तो महागठबंधन छोड़ कर एनडीए में चले जाने के बाद भी नीतीश कुमार के लिए दरवाजा खुला रखा है - और ठीक वैसे ही ये दरवाजा चिराग पासवान के लिए भी खुला हुआ है।

नीतीश कुमार को तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने बार बार सफाई देनी पड़ रही है कि अब वो कहीं नहीं जाएंगे, लेकिन चिराग पासवान ऐसा बिलकुल नहीं कर रहे हैं - और तेजस्वी यादव के साथ हाथ मिलाने का विकल्प खुला रखा हुआ है।

चिराग पासवान और तेजस्वी यादव की थोड़ी बहुत करीबी तो 2020 के बिहार चुनावों के दौरान भी महसूस की गई थी. असल में वो साल चिराग पासवान के लिए बेहद खराब रहा. पिता का साया हट जाने के बाद बीजेपी ने भी नीतीश कुमार के दबाव में हाथ खींच लिए. चिराग पासवान खुद को मोदी का हनुमान बताते रहे,

लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही चुनावी रैलियों में असली और नकली एनजीए का फर्क साफ कर दिया - और फिर एक झटके में चिराग पासवान असली खेमे से बाहर हो गये। चुनावों में चिराग पासवान विश्वास करते रहे, और बीजेपी इस्तेमाल करती रही. विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान के उम्मीदवारों से जेडीयू को बहुत नुकसान हुआ. बीजेपी भी तो यही चाहती थी. जेडीयू की सीटें बीजेपी की करीब करीब आधी हो गई. नीतीश कुमार और उनके साथियों ने खुल कर चिराग पासवान को जेडीयू की कम सीटों के लिए जिम्मेदार बताया - और बाद में नीतीश कुमार बीजेपी के सामने ऐसे फैल गये कि एनडीए में उनके लिए नो एंट्री का बोर्ड ही लगा दिया गया। और तो और लोक जनशक्ति पार्टी दो टुकड़ों में बंट गई, जिसके लिए चिराग पासवान की नजर में नीतीश कुमार ही जिम्मेदार मानते हैं. लोकसभा स्पीकर ने भी चिराग पासवान के चाचा पशुपति कुमार पारस को संसदीय दल के नेता के रूप में मान्यता दे दी।

सारे एलजेपी सांसद पशुपति कुमार पारस के साथ चले गये और चिराग पासवान अकेले पड़ गये। कहां चिराग पासवान पिता के मंत्रालय पर काबिज होने की उम्मीद लगाये बैठे थे, और कहां पशुपति कुमार पारस मोदी कैबिनेट में मंत्री बन गये। 2019 के लोकसभा चुनाव में एलजेपी अपने हिस्से की सभी 6 सीटें जीत ली थी, और इस बार भी एनडीए में चिराग पासवान का उन्हीं सीटों पर दावा है।

शर्त ये भी है कि हाजीपुर उनके पिता का चुनाव क्षेत्र रहा है, लिहाजा वो भी उनको चाहिये और वहां का उम्मीदवार भी वो खुद ही तय करना चाहते हैं। पशुपति कुमार पारस फिलहाल हाजीपुर से सांसद हैं, और वो सीट छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

बिहार में क्या चिराग पासवान गेम-चेंजर बन गये हैं

बिहार का 6 फीसदी वोट बैंक फिलहाल चिराग पासवान पासवान के साथ है, यही बात ताउम्र उनके पिता रामविलास पासवान को भी ताकतवर बनाये रखी. पिता और पुत्र की राजनीति में थोड़ा फर्क जरूर नजर आता है - और हो सकता है, चिराग पासवान के मन में भी कहीं हो कि उनके पिता कभी बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बन सके। असल में रामविलास पासवान हमेशा ही बिहार के बल पर दिल्ली की राजनीति किये, लेकिन चिराग पासवान पिता के चले जाने के बाद लगातार बिहार पर ही फोकस हैं। बल्कि बिहार में जमे रहने की भी कोशिश करते हैं. वैसे भी चाचा पशुपति पारस के दिल्ली में धोखा देने और पिता को मिले बंगले से बेदखल हो जाने के बाद चिराग पासवान के पास बिहार में बने रहना कहीं ज्यादा जरूरी थी।

न्यूज गैलरी

अंकित सक्सेना हत्या मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद

नई दिल्ली(वार्ता)। दिल्ली की एक अदालत ने 2018 में फोटोग्राफर अंकित सक्सेना की गला काटकर नृशंस हत्या के मामले में तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। तीस हजारी अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार शर्मा ने संबंधित मामले की सुनवाई के बाद गुरुवार को अंकित की प्रेमिका के पिता , मां और मामा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने तीनों 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया और कहा कि जुर्माने से एकत्र राशि मृतक के परिवार को सौंप दी जायेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक अंकित की हत्या दूसरे समुदाय की लड़की के साथ उसके संबंधों का परिणाम थी। अंकित की प्रेमिका शहजादी का परिवार इस रिश्ते के खिलाफ था और उसे इस रिश्ते को ख़त्म करने की चेतावनी दी थी। फरवरी 2018 में पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर इलाके में अंकित की शहजादी के परिवार से बहस हुई थी, जिसके बाद उसकी मां, पिता, भाई और मामा ने उस पर चाकू से हमला किया और उसकी गर्दन काट दी। हत्या के तुरंत बाद प्रेमिका को नारी निकेतन ले जाया गया, क्योंकि उसने आरोप लगाया कि उसके परिवार वाले उसे भी मार सकते हैं। कुछ ही दिनों में उसके माता-पिता और चाचा को गिरफ्तार कर लिया गया। मुकदमे के दौरान अंकित के एक दोस्त ने महत्वपूर्ण गवाही दी। अंकित की हत्या ने शहर को सदमे में डाल दिया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आश्वासन दिया था कि दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि उसके परिवार को न्याय मिले और अपराधियों को अधिक से अधिक सजा मिले।

शिवसेना नेता के बेटे एमपीसीबी अध्यक्ष नियुक्त किये गये

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और शिवसेना नेता रामदास कदम के बेटे सिद्धेश कदम को महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियमों के मुताबिक, पर्यावरण संरक्षण से संबंधित मामलों में 25 साल का एक्सपीरियंस रखने वाले या पर्यावरण संरक्षण से संबंधित मामलों से निपटने वाले संस्थानों में अनुभव रखने वाले व्यक्ति को ही इस पद पर नियुक्त किया जा सकता है। सिद्धेश कदम पिछली बीजेपी-शिवसेना सरकार में पूर्व पर्यावरण मंत्री रामदास कदम के छोटे बेटे हैं। रामदास कदम ने गुरुवार को बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की बातचीत में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को पीछे छोड़ रही है। महाराष्ट्र सरकार ने 6 मार्च को एक अधिसूचना जारी करके पिछले मौजूदा आईएएस अधिकारी एएल जरहाद को पद से हटा दिया। इसमें कहा गया था कि अध्यक्ष बिना किसी वजह से लंबे समय से अपने कार्यालय नहीं जा रहे हैं। जारहाद को 7 सितंबर, 2021 को एमपीसीबी का अध्यक्ष बनाया गया था। एमपीसीबी के पद के लिए पात्रता तय करने वाले नियम कहते हैं कि पर्यावरण संरक्षण से संबंधित मामलों के संबंध में 25 साल का एक्सपीरियंस होना जरूरी है। सरकारी अधिकारियों को उस जगह पर नियुक्त किए जाने के मामले में नियम में कहा गया है कि वह भारतीय प्रशासनिक सेवा में है या रहा है, जो सचिव या उससे ऊपर के पद पर रहा है। वह इस पद पर नियुक्त किया जा सकता है।

'सीएए पत्थर पर खींची लकीर, चुनाव से पहले हर हाल में होगा लागू', : अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संशोधित नागरिकता अधिनियिम (सीएए) देश का कानून है और इसे हर हाल में लागू किया जाएगा। एक कार्यक्रम के दौरान पूछे गए सवाल पर शाह ने कहा, मैं फिर कहता हूं कि सीएए पत्थर पर खींची लकीर है। इसे हर हाल में इस चुनाव से पहले लागू किया जाएगा। शाह ने कहा, जब देश का विभाजन हुआ तब पाकिस्तान और अब के बांग्लादेश से लाखों-करोड़ों लोग भारत आ रहे थे। उस समय कांग्रेस के लोगों ने ही वादा किया था कि देश आपका स्वागत करेगा, लेकिन कांग्रेस के लोग वोट बैंक के चक्कर में सबकुछ भूल गए। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस दौरान समान नागरिक संहिता का भी जिक्र किया। उन्होंने यूसीसी को किसी धर्म के साथ जोड़ने को गलत बताया। साथ ही कहा कि यह सिर्फ भाजपा नहीं, बल्कि पूरे देश का मुद्दा है। अगर आप पंथनिरपेक्ष देश चाहते हैं तो धर्म के आधार पर कानून नहीं होना चाहिए।

उद्धव ठाकरे ने गडकरी को दिया खुला ऑफर, बीजेपी छोड़कर एमवीए से लड़िए चुनाव

मुंगई(ए.)। महाराष्ट्र की राजनीति से बड़ी खबर सामने आई है। उद्धव ठाकरे ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को खुला ऑफर दे दिया है। उन्होंने उनसे बीजेपी छोड़कर एमवीए में आने और चुनाव लड़ने के लिए न्योता दिया है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि, 'दिल्ली के सामने मत झुकिए। उनके इस ऑफर पर डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इस ऑफर पर रिएक्शन देते हुए कहा है कि, नितिन गडकरी हमारे बड़े नेता हैं. उद्धव की पार्टी सिर्फ बैंड बाजा वाली है।

क्या बोले शिवसेना चीफ?

शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि, 'बीजेपी की लिस्ट सामने आ गई है अनेक नाम सामने हैं. जिन कृपाशंकर सिंह पर बीजेपी ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था उनका नाम भी पीएम मोदी के साथ लिस्ट में है, लेकिन नितिन गडकरी जिन्होंने इतने सालों तक महाराष्ट्र में बीजेपी के लिए आधार तैयार करने का काम किया. उनका नाम वहां नहीं है. ठाकरे ने कहा कि, 'गडकरी जी बीजेपी छोड़ दीजिए। हम आपको एमवीए से चुनाव जीतवाकर लाएंगे. गडकरी जी उनको दिखाओ कि महाराष्ट्र क्या है. महाराष्ट्र कभी दिल्ली के आगे नहीं झुका है।'

वहीं इस मामले में एनसीपी नेता सुप्रिया सुले की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। उन्होंने कहा कि नितिन गडकरी एक पार्टी के नेता नहीं बल्कि पूरे देश के बड़े नेता हैं. कभी बदले की भावना से राजनीति नहीं की है।

उनकी खासियत है कि जब भी कोई सांसद उनके पास अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए फंड की मांग करता है, तो बिना सोचे-समझे फंड उपलब्ध कराते हैं।

सुप्रिया ने आगे कहा कि बीजेपी के साथ हमारे वैचारिक मतभेद हैं लेकिन गडकरी साहब के लिए मन में सम्मान है क्योंकि उन्होंने कभी इस रिश्ते में कठोरता नहीं लाई, बदले की भावना से कभी राजनीति नहीं की है।

उद्धव ठाकरे के बयान पर देवेंद्र फडणवीस ने दी प्रतिक्रिया

उद्धव ठाकरे के नितिन गडकरी को दिए खुले ऑफर को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हास्यास्पद बताया। उन्होंने कहा यह ऑफर ऐसा है जैसे गली के व्यक्ति ने अमेरिका का राष्ट्राध्यक्ष बनाने की ऑफर दिया हो। उनकी पार्टी का बैंड बजा पड़ा है। गडकरी हमारे बड़े नेता हैं। वो महाराष्ट्र के नागपुर से चुनाव लड़ते हैं। महायुति का राज्य की सीटों पर निर्णय नहीं हुआ है. यह चर्चा जब होगी तब नितिन जी का नाम आएगा। खुद को बड़ा दिखाने का प्रयास उद्धव ठाकरे कर रहे हैं।

दुनिया की प्राचीनतम भाषा है संस्कृत : डॉ पण्ड्या

अनेक राज्यों के शिक्षाविदों ने संस्कृत के विस्तार पर जोर दिया

हरिद्वार/नवप्रदेश। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में चल रहे भारतीय भाषाओं की जननी संस्कृत भाषा वैज्ञानिक पक्ष और तकनीकी शब्दावली शीर्षक पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हो गया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) एवं देवसंस्कृति विवि के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस सम्मेलन में उत्तराखण्ड, दिल्ली, बिहार सहित कई राज्यों के शिक्षाविदों ने प्रतिभाग किया। कुल चार तकनीकी व्याख्यान सत्र हुए, जिसमें वक्ताओं ने समृद्धशाली संस्कृत की महत्ता पर प्रकाश डाला।

इस दौरान 15 शोधपत्र पढ़े गये, इसमें शोधार्थियों द्वारा संस्कृत के विस्तार एवं आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी गयी। शिक्षाविदों ने एकमत से स्वीकार किया कि सनातन संस्कृति की पहचान संस्कृत भाषा से जुड़ा हुआ है, संस्कृत भाषा के विकास के साथ ही सनातन संस्कृति का भी विकास होगा।

संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ राज्य सभा के उपसभापति, हरिवंश का हंगरी दौरा

नई दिल्ली(ए.)। हंगेरियन नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष महामहिम श्री इस्तवान जैकब के निमंत्रण पर राज्य सभा के माननीय उपसभापति, श्री हरिवंश के नेतृत्व में एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल 7-8 मार्च, 2024 तक हंगरी का दौरा कर रहा है। उपसभापति के साथ राज्य सभा के दो सदस्य, डा. अशोक बाजपेयी और ले. जनरल डी.पी. वत्स और राज्य सभा के महासचिव श्री पी.सी. मोदी भी गए हैं। प्रतिनिधिमंडल के मुख्य कार्यक्रमों में महामहिम श्री इस्तवान जैकब के साथ एक बैठक, महामहिम श्री पीटर सेरेसनेस की अध्यक्षता में हंगेरियन नेशनल असेंबली के हंगरी-भारत मैत्री समूह के साथ वार्ता और हंगरी की संसदीय परंपराओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए एक व्यापक संसदीय दौरा शामिल है। हंगरी नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष के साथ अपनी बातचीत में श्री हरिवंश ने भारत और हंगरी के बीच जीवंत द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख स्तंभों में से एक के रूप में संसदीय सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला।

लोकसभा चुनाव के साथ होंगे जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव

नई दिल्ली(ए.)। देश में जल्द ही लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव भी लोकसभा के साथ ही कराए जाने की संभावना है। इसके लिए चुनाव आयोग मंथन कर रहा है।

चुनाव आयोग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह सचिव के साथ आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में इस पर भी चर्चा होने की पूरी संभावना है। सूत्रों का कहना है कि पिछले हफ्ते जम्मू

कश्मीर के उपराज्यपाल ने गृहमंत्री अमित शाह से भी अनौपचारिक मुलाकात की थी।

चुनाव आयोग केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों और सुरक्षाबलों के प्रमुखों के साथ बैठक में लोकसभा के साथ ही जम्मू कश्मीर का चुनाव भी कराने पर विचार कर रहा है. बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस साल अक्तूबर तक विधानसभा चुनाव कराने का आदेश दिया था।

हालांकि अब चुनाव आयोग को ही सही परिस्थिति का आकलन कर चुनाव कराने का कार्यक्रम बनाना है. राज्य में लोकसभा और विधानसभा की सीटों का नए सिरे से परिसीमन भी हो चुका है. बता दें कि चुनाव आयोग मार्च के दूसरे हफ्ते के अंत तक चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है।

दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमले में 1 की मौत, 3 घायल

बेरूत(वार्ता)। इजरायल ने लेबनान के दक्षिणी गांव अतारौन में एक घर को निशाना बनाकर हवाई हमला किया जिसमें हिजबुल्लाह का एक लड़ाका मारा गया और तीन नागरिक घायल हो गए। सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि बुलडोजर, क्रेन और एम्बुलेंस से लैस नागरिक सुरक्षा के सदस्य मलबे को हटाने और हताहतों को अस्पतालों में ले जाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के सात शहरों और गांवों पर 11 हवाई हमले किए और दक्षिण में 12 शहरों और गांवों पर 45 गोले दागे, जिससे लगभग 11 घर नष्ट हो गए।

लोकसभा चुनाव : उमर का महबूबा से गठबंधन से इनकार, बोले पीडीपी के बजाय कांग्रेस के लिए छोड़ सकते हैं सीट

नई दिल्ली(ए.)। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ सीट साझेदारी के लिए गठबंधन करने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि वह पीडीपी के साथ सीट बंटवारे के लिए समझौता नहीं करेंगे। एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उमर ने ये बातें कहीं।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अगर उन्हें पहले यह कहा गया होता कि उन्हें नेकां की सीटें गंवा कर साझेदारी करनी पड़ेगी तो उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन में शामिल ही नहीं होती। उमर ने कहा कि अगर राहुल गांधी और सोनिया गांधी कहते हैं कि कांग्रेस के लिए छोड़ दें तो वह पीडीपी के बजाय कांग्रेस को सीट देना छोड़ना पसंद करेंगे उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस नंबर दो पर है, जबकि पीडीपी तीसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में भाजपा को सत्ता में लाने

जम्मू कश्मीर में भाजपा को सत्ता में लाने और लोगों के जनादेश को धोखा देने के बाद पीडीपी के पास कोई विश्वसनीयता नहीं बची है

और लोगों के जनादेश को धोखा देने के बाद पीडीपी के पास कोई विश्वसनीयता नहीं बची है। उमर अब्दुल्ला ने फिर कहा कि कश्मीर घाटी में सभी तीन लोकसभा सीटों पर नेकां स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी और अपने बल जीत दर्ज करेगी। बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के पीएम मोदी पर परिवारवाद वाले तंज पर उमर ने कहा कि वह ऐसे व्यक्तिगत नारों के पक्ष में नहीं हैं। इनसे किसी तरह का लाभ नहीं मिलता। उमर अब्दुल्ला कहते हैं, मैं कभी भी ऐसे नारों के पक्ष में नहीं रहा हूं और हमें उनसे कभी कोई फायदा नहीं हुआ है।

खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह की सुरक्षा में चूक

नई दिल्ली(ए.)। कट्टरपंथी संगठन 'वारिस पंजाब डे' चीफ और खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके नौ सहयोगियों के सुरक्षा चूक मामले में असम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। असम पुलिस ने इस मामले में डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल के अधीक्षक निपेन दास को गिरफ्तार कर लिया है। इतना ही नहीं निपेन दास पर यूएपीए के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा आपराधिक साजिश रचने, असम असम प्रिजनर्स एक्ट के तहत उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। डिब्रूगढ़ जेल के एडिशनल सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस सिजल अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार की रात निपेन दास को गिरफ्तार किया गया है।

शिवाभिषेक कर सर्वे भवन्तु सुखिन: की प्रार्थना की

देसंविवि में भक्तिगीत की बही गंगा, जय भोले हितकारी गीत में झूमे हजारों शिवभक्त

हरिद्वार/नवप्रदेश। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी ने भगवान महादेव की विशेष पूजा अर्चना की। गायत्री परिवार के हजारों श्रद्धालुओं के प्रतिनिधि के रूप में प्रमुखद्वय ने पुरुष सूक्त, महाकालाष्टक, रुद्राष्टक व अन्य वैदिक कर्मकांड के साथ पूजा अर्चना की। वहीं देवसंस्कृति विश्वविद्यालय स्थित प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या एवं श्रीमती शैफाली पण्ड्या ने महाभिषेक कर विश्व शांति की कामना की। इस अवसर पर प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भक्ति गीत की गंगा बही। वहीं हजारों शिव भक्त जय भोले हितकारी गीत में झूम उठे।

इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी ने कहा कि समाज को बचाने के लिए महाकाल ने विष का पान किया, उन्होंने सदैव दूसरों का कल्याण ही किया है। गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने भी विश्व कल्याण के लिए काफी अपमान सहे, परंतु शिव की भांति वसुधैव कुटुंबकम के भाव को जन-जन के मनों में उतारने का सार्थक प्रयास किया, जिससे प्राणी मात्र में प्यार, सहकार का भाव जागृत हो सकें। पुरुष सूक्त व महाकालाष्टक के साथ रुद्राभिषेक का वैदिक कर्मकाण्ड श्याम बिहारी दुबे एवं उदयकिशोर मिश्र ने किया। संगीत विभाग के भाइयों ने शिव आराधना प्रस्तुत की। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में स्थित प्रज्ञेश्वर महादेव एवं शांतिकुंज स्थित शिवालय में विशेष पूजा, रुद्राभिषेक, शिवाभिषेक का क्रम देर शाम तक चलता रहा।

भारत ने सीमा पर बढ़ाए सैनिक तो चीन को लगी मिर्ची, बोला- तनाव कम करने में दिक्कत होगी

नई दिल्ली(ए.)। चीन पहले उकसाता है और जवाबी कार्रवाई हो तो धमकियां देने पर उतर जाता है। बीते चार वर्षों से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर उसने अपने सैनिकों को अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर रखा है और जब भारत वहां अपने सैनिकों को बढ़ाने लगा तो उसे मिर्ची लग रही है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा है कि भारत के इस कदम से सीमा पर तनाव कम करने में मदद मिलेगी। भारत ने चीन के साथ अपनी सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है।

चार साल से तनावपूर्ण हैं रिश्ते

भारत और चीन के बीच संबंध 5 मई, 2020 से तनावपूर्ण रहे हैं, जब उनकी साझा सीमा पर विभिन्न स्थानों पर टकराव और झड़पें हुई थीं। ये घटनाएं लद्दाख के पैंगोंग झील, तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र और सिक्किम और तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के बीच की सीमा के पास हुईं। मई के अंत में तनाव और बढ़ गया जब चीन ने गलवान नदी घाटी में भारत के सड़क निर्माण पर आपत्ति जताई।

45 साल बाद एलएसी पर चली थीं गोलियां

45 वर्षों में पहली बार सितंबर 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गोलियां चलीं। भारतीय मीडिया ने यह भी बताया कि भारतीय सैनिकों ने 30 अगस्त, 2020 को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी पर चेतावनी भरे शॉट्स फायर किए थे। कई दौर की सैन्य-राजनयिक वार्ता में शामिल होने के बावजूद तनाव को हल करने में प्रगति धीमी रही है। तनावपूर्ण संबंधों के जवाब में भारत ने देश के भीतर चीनी निवेश और व्यावसायिक उद्यमों को हतोत्साहित करने के लिए कानून लागू किए हैं।

चीन की सीमा पर पहुंचे और 10 हजार सैनिक

नाम न छापने की शर्त पर वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों ने खुलासा किया कि पहले पाकिस्तान से सटी पश्चिमी सीमा पर तैनात 10 हजार सैनिकों की एक यूनिट को चीन के साथ सीमा के एक हिस्से की रक्षा के लिए फिर से नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, विवादित चीनी सीमा के लिए शुरू में नामित 9,000 सैनिकों का एक मौजूदा समूह अब एक नए स्थापित लड़ाकू कमान का हिस्सा होगा। यह एकीकृत बल चीन के तिब्बत क्षेत्र को भारतीय राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश से अलग करने वाली 532 किलोमीटर (330.57 मील) लंबी सीमा की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार होगा।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं महाशिवरात्रि की दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 08 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी माताओं, बहनों और बेटियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, उनका सशक्तिकरण करने और लैंगिक समानता के उद्देश्य को लेकर पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। श्री साय ने कहा है कि विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ राज्य सरकार आगे बढ़ रही है, इसके लिए गरीब, युवा, अन्नदाता के साथ महिलाओं के समावेशी विकास का रोड मैप तैयार किया गया है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में महतारी वंदन योजना शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने भगवान शिव से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर जारी अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी महाशिवरात्रि का त्यौहार श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया जाता है। शिवभक्तों के लिए महाशिवरात्रि का दिन विशेष महत्व रखता है।

मंत्री राजवाड़े ने दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्रीमती राजवाड़े ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा और हौसला देता है। मातृ शक्ति ने हर क्षेत्र में खुद को साबित किया है और अपनी क्षमता और प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं काबिल और मेहनती हैं। राज्य सरकार ने महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई प्रावधान किये हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। श्रीमती राजवाड़े ने आह्वान किया है कि बेटों के समान बेटियों को भी पढ़ने और आगे बढ़ने के सभी अवसर उपलब्ध कराएं। महिलाओं को विकास के समान अवसर मिलने से ही हम एक मजबूत और विकसित समाज की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

महाराष्ट्र मंडल के सामूहिक लघु रुद्राभिषेक में महिलाओं ने किया पाठ

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल भवन के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में शुक्रवार को सुबह महा शिवरात्रि पर्व पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की अनूठी झलक देखने को मिली। यहां महिला शक्ति ने मंच पर बैठकर लगातार 3:30 घंटे लघु रुद्र पाठ किया और सामने सभागृह में बैठे 60 जोड़ों ने सामूहिक लघु रुद्राभिषेक किया। आचार्य चेतन गोविंद दंडवते के मार्गदर्शन में पंडितों और 25 सेवादारों की सेवाओं से महाराष्ट्र संस्कार केंद्र का महाराष्ट्र मंडल के साथ लगातार 23वां सामूहिक लघु रुद्राभिषेक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंचस्थ ज्योति कान्हे के निर्देशन में 11 महिलाओं ने रुद्र पाठ किया। आचार्य दंडवते ने कहा कि महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित भवन के सभागृह में महा शिवरात्रि पर्व का यह दूसरा वर्ष है। इस वर्ष दो नवविवाहित जोड़े ईशा- शुभम खानखोजे और सावरी- रोहित नेने ने पहली बार लघु रुद्राभिषेक किया। समूचे आयोजन में युवाओं का उत्साह अभूतपूर्व रहा। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने लघु रुद्राभिषेक में शामिल समस्त श्रद्धालुओं, छह वर्ष से लेकर 60 साल आयुवर्ग तक के सेवादारों, पंडितों योगेश दंडवते, वासुदेव गिरीभट्ट, अजय पोतदार, अभिषेक बक्षी और लघु रुद्रपाठ करने वाली महिलाओं ज्योति कान्हे, विशाखा तोपखानेवाले, सुचित्रा देशपांडे, रीता लोखंडे, रुपाली लोखंडे, स्मिता कोमजवार, आराधना शेष, स्वाति परमानंद, दीपांजलि भालेराव, ज्योति डोलस, अल्पना मोहदीवाले और अंजलि नलगुंडवार का आभार व्यक्त किया।

रायगढ़ में 3.67 करोड़ की लागत से तैयार होंगी खेल सुविधाएं : ओ.पी.चौधरी

- **पहली बार रायगढ़ में 9 खेल मैदानों में बॉक्स क्रिकेट कोर्ट होंगे तैयार**

रायपुर/नवप्रदेश। रायगढ़ के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी की पहल से शहर के विभिन्न खेल मैदानों को संवारने और बेहतर खेल सुविधाएं मुहैय्या कराने के उद्देश्य से 3.67 करोड़ की लागत से खेल अधोसंरचना तैयार होने जा रही है। रायगढ़ शहर में पहली बार युवाओं के रुचि को ध्यान में रखते हुए आधुनिक बॉक्स क्रिकेट कोर्ट बनाए जायेंगे। रायगढ़ शहर के 8 मैदान एवं नगर पंचायत पुसौर के 01 मैदान सहित कुल 9 स्थानों में यह बॉक्स क्रिकेट कोर्ट तैयार किया जाएगा। जिसमें रात में भी खिलाड़ियों के प्रेक्टिस करने के लिए लाईट के साथ सॉफ्टवेयर बेस्ड स्पॉट बुकिंग की सुविधा होगी। इसी तरह 10 जगहों पर बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए जाएंगे। जिसमें प्रमुख रूप से शहर के संजय मैदान रामभांठा, रामलीला मैदान, शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, पॉलीटेक्निक कॉलेज

मैदान, रायगढ़ स्टेडियम बोइरदादार, नटवर स्कूल मैदान जैसे स्थान शामिल हैं। इसके साथ ही विभिन्न खेल मैदानों में बाउंड्रीवाल भी तैयार किए जायेंगे। इसके लिए प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी। डीएमएफमद से उक्त कार्य करवाए जायेंगे। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने गत दिवस रायगढ़ प्रवास के दौरान इन खेल अधोसंरचनाओं के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल को निर्देश देते हुए कहा कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर तत्काल कार्य प्रारंभ कराया जाए। जिससे शहर के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को इन सभी सुविधाओं का लाभ जल्द मिल सके।

स्वीकृत कार्यों में संजय मैदान रायगढ़ में 49.80 लाख रूपये की लागत से बाउण्ड्रीवाल फेसिंग लाईट आदि निर्माण कार्य, संजय मैदान रायगढ़ में 8.71 लाख रुपये की लागत से बैंडमिटन कोर्ट तथा 20.33 लाख रुपये की लागत से बॉक्स क्रिकेट कोर्ट का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में 8.71 लाख रुपये की लागत से बैंडमिटन कोर्ट तथा 20.33 लाख रुपये की लागत से बॉक्स क्रिकेट कोर्ट का निर्माण कार्य किया जाएगा।

राज्य स्तरीय वर्ड पावर चैंपियनशीप 16 बच्चों ने स्टेट फिनाले राउंड में किया गुणवत्ता का अनोखा प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय वर्ड पावर चैंपियनशीप का आयोजन 05 और 06 मार्च को रायपुर के न्यू सर्किट हाउस के कन्वेंशन हॉल में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में सभी जिलों के शासकीय प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने ऑनलाईन और ऑफ्लाईन सहभागिता दर्ज कराई। प्री-फाइनल राउंड में 26 छात्रों और उनमें अव्वल आए 16 बच्चों ने 06 मार्च को स्टेट फिनाले राउंड में अपनी गुणवत्ता का अनोखा प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और लीपफॉरवर्ड के सौजन्य से किया गया।

राज्य स्तर पर आयोजित की गई वर्ड पॉवर चैंपियनशीप के फाइनल राउंड में तीन राउंड- रीडिंग, स्पेलिंग और मीनिंग के आयोजित किए गए। प्रतियोगिता विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर आने वाले छात्रों को चैंपियन ट्रॉफी सैमसंग टेबलेट, बायसिकल, ब्लूटूथ, स्पीकर और स्कूल किट से पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रथम स्थान पर आने वाले विजेता विद्यालय टावर स्पीकर विथ माइक और यूटीलिटी किट से सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को रनर-अप ट्रॉफी, बायसिकल और शिक्षकों को सम्मान स्वरूप यूटीलिटी प्रदान किया गया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को बायसिकल, ब्लूटूथ, स्पीकर और शिक्षकों को यूटीलिटी किट प्रदान किए गए। सेमीफाइनल राउंड में आए सभी 26 विद्यार्थियों को स्पोर्ट किट प्रदान किया गया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल छात्रों को संबोधित करते हुए राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के संचालक श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने कहा कि इस प्रतियोगिता ने बच्चों में काफी उत्साह का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि बच्चें अगले साल मेहनत और लगन से अपने लक्ष्य की तरफ बढ़े। इस अवसर पर राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अपर संचालक श्री जे. पी रथ, राज्य नोडल अधिकारी श्री डेकेश्वर वर्मा, ई.एल.टी.आई प्रमुख श्रीमती जे.सी. कुरियन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की मासिक गोष्ठी आहूत

रायपुर/नवप्रदेश। साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की मासिक गोष्ठी एल आई जी 8 डी डी नगर पर आहूत की गई। माँ सरस्वती व स्व शांति यदु के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया आद चितरंजन कर, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु,आशामानव, डॉ साधना कसार ने। वीणापाणि की मधुर वंदना ईरा पंत द्वारा हुई। सचिव नीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला । मासिक प्रतिवेदन का पठन किया मीना शर्मा ने तत्पश्चात आगाज़ हुआ काव्य पाठ का , सुनिता वर्मा के मंझे हुए संचालन में काव्य सरिता प्रवाहित हुई , काव्य सलिला पर डुबकी लगाने वाले साहित्यकार थे-- के पी सक्सेना ÷दुसरे÷ डॉ चितरंजन कर, सुरेंद्र रावल, आशामानव, डॉ जे के डागर , डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजु यदु , दिलीप वरवंडकर, अनिल श्रीवास्तव, नीता श्रीवास्तव, शशि मिश्रा, चंद्रकला त्रिपाठी, चंद्रकांता अग्रवाल, किरण वैद्य ÷कठिन÷ प्रदीप वैद्य, अंजु यदु, माधुरी कर, नीलिमा मिश्रा, मीना शर्मा, प्रज्ञा त्रिवेदी, डॉ साधना कसार, ईरा पंत, सुनिता वर्मा ने ।

छग में मार्च में ही गर्मी तोड़ेगी रिकॉर्ड, तापमान 40 डिग्री के जाएगा पार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में लगातार तापमान बढ़ने से गर्मी भी बढ़ते जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में गर्मी और बढ़ने वाली है। आने वाले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही मौसम शुष्क रहेगा। 15 मार्च तक ही प्रदेश में कुछ क्षेत्रों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है।

इस साल मार्च में दो साल पहले यानि मार्च 2022 की गर्मी का भी रिकार्ड टूट सकता है. इसके साथ ही अप्रैल और मई माह भी तपाने वाले रहेंगे. बहरहाल पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से फिलहाल तापमान बढ़ने के बाद भी गर्मी का प्रभाव थोड़ा कम है। प्रदेश भर में कोरिया का सोनहत सबसे ठंडा रहा. जहां का न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर की तेज धूप अब लोगों को चुभने लगी है। राजधानी का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा रह। आज राजधानी रायपुर सहित कई क्षेत्रों में बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने कहा कि प्रदेश का मौसम अब शुष्क ही रहेगा और आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी की उम्मीद है।

छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही भाजपा नेताओं की हत्या

इस तरह की घटना न हो ये रहेगी कोशिश : केदार कश्यप

रायपुर/नवप्रदेश। मंत्री केदार कश्यप ने नक्सली घटनाओं में लगातार भाजपा नेताओं की हो रही हत्या को लेकर बयान दिया है. उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना न हो ये कोशिश रहेगी. टारगेट किलिंग कोई छोटा-बड़ा नहीं होता, सभी एक बराबर होते हैं. हमारे बड़े नेताओं ने अपनी कुर्बानी दी है. वहीं उन्होंने अपनी सरकार की योजना और आगे की रणनीति को लेकर कहा कि हमने जनता से जो वादा किया था उसको पूरा कर रहे हैं. इसके साथ ही मंत्री कश्यप ने पीसीसी चीफ दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए अन्य मुद्दों पर बयान दिया है.

अग्रिम रणनीति को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि ये चुनावी रणनीति नहीं है. लोगों को जो वादा किया था, गारंटी दी थी उस संकल्प को पूरा करने तय किया है. चाहे महतारी वंदन हो या किसान भाइयों को 29 सौ का भुगतान हो. ये संकल्प हम 100 दिनों के अंदर पूरा कर रहे हैं, कांग्रेस तो चुनावी रण से बाहर है.कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर केदार कश्यप ने कहा कि नाराजगी किसके साथ में है, क्या है ? यह दीपक बैज बता पाएंगे. वो अपना कुनबा नहीं संभाल पा रहे हैं. कवासी लकमा, मोहन मरकाम को नहीं संभाल पा रहे हैं. वो तय नहीं कर पा रहे हैं कि बलि का बकरा किसको बनाया जाए.नक्सली घटना को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि अभी जो घटना घटी है, वह दुखद है. इस तरह की घटना न हो ये कोशिश रहेगी. इन सब की चिंता की जा रही है. जहां लगता है कोई टारगेट किलिंग स्थिति है. जैसे पखांजूर में घटना घटी और दोषी सामने आया है. उसकी जांच कार्रवाई की जाएगी. टारगेट कोई छोटा बड़ा नहीं होता सभी एक बराबर होते हैं. हमारे बड़े नेताओं ने अपनी कुर्बानी दी है.कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर मंत्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरीके से 5 वर्ष में लुटने का काम किया और प्रदेश को चलाया है. भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है, कार्यकर्ता की पार्टी है और कार्यकर्ता ही पार्टी चलाते हैं.

सीआईटी की होगी स्थापना

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) की तर्ज पर प्रदेश में भी छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) की स्थापना होगी। इसके लिए कवायद तेज हो गई है।

इस बार के बजट में इसके लिए प्रावधान भी किया गया है। खास बात यह है कि, इन संस्थानों में सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल जैसे परंपरागत ब्रांच नहीं होंगे। इसकी जगह वर्तमान दौर के मुताबिक रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर साइंस, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग समेत अन्य नए कोर्स के ब्रांच खुलेंगे। जानकारों का कहना है कि गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज (जीईसी) के अलावा अन्य कॉलेजों में पहले से ही सिविल, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रॉनिक. एंड टेलीकम्युनिकेशन, मैकेनिकल, माइनिंग जैसे ब्रांच हैं। इसलिए सीआईटी में यह कोर्स नहीं होंगे। राज्य के 11 लोकसभा क्षेत्रों में सीजीआईटी बनाए जाएंगे।

आय में वृद्धि तथा जीवन में बदलाव लाने के लिए एकीकृत कृषि को अपनायें किसान-वित्त मंत्री

- **वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी जुर्डा में आयोजित जिला स्तरीय पशु मेला में हुए शामिल**

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी आज पशुधन विकास विभाग द्वारा विकासखंड रायगढ़ के ग्राम जुड़ा में नेशनल लाइवस्टॉक मिशन अन्तर्गत आयोजित जिला स्तरीय पशु मेला, उत्सव, प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में शामिल हुए।

उन्नत तकनीक, अच्छी ब्रीड के पशु-पक्षी एवं फसल उपयोग से कर सकते हैं अच्छी कमाई

किसानों की आय में वृद्धि करने एवं उनके जीवन में बदलाव लाने के लिए हमें कृषि के साथ किए जाने वाले एकीकृत कृषि जैसे विधिक कार्य को बेहतर तरीके से करना होगा, जिससे ज्यादा कमाई हो सके। उन्होंने कहा कि धान के फसल से अधिक कमाई उद्यानिकी फसलों में है, किसानों को धान का पैसा मिल ही रहा है, तो हमें यह सोचना होगा कि धान से अधिक कमाई किस फसल या कार्य में है।

प्रदेश में पहली बार लागू होगी अहाता नीति

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार पहली बार शराब दुकानों के लिए अहाता पॉलिसी लाने जा रही है। अहाता चलाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड टेंडर करेगी। इसमें लाइसेंस की राशि निर्धारित की जाएगी।

जिसे भी टेंडर मिलेगा, उसे अहाता चलाने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा। इससे सरकार को शराब के अलावा 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। सूत्रों के अनुसार अप्रैल से नई अहाता पॉलिसी लागू हो जाएगी। आबकारी अधिकारियों ने बताया कि पिछली सरकार में भी अहाता पॉलिसी पर काम किया गया था, लेकिन लागू नहीं हो पाया। नेताओं और अधिकारियों ने अपने ?करीबी लोगों को अहाता दे ?दिया था। इससे सरकार को किसी तरह के राजस्व की प्राप्ति नहीं हो रही थी। अधिकांश शराब दुकानों के पास अवैध अहाता खोले लिए गए थे। सरकार अब अहाता चलाने के लिए सिस्टम बना रही है।

आबकारी अधिकारियों ने बताया कि अहाता चलाने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा। अभी जो पॉलिसी बनाई जा रही है, उसके तहत 2 से 3 करोड़ रुपए अहाता चलाने वाले को देना होगा। दुकान की सेलिंग जितनी होगी, उसके अनुसार प्रतिशत तय किया जाएगा। इसे 12 किस्तों में देना होगा। लाइसेंस एक साल के लिए दिया जाएगा। अहाता पॉलिसी लागू होने के बाद शराब दुकान के 100-150 मीटर की परिधि में कोई दूसरा व्यक्ति चखना सेंटर नहीं खोल सकेगा।

उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टरों को निर्देश

- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार प्रौढ़ शिक्षा अब 'सभी के लिए शिक्षा' के नाम से जाना जाएगा**

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कलेक्टरों से कहा है कि जिले की स्थिति के अनुसार रणनीति बनाकर कार्य प्रारंभ करें। प्रत्येक सप्ताह समय सीमा की बैठक में समीक्षा कर सघन मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें।

स्कूल शिक्षा सचिव द्वारा जिला कलेक्टरों को जारी पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 की अनुशंसानुसार नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्यक्रम के पाँच प्रमुख घटक हैं- बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, जीवन कौशल (वित्तीय, डिजिटल, कानूनी, मतदान साक्षरता इत्यादि), व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा (समतुल्यता कार्यक्रम) और सतत् शिक्षा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्रौढ़ शिक्षा अब सभी के लिए शिक्षा के नाम से जाना जाएगा। यह कार्यक्रम 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के लोगों के लिए है। यह कार्यक्रम 2027 तक संचालित किया जाना है। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की कार्यकारिणी के पदेन अध्यक्ष कलेक्टर होंगे।

एनएमडीसी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हेल्थ टॉक का किया आयोजन

हैदराबाद/नवप्रदेश। एनएमडीसी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर परमुख्यालय हैदराबाद में महिला कर्मचारियों के लिए एक हेल्थ-टॉक का आयोजन किया। अपोलो अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. साई लक्ष्मी ने महिला स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति जागरुकता विषय पर व्याख्यान दिया ।

इस सत्र का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर सहित महिलाओं के लिए बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों पर जागरूकता बढ़ाना था। डॉ. साई लक्ष्मी ने रोग को नियंत्रित करने केलिए समय पर रोग की पहचान तथा निवारक उपायों के साथ-साथ स्क्रीनिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार

,निदेशक (तकनीकी) एनएमडीसी ने कहाकि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन के अवसर पर समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का स्मरण होता है। वर्ष 2023 में महिला श्रम भागीदारी दर 37त्न यह स्पष्ट करती है कि भारत के 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के विजन को प्राप्त करने में महिलाओं का योगदान उल्लेखनीय है।

डॉ. साई लक्ष्मी ने अपने व्याख्यान के दौरान कहा, कि च्भारतीय महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर सर्वाधिक पाया जाता है, इसलिए निवारक उपायों के बारे में जागरुक रहना महत्वपूर्ण है। एनएमडीसी द्वारा निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण प्रदान करने की पहल अनुशंसनीय है और यह शीघ्र रोकथाम में सहायक भी है।''

एचवाईबीआईजेड ने उद्योग क्षेत्र में अग्रणी महिलाओं के लिए च् आवार्ड -शोज् का आयोजन किया। इस अवसर पर श्रीमती जी अनुपमा,महाप्रबंधक (वित्त एवं विशेष तकनीकी अधिकारी, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक) और श्रीमती पी. शांति महाप्रबंधक (वाणिज्य) को वित्त श्रेणी में एचवाईबीआईजेडमहिला नेतृत्व पुरस्कार-2024 प्रदान किया गया। यह निगम के वित्त एवं कार्यनीति प्रबंधन में इनके बहुमूल्य योगदान एवं बहुमुखी विशेषज्ञता को दर्शाता है जिससे निगम को महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करने में सहयोग प्राप्त हुआ है।

नेशनल हॉर्टिकल्चर फेयर 2024 में किसानों ने सीखे उन्नत उद्यानिकी के गुर

रायपुर/नवप्रदेश। कर्नाटक की राजधानी बैंगलुरू में आयोजित नेशनल हॉर्टिकल्चर फेयर में छत्तीसगढ़ के किसानों ने हॉर्टिकल्चर के उन्नत तकनीक के गुर सीखे। विगत फरवरी माह में हुए इस आयोजन में बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव, कोरबा, मुंगेली, खैरागढ़, सरगुजा, बालोद और दुर्ग जिले के 98 किसानों और तकनीकी सहायकों ने हिस्सा लिया।

बैंगलुरू में आयोजित नेशनल हॉर्टिकल्चर फेयर में देश के विभिन्न राज्यों के शासकीय उद्यानिकी विभागों के साथ-साथ उद्यानिकी से जुडे स्टेक होल्डर्स, उद्योग, अनुसंधान आदि द्वारा स्टॉल लगाकर उद्यानिकी के उन्नत एवं नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इस मेले में बागवानी से जुड़े कई विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गई जैसे संरक्षित खेती, मृदारहित खेती-कोकोफोनिक्स और हाइड्रोफोनिक्स, मूल्य संवर्धन एवं अपशिष्ट उपयोग आदि। साथ ही बागवानी की पुष्प एवं फल प्रदर्शनी भी लगाई गई। यह मेला कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केन्द्र (आई.सी.ए.आर.)-भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आई.आई.एच.आर.), बैंगलुरू के द्वारा आयोजित किया गया था।

गौरतलब है कि आई.सी.ए.आर.के तहत आई.आई.एच.आर. बेंगलुरु एक शीर्ष संस्थान है जो सफल बागवानी हेतु नित नए तकनीक विकसित करता है। इन्ही अत्याधुनिक तकनीकों से उद्यानिकी किसानों को अवगत कराने हेतु संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर मेला आयोजित किया जाता है जिसमे कार्यशाला के माध्यम से कृषकों को प्रशिक्षित किया जाता है।

सुविचार

नारी सृष्टि की सर्वोत्तम कृति है। वह सृष्टि के संपूर्ण सौंदर्य को अपने में आत्मसात किए रहती है। - अज्ञात

संपादकीय

सवाल महिलाओं की सुरक्षा का

हर साल की तरह इस बार भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में महिलाओं के उत्थान की बड़ी बड़ी बातें की गई और ऐसा करके सभी ने अपने कर्तव्य की इतिश्री मान ली। आजादी के सात दशकों बाद भी हमारे देश की आधी आबादी अपने पूरे हक के लिए संघर्षरत हैं। ऐसा नहीं है कि महिलाओं के उत्थान के लिए सरकारों ने कोई कदम नहीं उठाए हैं। समय समय पर महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा देने और आर्थिक रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित की गई। इसका महिलाओं को कुछ हद तक लाभ भी मिला लेकिन आज भी देश में अधिकांश महिलाएं पुरूष प्रधान इस समाज में हासिए पर हैं। सबसे बड़ा सवाल तो महिलाओं की सुरक्षा का है। आज महिलाएं न तो घर में सुरक्षित हैं न ही बाहर सुरक्षित हैं। महिलाओं के प्रति अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ता ही जा रहा है। नेशनल क्राइम ब्यूरो के मुताबिक पिछले 10 सालों में महिलाओं के प्रति अपराध में 70 प्रतिशत वृद्धि हुई हैं। एक दशक के दौरान महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में सिर्फ 23 प्रतिशत आरोपियों को ही सजा मिल पाई है। आज भी देश में हर एक घंटे के भीतर महिला उत्पीड़न की 50 घटनाएं हो रही हैं। जिस देश में नारी को नारायणी माना जाता हो वहां महिलाएं उत्पीड़न का शिकार हो रही हों। यह हमारे देश के लिए शर्म की बात है। कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियां आज भी हमारे समाज में विद्यमान हैं। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान जरूर चलाया जा रहा है। लेकिन लोगों की मानसिकता अभी भी नहीं बदली है। पढ़ाई के मामले में बेटी की जगह बेटों को ही प्राथमिकता दी जा रही है। जबकि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपने आप को साबित करके दिखाया है। महिलाओं पर किस कदर अमानुषिक अत्याचार हो रहा है। इसका ज्वलंत उदाहरण बंगाल के संदेशखाली की देश को शर्मसार करने वाली घटना है। जहां पिछले एक दशक से बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी के एक नेता और उनके गुर्गों द्वारा गांव की महिलाओं के साथ लगातार अनाचार किया जाता रहा। उन्हें इस कदर प्रताड़ित किया गया कि वे अपने साथ होने वाले अन्याय का प्रतिकार करने से भी डरती रही। कमोबेश ऐसी ही स्थिति अन्य प्रदेशों की भी है। देश की राजधानी नई दिल्ली में तो लड़कियां और महिलाएं सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। ऐसे में जब तक महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकारें कठोर कदम नहीं उठाती। तब तक महिलाओं की सुरक्षा का सवाल देश के सामने मुंह बाएं खड़ा ही रहेगा। जब तक नारी उत्पीड़न शब्द को शब्दकोश से मिटाया नहीं जाएगा। तब तक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की सार्थकता सिद्ध नहीं हो पाएगी।

दुर्घटना रोकने और प्रभावी पहल जरूरी

छत्तीसगढ़ जैसा छोटा सा प्रदेश यदि सड़क दुर्घटनाओं के मामले में देश में 12 वें स्थान पर है। और वहीं रायपुर जिला पूरे देश में आठवें नंबर पर है तो यह गंभीर चिंता का विषय है। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रभावी पहल निहायत जरूरी है। ताकि लोग सड़क दुर्घटना का शिकार होकर असमय ही काल का ग्रास न बने। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रोड सेफ्टी एंड इंफोर्समेंट कार्यशाला संपन्न हुई। इसमें विशेषज्ञों ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अब जरूरत इस बात की है कि इन सुझावों को अमलीजामा पहनाया जाए। वैसे इस कार्यशाला में एक बात यह सामने आई है कि जनवरी 2023 की तुलना में जनवरी 2024 में सड़क दुर्घटना के मामले 9 प्रतिशत कम हुए हैं। और मौत के मामलों में भी 7 प्रतिशत की कमी आई है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से जुर्माने के रूप में 10 करोड़ रुपए वसूले गए हैं। यह जुर्माना ही बताता है कि वाहन चालक किस तरह से यातायात नियमों का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियमों की अनदेखी के कारण ही होती हैं। शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होना इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता का अभाव है। वैसे इस साल यातायात विभाग ने लगभग दो हजार जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किए हैं। यह जागरूक ता अभियान लगातार जारी रखना चाहिए। इसी के साथ यातायात नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन भी सुनिश्चित करना होगा। शराब या अन्य किसी प्रकार के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही का प्रावधान होना चाहिए। क्योंकि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं शाम से देर रात के बीच होती है। और मुख्य वजह वाहन चालक का नशे में होना होता है। जब तक इसके लिए बनाए गए कानूनों का सख्तीपूर्वक पालन नहीं कराया जाएगा। तब तक बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पाएगा। यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली में भी सुधार निहायत जरूरी है। अभी देखा यह जाता है कि यतयात पुलिस का महकमा सिर्फ अवैध वसूली में ही लगा रहता है। यातायात पुलिस यदि अपना कर्तव्य ईमानदारी से निभाए तो सड़क दुर्घटना में काफी कमी आ सकती है।

आशीष वशिष्ठ

सालों तक परिवार से विरक्त रहा हूं। लेकिन एक दिन भी भूखा नहीं रहा। इसीलिए मैं कहता हूं कि यही मेरा परिवार है। 140 करोड़ देशवासी ये मेरा परिवार है।' देश के राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटे तो पीएम मोदी पर लगातार कांग्रेस और विपक्ष अभद्र टिप्पणी और निजी हमले करते रहे हैं। कभी पीएम मोदी को रावण कहा गया तो कभी जहरीला सांप, कभी मौत का सौदागर कहा गया तो कभी चैकीदार चोर है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि विपक्ष लगातार हमले करते रहा और पीएम मोदी सहजता से उन हमलों और टिप्पणियों को अपना हथियार बनाते रहे। इस बार भी कुछ वैसा ही देखने को मिल रहा है। विपक्ष ने बैठे बैठाए भाजपा को मुद्दा थमा दिया है। भाजपा को 'मोदी का परिवार' अभियान विपक्ष को भारी पड़ने वाला है।

विपक्ष को भारी पड़ेगा 'मोदी का परिवार' अभियान

20 सितंबर 2018 को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजस्थान में आदिवासी जिले डूंगरपुर के सागवाड़ा में एक जनसभा में एक कहावत का उपयोग करते हुए राफेल मामले में प्रधानमत्री पर अमर्यादित टिप्पणी की। इस दौरान उन्होंने पीएम पद की गरिमा का खयाल भी नहीं रखा। राहुल गांधी ने कहा, 'गली-गली में शोर है, देश का चैकीदार चोर है।' राहुल गांधी की चैकीदार चोर की टिप्पणी के बाद पूरे देश में इस शब्द को लेकर ही आंदोलन शुरू हो गया था। बीजेपी के तमाम नेताओं ने अपने नाम के आगे 'मैं भी चैकीदार' जैसे शब्द लिखने शुरू कर दिए थे। बाद में, चौकीदार चोर है का नारा देने के कारण राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी थी। 3 मार्च 2024 को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली में इंडी अलांयस की रैली में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पीएम मोदी के परिवारवाद वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि उनकी कोई संतान नहीं है। वो पत्नी के साथ नहीं रहते। कैसे जानेंगे कि परिवार क्या होता है?

लालू प्रसाद आपत्तिजनक टिप्पणी के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के अदिलाबाद में जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने विपक्ष की ओर से उनके परिवार को लेकर किए गए हमले का परोक्ष रूप से जवाब दिया। पीएम ने कहा, 'मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है।'ठ पीएम मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद ही भाजपा ने नए अभियान की शुरुआत कर दी।

अभियान का नाम दिया गया 'मोदी का परिवार।' फिर क्या था बीजेपी के तमाम आला नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना बॉयो बदल दिया। वास्तव में, लालू के हमले को ही मोदी ने हथियार बनाते हुए अपने चुनावी अभियान में शामिल कर लिया। साल 2019 में भी पीएम मोदी ने विपक्ष के हमले से ही एक ऐसा हथियार निकाला और इस तरह अभियान चलाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस की सारी कोशिशें ध्वस्त हो गई थीं और भारतीय जनता पार्टी 2014 की तुलना में बड़ी जीत के साथ सत्ता में वापसी की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने एक्स पर अपने बॉयो में 'मैं भी चौकीदार' लिखकर इस अभियान की शुरुआत की थी। यह अभियान तेजी से वायरल हो गया और बड़ी संख्या में बीजेपी के छोटे-बड़े नेताओं ने अपनी बॉयो में 'मैं भी चैकीदार' लिखना शुरू कर दिया। गली-गली पोस्टर लग गए. सिर पर टोपी आई जिस पर लिखा था- मैं भी चौकीदार. हर बड़ी हस्ती खुद को चैकीदार बताने लगी थी। चायवाला बनकर अगर पीएम रिक्शा, रेहड़ी-पटरी वाले तबके से जुड़ते हैं तो 'मैं भी चैकीदार' से उन्होंने एक बड़े तबके को खुद से जोड़ने की कोशिश की. वो प्रयोग

सफल रहा।यह अभियान चुनाव खत्म होने तक जारी रहा। 2019 में जहां मैं भी चैकीदार नारा चर्चा में आया था तो वहीं अबकी बार मोदी का परिवार सुर्खियों में है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इस बार विपक्ष ने फिर से वही गलती कर दी है। 2014 के चुनाव में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने पीएम मोदी पर एक और हमला किया था। अय्यर ने कहा था कि वो चायवाला क्या प्रधानमंत्री बनेगा। इस बयान पर भाजपा कांग्रेस पर लगातार हमलावर रही थी। पीएम ने अय्यर की टिप्पणी पर जवाब अपने ही अंदाज में दिया था। मोदी ने चुनावी कैंपेन के दौरान खुद को चायवाला बताकर कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए थे। इस बयान को मुद्दा बनाया गया था और चाय पर चर्चा कार्यक्रम रखे गए थे। उस वक्त भी इसी तरह बीजेपी ने उनके इस बयान को लपका था। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उस वक्त ना सिर्फतालकटोरा स्टेडियम के बाहर चाय बेची थी बल्कि बीजेपी की लोकसभा चुनाव की पूरी रणनीति ही 'चाय' पर केंद्रित हो गई थी। 2007 में गुजरात चुनाव के दौरान सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को 'मौत का सौदागर' बताया था। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने 2017 में पीएम मोदी को नीच इंसान बताया था, गुजरात चुनाव के दौरान दिया गया ये नारा भाजपा ने जातिवाद से जोड़ दिया था। पीएम ने पलटवार करते हुए कहा कि, कांग्रेस के लोग मुझे नीच कहते हैं। गुजरात के बेटे के इन शब्दों का प्रयोग कांग्रेस को भारी पड़ेगा। प्रदेश के नतीजे इसके गवाह होंगे। 2017 के चुनाव में बीजेपी ने षानदार विजय हासिल की थी।

2019 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की अगुआई वाले एनडीए गठबंधन को बड़ी जीत हासिल हुई थी। भाजपा ने 2014 में 282 सीटें जीती थी। वहीं 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने अकेले तीन सौ के आंकड़ों को पार किया और 303 सीटों पर जीत का परचम लहराने में सफल रही। अन्य सहयोगी पार्टियों के साथ ने इस जीत को और प्रचंड बना दिया। एनडीए ने लोकसभा की कुल 353 सीटों पर कब्जा किया, वहीं कांग्रेस की अगुवाई वाला यूपीए 92 सीटों पर सिमट कर रह गया। कांग्रेस के अकेले प्रदर्शन की बात करें तो काफी खींच-तान के बाद पार्टी को महज 52 सीटों पर सफलता मिली। भाजपा की इस बड़ी जीत के बाद भारतीय राजनीति में विपक्ष के सामने एक बार फिर अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया था। 2014 के चुनावों की बात करें तो कांग्रेस महज 44 सीटों पर जीत हासिल कर पाई थी और उस बार भी सदन को विपक्ष का नेता नहीं मिल पाया था।

2019 के आम चुनाव में विपक्ष की ओर से राहुल गांधी पीएम मोदी के मुकाबले मैदान में थे। इस बार इंडी अलांयस मैदान में तो है, लेकिन उसकी ओर से कोई सर्वसम्मत चेहरा मैदान में नहीं है। विपक्ष को समझना चाहिए कि भाजपा के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में चमत्कारी चेहरा है। उनकी नीतियों और फैसलों में खामी ढूंढकर जनता के सामने रखा जा सकता है लेकिन जब पीएम खुद को सबसे बड़ा ओबीसी नेता बता रहे हों, चुनाव करीब हो तब विपक्ष की एक गलती सारे समीकरण गड़बड़ा सकती है। अब परिवार वाले तंज पर ही देखिए कैसे पीएम ने रैली में भावुक अंदाज में देशभर के लोगों तक मैसेज पहुंचा दिया। हां, पीएम ने कहा, 'मेरा भारत-मेरा परिवार, इन्हीं भावनाओं को लेकर मैं आपके लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा।' पश्चिम बंगाल के बारासात में नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आज देश का हर गरीब, हर किसान, हर नौजवान, हर बहन-बेटी कह रही है कि मैं हूं मोदी का परिवार।

आज का इतिहास

1822 न्यूयॉर्क के चार्ल्स ग्राहम ने कृत्रिम दांतों के लिए पहला अमेरिकी पेटेंट दिया। 1822 चार्ल्स एग ग्राहम ने पहली बार नकली दांतो का पेटेंट कराया। 1842 कैलिफोर्निया में सोने की पहली प्रलेखित खोज कैलिफोर्निया गोल्ड रश से छह साल पहले रैंचो सैन फ्रांसिस्को में हुई थी। 1860 संयुक्त राज्य अमेरिका का पहला जापानी दूतावास सैन फ्रांसिस्को में स्थापित किया गया। 1860 जापान ने पहली बार अमेरिका में अपना राजदूत नियुक्त किया। 1896 अडवा में हार पर राष्ट्रीय आक्रोश के बाद जवाब में इतालवी प्रधानमंत्री फ्रांसिस?को क्रिस्पी ने इस्तीफा दिया। 1944 द्वितीय विश्व युद्ध-नरवा की लड़ाई के हिस्से के रूप में, सोवियत वायु सेना ने टालिन, एस्टोनिया पर भारी बमबारी की, जिसमें 800 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर अमेरिकी थे। 1945 द्वितीय विश्व युद्ध-ए-बम पर अमेरिकी बी -29 भारी बमवर्षकों ने बमबारी शुरू कर दी, जिसमें 100,000 से अधिक लोग मारे गए। 1946 जूहो कुस्ति पासीकिविन फिनलैंड के राष्ट्रपति बने।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बदल गई हैं औरतें !

कर दिया घूँघट के भीतर से ही मना औरतों ने हाथ के इशारों से नहीं जाएँगी बुलावे पर रोने के लिए और करने लगीं ठिठौली बतियाने लगीं आपस में गाँव के बाहर बनाए गए जात के कुएँ की मुँडेर के पास ! कुछ बुनने लगीं अपनी कथाएँ कि बढ़ गए हैं अपने ही रोने बहुत कहाँ-कहाँ जाएँ रोने नक़ली रोना पीटने छातियां ज़ोर-ज़ोर से फेफड़े भी हो गए हैं कमज़ोर कूट-कूटकर धान ज़मींदार का !जान गई थीं औरतें अच्छे से हो गया है वक़्त यात्रा के आने का बुलाया गया था जहां रोने के लिए गूंजने लगा था शोर कानों में शहर से लाए गए बैंड-बाजों का पर चलती रही औरतें बतियाती हुई बीच रास्ते में, घेरकर पूरी सड़क ! बदल गई हैं औरतें गाँव की रोना नहीं चाहती हैं अब कोई कहतीं हैं बड़ी संजीदगी के साथ खुश होने का हो काम तो बताइए !

श्रवण गर्ग

खास पाती

बर्फ यादों की फिर जमी सी

बर्फ यादों की फिर जमी सी है फिर निगाहों में इक नमी सी है बैठ आकर कभी करीब मिरे क्यों रुठी आज चांदनी सी है हो रही मुझसे मोह्बत शायद आज आँखे भी कुछ झुकी सी है टूटने अब लगा नशा उनका अंगड़ाई ले वो उठी सी है वो उठे बज्म से मिरी प्यासे क्यों नदी जिस्म की थमी सी है छेड न बात फिर पुरानी वो चोट मुश्किल से वो दबी सी है याद आते ही छलकता दरया घर में अपनों की इक कमी सी है दें गया कौन गम उसे फिर से वंदना आज वो हँसी सी है।

वंदना गोयल

पैसों के लिए की जाने वाली नौकरियों

पैसों के लिए की जाने वाली नौकरियों में उसूलों से समझौते और श्रमिक के तौर पर अपना शोषण करवाने को तैयार रहे क्योंकि तुम्हारा शोषण ही मालिकों की बचत है, ये तुम्हारी कायरता, कमजोरी और उनके हौसला का फल है। **इंदु वत्स**

मैं उम्र के उस पड़ाव पर तुमसे भेंट

मैं उम्र के उस पड़ाव पर तुमसे भेंट करना चाहती हूं जब देह छोड़ चुकी होगी देह के साथ खुलकर तृप्त होने की इच्छा और हम दोनों के ह्रदय में केवल बची होगी निस्वार्थ प्रेम की भावना क्या ऐसी भेंट का इंतजार तुम भी करोगे। **सरिता शैल**

तन्हाइयों मे यादों का शोर

तन्हाइयों मे यादों का शोर, भीड़ मे चेहरा नज़र नही आता। जाऊँ तो कहाँ जाऊँ , कोई कोना नज़र नही आता। महफिल रौशन मसनद सजी हुई, नज़रों मे धुंद ,अपना नज़र नही आता।

शिखा लाहिरी

इमारत परछाई तलाशे खिड़कियां

इमारत परछाई तलाशे खिड़कियां तलाशे रोशनी वो इश्क लिए हाथों में पैसों की बात करते है नज़र आएं तो भी साथ नज़र न आएं की बात करते है कहते हैं अच्छाईयां खो रहीं 'तुम्हारी' इस धर्म के आडंबर में तुम विषाक्त हो चुकें हमारे हाथ भोज न कर पाओगे तुम हिन्दू, हिन्दू तत्व करो तुम भुखे मर जाओगे.. ज्ञानियों का गीत जब तक तुम नहीं गाओगे? तुम होगे भस्मासुर! हमसे पार कहां पाओगे? निर्धन हो तुम्हारा ज्ञान स्वीकार नहीं तो अज्ञानी कहलाओगे! देवताओं के भय में यहां असुरों का राज है । तुम बेवकूफ हो तुमसे भी बेवकूफये तुम्हारा समाज है। **जय बरूआ**

अवश्य ही निर्लेप्ता, स्वतंत्रता का,

अवश्य ही निर्लेप्ता, स्वतंत्रता का, सर्वोत्तम प्यार्यवाची है।, और एक अनिच्छा से भरा व्यक्ति जगत की सबसे कठिन, और सबसे सरल, इकाई होता है।, आप उसे कुछ देकर, उसमे कुछ बढ़ा नही सकते, आप उस से कुछ लेकर उसके अस्तित्व से कुछ घटा भी नही सकते। क्योंकि, किसी के भीतर के अवकाश हो तो भरा जा सकता है किसी के भीतर के आकाश को नही। **कुलदीप वर्मा**

बेपनाह चाहत की रोशनाई

बेपनाह चाहत की रोशनाई भी न लिख सकी प्यार को, इक नज़र उसकी ले गई, दिल के चैनों-करार को। था जिसको गुमान , अपनी आशिकी पर पल मे भीखारी बना गई, उसके प्यार को।।- **अजय श्री**

झूठ की प्रीति हम को दिखाओ

झूठ की प्रीति हम को दिखाओ नहीं। प्रीति की रीति क्या है बताओ नहीं।। हुस्न की हर अदा से वाकिब अभिज्ञ। ये अदाएं दिखाकर लुभाओ नहीं ।। **अजय मिश्र अभिज्ञ**

प्रेरक प्रसंग

सशर्त दान

एक विदेशी पादरी जुगलकिशोर बिरला के पास आर्थिक सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से पहुँचे और बोले-मैं आपसे यह अपेक्षा लेकर आया हूँ कि मेरी आर्थिक मदद करें।

बिरला जी यह अच्छी तरह जानते थे कि अधिकतर पादरी धन का लालच देकर हिंदुओं को ईसाई बना लेते हैं। फिर भी उन्होंने उस पादरी को निराश लौटाना उचित नहीं समझा। धन देने के साथ ही उन्होंने अपनी शर्त बताते हुए कह दिया, आप इस धन को केवल ईसाइयों के लिए खर्च करें, हिंदुओं के लिए नहीं।

ईसाई पादरी श्री बिरला जी से प्रभावित हुआ, साथ ही उनकी धर्मनिष्ठा देखकर स्तब्ध भी रह गया।

QUIZ TIME

1) किस महिला को पहली बार महाराष्ट्र के चीनी उद्योग के लंबे इतिहास में प्रतिष्ठित पर्यावरण अधिकारी पुरस्कार दिया गया?

2) कैसिया फिस्टुला किसका वैज्ञानिक नाम है?

3) मनुष्य में कौन सा जीन लिंकेज ग्रुप नंबर 11 पर स्थित है?

4) कौन सा हिस्सा अंतरिक्ष मिशन पर जाने वाले यान का पहला हिस्सा होता है, तथा ये किसी भी स्पेस शिप को उड़ान भरने की ताकत देता है?

5) उस्ताद राशिद खान किस हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत घराने से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दीपा पुंडे (2) अमलतास (3) हीमोफीलिया और कलरब्लाइंडनेस (4) प्रोपल्शन मॉड्यूल (5) रामपुर सहसवान घराना

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -356

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 355 का हल

मै	दा	न		स	र	ग	म	
त्री		सी			क्षा		धु	री
	सा	ह	स				र	
स्वा	ग	त		स	म	झौ	ता	
व	र			र				म
लं		वि	ला	स			दा	म
बी	न		ज		सा	मा	न	ता
	ज		वा	हि	या	त		
त	र	की	ब		ना		खा	ली

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:47, सूर्यास्त : 06:28, चन्द्रोदय : 29:57, चन्द्रास्त :16:04, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : फाल्गुन, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : धनिष्ठा, योग : सिद्ध, प्रथम करण : गर (11:41 तक), द्वितीय करण : वणिज (21:57 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : कुम्भ (21:20 से), मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:04 से 12:51, अमृत काल : 22:43 से 24:08, सर्वार्थसिद्धि योग : 06:35 से 10:41, विजय मुहूर्त : 14:25 से 15:12, गोधूलि मुहूर्त : 18:18 से 18:43, सायाह्न सन्ध्या : 18:21 से 19:34, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:52, राहुकाल : 09:00 से 10:30,राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:24 से 16:52, होमाहुति : केतु, दिशाशूल : पश्चिम, अग्निवास : पृथ्वी, भद्रावास : मृत्यु (21:57 से), चन्द्रवास : दक्षिण (पश्चिम 21:20 से)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आप आराम से समय बिताना पसंद करेंगे लेकिन घरेलू कारणों से मनोकामना पूर्ति सम्भव नही हो पाएगी।

वृषः आज के दिन आप शांति की तलाश में रहेंगे लेकिन कोई न कोई प्रसंग मानसिक रूप से अशांत ही बनाये रखेगा।

मिथुनः आज के दिन आप अधिकांश कार्य हड़बड़ाहट में करेंगे। खुद जल्दी से किसी कार्य को करने के लिए तैयार नही होंगे।

कर्कः आज के दिन आप अपनी इच्छाओं की पूर्ति थोड़े व्यवधान के बाद कर सकेंगे। घर मे किसी बात को लेकर माता से ठनेगी प्रेम से व्यवहार कर ही बात मनवाई जा सकती है।

सिंहः आज का दिन बीते दिनों की अपेक्षा राहत भरा रहेगा। घर मे कुछ समय के लिए कोई पुराने प्रसंग छिड़ने पर अशांति बनेगी मूकदर्शक बन कर रहे अन्यथा सारा दिन व्यर्थ मानसिक उलझनों के कारण बर्बाद होगा।

कन्याः आज आप कार्य व्यवसाय को लेकर परेशान रहेंगे भाग दौड़ के पक्ष में नही रहेंगे फिर भी ना चाहकर भी करनी ही पड़ेगी।

तुलाः आज भी आपका जिद्दी स्वभाव घर मे कलह का कारण बनेगा विशेष कर माता को अधिक कष्ट होगा लेकिन पिता के साथ अच्छी जमेगी।

वृश्चिकः आज का दिन धन लाभ वाला है विशेष कर व्यवसायियों को पूर्व में कई मेहनत का फल अवश्य ही किसी न किसी रूप में मिलेगा।

धनुः आज के दिन आपका स्वभाव उदासीन रहेगा किसी से भी ज्यादा व्यवहार नही रखेंगे। आर्थिक एव व्यावसायिक दृष्टिकोण से यह आपके लिए आज हितकर भी रहेगा।

मकरः आज के दिन आपका स्वभाव रहस्यमय रहेगा।

कुंभः आज के दिन आप अपनी ही आदतों के कारण अंदर ही अंदर परेशान रहेंगे।

मीनः आज का दिन सार्वजनिक क्षेत्र और कार्यो से सम्मान दिलाएगा।

न्यूज गैलरी

स्कंदाश्रम हुड़को में महारुद्रम

भिलाई। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य मे 5 से 9 मार्च महारुद्रम का आयोजन स्कंद्श्रम हुड़को मे भिलाई मे किया गया। महाशिवरात्रि पर्व का यह 15वा वर्ष है। 9 मार्च प्रातः 9 बजे से हवन कलश अभिषेकम तथा भगवान शिव की महादीप आराधना की जाएगी। 11 वेदाचर्यो द्वारा 1 बार रुद्रम एवं चमकम 11 बार एकादशी रुद्रअभिषेकः 11 वेदचर्यो द्वारा 11 बार रुद्रम एवं चमकम का 121 बार महरुदम 11 वेदाचर्यो द्वारा 11 बार 11 काल मे रुद्रम और चमकम का जाप 1331 बार जाप 11 बार ईस्वर के स्वरूपो को ध्यान मे रखकर किया जाता है। सेलम तमिलनाडू के ब्रामहश्री भाग्यराज शात्रीगल एवं उनके सहयोगी शास्त्रियों द्वारा महारुद्रम जाप को सम्पन्न कराया गया। स्कंद्श्रम के संस्थापक आचार्य ब्रामलिन मणिस्वामी के आशीर्वाद मे सम्पन्न हुआ।

नोडल अधिकारी नियुक्त

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी नें जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में 10 मार्च को जिला मुख्यालय में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन (जिला स्तरीय कार्यक्रम) के सफल संचालन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार संबंधित नगर निगम हेतु आयुक्त नगर निगम और जनपद क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नोडल अधिकारी बनाये गये है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 10 मार्च को जिला स्तरीय महतारी वंदन सम्मलेन का आयोजन विवेकानंद हॉल दुर्ग में किया जाएगा। इसी प्रकार भिलाई-01 में अम्बेडकर भवन (मंगल भवन), भिलाई-2 में नगर पालिक परिषद चरौदा, नगर पालिक निगम रिसाली में डोम शेड दशहरा मैदान रिसाली, पाटन/जामगांव एम में सामुदायिक भवन अटारी/पाटन एवं धमधा/अहिवारा में सर्व समाज मांगलिक भवन में महतारी वंदन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

पानी व बिजली का संकट

भिलाई। 9 मार्च 2024 को भिलाई के कई क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इसके साथ ही 9 मार्च की शाम और 10 मार्च की सुबह पूरे भिलाई निगम क्षेत्र में पानी की सप्लाई नहीं होगी। जानकारी के अनुसार 9 मार्च शनिवार को 132/33 केवी सबस्टेशन रुआबांधा में मेंटिनेंस का कार्य किया जाना है। इसके चलते ष्टस्क्कष्ठरु के नगर संभाग (पश्चिम) भिलाई के अंतर्गत आने वाले उपकेन्द्रों तथा उनके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी। यदि मेंटिनेंस कार्य में अधिक समय लगा तो यह समय सीमा बढ़ भी सकती है। इसके साथ ही भिलाई निगम अंतर्गत नेहरूनगर के विद्युत सबस्टेशन में भी आवश्यक सुधार कार्य किया जाएगा। इस कारण 9 मार्च की शाम को होने वाली पेयजल सप्लाई और 10 मार्च की सुबह होने वाली पेयजल आपूर्ति आंशिक रूप से सम्पूर्ण भिलाई निगम क्षेत्र मे प्रभावित रहेगी।

विधायक, महापौर ने शिव जी की महाआरती के साथ किए रुद्राभिषेक

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आज शिवनाथ नदी स्तिथ महमारा घाट पर विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने भगवान भोलेनाथ की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर रुद्राभिषेक किया। इस अवसर पर निगम द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिवनाथ तट में भगवान शिव की अराधना व महाआरती के साथ रुद्राभिषेक का आयोजन किया। वही इस आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं सभापति राजेश यादव, प्रभारी अनूप चंदनिया के साथ समस्त उपस्थित जनप्रतिनिधियों सहित शिवनाथ नदी की महाआरती कर जलाभिषेक किया। बर्फ से बने शिवलिंग की पूजा अर्चना कर शहर की मंगल कामना करते हुये शहर की खुशहाली और विकास के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर विधायक यादव और महापौर ने शिवनाथ तट पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को शिवरात्रि पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाए भी दी। महावशिवरात्रि पर्व के अवसर उन्होनें पूरे शहर वासियों की ओर से भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा अर्चना कर कहा कि उनकी कृपा आर्शीवाद हम सब के ऊपर बनी रहे। मनुष्य जीवन में आये हैं पिछले जन्म में अच्छा कार्य का यह प्रतिफल मिला है। इस जीवन में आने पर अच्छे कार्य का मौका मिला है। इस जीवन में अच्छा

कार्य करेगें तो अगला जीवन भी मनुष्य योनी में होगा। हम सब यहॉ आज संकल्प लेते हैं कि प्रदेश और शहर में शांति सदभाव का वातावरण बना रहे ऐसा कार्य हम हमेशा करेगें।शिवनाथ तट पर आयोजित कार्यक्रम और व्यवस्था के लिए विधायक गजेंद्र यादव,महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने नगर पालिक निगम के अधिकारी व कर्मचारियो को बधाई और शुभकामनाएं दिया। इस शानदार योजना के लिए निगम टीम, पुलिस विभाग और जनप्रतिनिधियों को भी बधाई दी। उन्होनें कहा इस प्रकार का आयोजन हमेशा हो ऐसा कामना करते हैं,भोले बाबा की कृपा हम सब के ऊपर बनी रहे। निगम जनसंपर्क विभाग के थान सिंग यादव और राजू बक्शी में इस संबंध में बताया की शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ को दूध, दही, नीले फूल,शमी पत्र, बिल्व पत्र और भांग अर्पित कर मनोकामनापूर्ति की प्रार्थना की शिव दर्शन के लिए लगा शिवभक्तों का तांता, शिवनाथ नदी सहित शहर के शिवालयों व देवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूजा अर्चना का दौर चलता रहा।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरण किया। हजारों भक्तों के साथ विधायक, महापौर व आयुक्त ने सुबह नदी तट पर स्थित शिवलिंग में जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।शिवनाथ तट पर लगा मेला,शिवनाथ तट पर नगर निगम प्रशासन व मंदिर समिति की ओर से मेले का आयोजन किया गया। मेले में पूजा-पाठ की सामग्रियों के साथ खाने-पीने व उपयोगी सामग्रियों के स्टॉल लगाए गए थे। निगम की ओर से मेला स्थल पर पानी व सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी।भगवान भोलेनाथ के पूजा अर्चना के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी मेले का आनंद लिया विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने शहर के सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना भी की।भगवान भोलेनाथ से सुख समृद्धि की प्रार्थना की।

आनंद सरोवर में केदारनाथ दर्शन की चैतन्य झांकी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजऋषि भवन केलाबाड़ी व आनंद सरोवर बघेरा में महाशिवरात्रि का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रुपाली बहन ने सभी भाई-बहनों को प्रतिज्ञा करायी कि अपने खुशनुमा मुस्कुराते हुए चेहरे और मधुर बोल द्वारा हर एक के साथ मधुरता संपन्न व्यवहार करेंगे। सदा शुभ भावना शुभ कामना से संपन्न बन हर आत्मा के प्रति रहम व कल्याण की भावना रखेंगे। व्यर्थ व नकारात्मक संकल्प को समाप्त कर संपूर्ण पवित्रता की स्थिति बनाएंगे। इस पर्व को निराकार परमपिता परमात्मा शिव के अवतरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रीटा बहन ने बताया संपूर्ण विश्व में जो भी

मनुष्य मात्र है सभी के अंदर चैतन्य शक्ति आत्मा विराजमान है चाहे वह किसी भी जाति धर्म का हो छोटा हो बड़ा हो वास्तव में हम सभी चैतन्य आत्माएं हैं और यह हमारा शरीर है सर्व मनुष्य आत्माओं का पिता परमपिता परमात्मा है जिनका गुणवाचक नाम शिव है जिसका अर्थ सभी का कल्याण करने वाला है। इस कलयुग के अंत में जब सभी मनुष्य आत्माएं दुःखी होकर परमात्मा को पुकारने लगती है तब निराकार परमपिता परमात्मा ÷शिव÷ इस सृष्टि पर साधारण मनुष्य के तन का आधार ले सभी मनुष्य आत्माओं को यह सत्य ज्ञान देते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ब्रह्मकुमारी के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में केदारनाथ दर्शन की चैतन्य झांकी लगाई गई है जिसमें शिव का अनोखा दुग्धाभिषेक, शंकर की चैतन्य झांकी, आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी, द्वादश ज्योर्तिलिंगम दर्शन, बच्चों के लिए मूल्यनिष्ठ खेल का आयोजन किया गया है। यह झांकी प्रातः 6 से दोपहर 1 तक एवं संध्या 5 बजे से रात्रि 9 तक प्रतिदिन रहती है।

रात्रिगस्त में पकड़े गए 3 चोर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। स्मृतिनगर चौकी ने रात्रि गस्त के दौरान तीन शातिर चोरों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से टी.वी., साउंड सिस्टम, माइक्रोवेव ओवन, मोबाईल, इंडक्सन कूकर एवं कीमती करीबन 3 लाख रूपये की संपत्ति बरामद की गई है। चौकी प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे के नेतृत्व में टीम तैयार कर अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु अभियान चलाकर रात्रि गस्त कर्मचारियो को सर्तकतापूर्वक गस्त करने हिदायत दिया गया था. जिस पर चौकी स्मृतिनगर के गस्त/पेट्रोलिंग टीम द्वारा दिनांक 07/03/2024 को गस्त के दौरान तीन भागते हुए संदिग्ध व्यक्तियो को पकड़ा गया. जिनसे कड़ाई से पूछताछ करने पर भेलवा तालाब के सामने पुरानी बस्ती कोहका में दरवाजा तोड़कर घरेलू समान चोरी करना स्वीकार किये। साथ ही साथ 15 दिवस पूर्व नेहरू नगर थाना सुपेला क्षेत्र मे भी चोरी करना बताये। जिनके कब्जे से 1. एक ओप्पो कम्पनी का मोबाईल, 2. एक होम थियेटर लम्बे आकार का 3. एक ङ्मष्टरु कम्पनी का छोटा एल.ई.डी. टीव्ही 4. एक सेमसंग कम्पनी का एल.ई.डी. टीव्ही 85 इंच 5. एक एल.जी. का म्यूजिक सिस्टम 6. एक एल.जी. कम्पनी का माइक्रोवेव (ओवन) जुमला कीमती 2,98 लाख को जप्त किया गया। गिरफ्तारी के बाद ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा।

जिला कार्यकारिणी घोषित

नव प्रदेश संवाददाता

विजेंद्र व प्रेमलाल महामंत्री, विनोद बने कोषाध्यक्ष

भिलाई। भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिलाध्यक्ष महेश वर्मा ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें विजेंद्र सिंह एवं प्रेमलाल साहू महामंत्री बनाए गए। उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, मिथिला खिचरिया, रेखाराम बंछोर, मनीष साहू, सुनील साहू, राम उपकार तिवारी, पुरुषोत्तम देवांगन को बनाया गया। वही कोष की जिम्मेदारी कोषाध्यक्ष विनोद सिंह एवं सह कोषाध्यक्ष कन्हैया सोनी को दी गई। मंत्री विजय जायसवाल, संतोष मौर्या, दिलीप पटेल उपासना साहू कीर्ति नायर के गणपति, गुरजीत सिंह को बनाया गया। जिलाध्यक्ष वर्मा ने कार्यकारिणी की घोषणा के बाद कहा कि आप सभी की ताकत से हम 2024 में लोकसभा से एक ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे आप सभी पार्टी के गाइडलाइन मैं चलकर पार्टी के काम को लगातार आगे बढ़ाएंगे यही कामना करता हूं। यह जानकारी मीडिया सह प्रभारी रणजीत सिंह ठाकुर द्वारा दी गई।

मूल पदस्थापना में शिक्षकों की होगी वापसी : कलेक्टर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के गैर शैक्षणिक कार्यो में संलग्न शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को उनकी मूल पदस्थापना में वापसी हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। राज्य शासन को बहुधा यह शिकायत प्राप्त होती है कि विभाग के शिक्षक संवर्ग के कर्मचारी गैर शिक्षकीय कार्य हेतु विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थाओं में संलग्न है। गैर शिक्षकीय संलग्नीकरण से शिक्षण का कार्य प्रभावित होता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि गैर शैक्षणिक कार्यो में संलग्न सभी शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों का संलग्नीकरण तत्काल समाप्त कर उन्हें उनके मूल पदस्थापना शाला में अध्यापन कार्य हेतु कार्यमुक्त किया जाना है। यह निर्देश तत्परता से पालन किया जाएगा ताकि शिक्षा के क्षेत्र में अधिक सामर्थ्यपूर्ण और उत्तम परिणाम प्राप्त किए जा सकें। इस प्रक्रिया के अंतर्गत, संलग्नीकरण को 07 दिवस के भीतर समाप्त किया जाएगा।

जेएलएन में महिला दिवस पर रक्तदान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं. जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र के ब्लड सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विषय महिलाओं पर निवेश से प्रगति में तेजी है। इस रक्तदान कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित रक्त की आवश्यकता को पूरा करने हेतु जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ महिलाओं को स्वैच्छिक रक्त-दाताओं के रूप में प्रोत्साहित करना है। रक्तदान कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी एवं बीई) निशा सोनी ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी विषेष अतिथि के रूप में

उपस्थित थी। रक्तदान कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (एम एंड एचएस) डॉ रवींद्रनाथ एम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंडएचएस) डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एमएंडएचएस) डॉ एस निली कुजूर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.लता देवांगन, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संगीता कामरा और महाप्रबंधक (एसएमएस-3) पुष्पा एम्ब्रोस सहित चिकित्सालय के अन्य वरिष्ठ चिकित्सकगण एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। ब्लड सेंटर के डॉ दीपक दाश महापात्रा और राजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जेएलएन चिकित्सालय की ब्लड सेंटर टीम ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया।

महिला दिवस पर अतिथि व्याख्यान

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। दआईसीएफएआई विवि के महिला शिकायत निवारण समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अतिथि व्याख्यान एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्यवक्ता शताब्दी सुबोध पांडे (राष्ट्रीय प्रमुख महिला सहकारिता, सहकर भारती) उपस्थित थीं।

उन्होंने विकसित भारत में महिलाओं की स्थिति एवं योगदान का उल्लेख कर कहा कि आज महिलाएं हमारे समाज में एक उन्नत शिखर पर अपना परचम लहरा रहीं हैं। वे आज देश में शिक्षा, चिकित्सा, सेना और राजनितिक क्षेत्र में भी अपना लोहा मनवा रहीं हैं। यहाँ तक कि चन्द्रयान जैसे मिशन में भी महिलाओं का योगदान नहीं भुलाया जा सकता। किसी भी प्रगतिशील समाज और राष्ट्रीय के विकास की कल्पना महिलाओं के बिना अधूरी है। इसी तारतम्य में आयोजित तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में विवि के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियो द्वारा महिलाओं के बहुमुखी स्वरूप का वर्णन, व्यावसायिक क्षेत्र में योगदान, महिला सशक्तिकरण जैसे विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया गया। इस प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ भी दी गई। कुलपति डॉ. एसपी दुबे ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430104700069

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी ओमप्रकाश सेन पिता/पति स्व. माताफेर सेन पता पचरीपारा दुर्ग, कमला पिता/पति स्व. माताफेर सेन पता पचरीपारा दुर्ग, बिमला पिता/पति स्व. माताफेर सेन पता पचरीपारा दुर्ग, दुर्गादेवी पिता/पति स्व. माताफेर सेन पता पचरीपारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 241/134 (0.0135), 242/22 (0.0128) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता ओमप्रकाश सेन पिता/पति स्व. माताफेर सेन पता पचरीपारा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता नारायण प्रसाद यादव पिता श्री चैतराम यादव, उम्र-41 वर्ष, निवासी क्वाटर नं.-एफ/4ए, वार्ड नं.-48, उतई रोड, नई पुलिस लाईन, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूँ। मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे समस्त आवश्यक दस्तावेजों जैसे मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5119 4322 0470 एवं मेरे पेन कार्ड क्रमांक (AEZPY8920Q) में मेरा नाम नारायण प्रसाद यादव पिता श्री चैतराम यादव दर्ज है जो कि मेरा सहीं एवं वास्तविक नाम है। मैं वर्तमान में छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में आरक्षक (चालक) क्रमांक-1667 के पद पर पदस्थ हूं। मेरे समस्त सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम नारायण प्रसाद रावत पिता श्री चैतराम रावत दर्ज है कि, रावत मेरी जाति एवं यादव मेरा उपनाम है। मैं अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों में अपना सहीं एवं वास्तविक नाम नारायण प्रसाद यादव पिता श्री चैतराम यादव, दर्ज कराना चाहता हूं। यह कि, नारायण प्रसाद यादव पिता श्री चैतराम यादव एवं नारायण प्रसाद रावत पिता श्री चैतराम रावत, ये दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं का ही नाम है। अत: शपथपत्र अपना सही एवं वास्तविक नाम नारायण प्रसाद यादव पिता श्री चैतराम यादव अपने सर्विस रिकार्ड में दर्ज कराने तथा छग राजपत्र में प्रकाशन हेतु प्रस्तुत करता हूं।

शपथकर्ता नारायण प्रसाद यादव

न्यायालय नायब तहसीलदार 02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्रक्र./ब-121/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका निर्मल देवांगन पिता कार्तिक राम देवांगन, निवासी कैलाश नगर वार्ड 22 दुर्ग के द्वारा मौज ग्राम सिकोला स्थित भूखण्ड क्रमांक 89/1 रकबा 10.76 वर्गमीटर पट्टा स्थित है जो कि पट्टाधारी के नाम पर है। वर्णित भूमि/पट्टा आवेदक विगत 1984-1992 का पट्टा जारी किया गया है जिसमे निवासरत है। आवेदक अपने हक व कब्जे की पट्टे की नियमितीकरण कराना चाहता है उक्त पटटाधारी गोकुल वल्द गुमानी के नाम पर जारी हुआ है जिसे आवदक कय कर अपने हक व कब्जा प्राप्त कर लिया है आवेदक उक्त पट्टा का नियमतीकरण हेतु आवेदन पत्र अ.वि.अ. (रा.) दुर्ग में प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं । समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 06.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

विषयांतर्गत निवेदन है कि मैं चंदा बाई यादव पिता पुनुराम, उम्र 78 वर्ष, जाति-राऊत, निवासी-म.नं. 138 के, ग्राम खपरी, रसमड़ा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) मेरे भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड नंबर 5922 6803 6029 जिसमे मेरा नाम चन्द्रा बाई यादव (CHANDRA BAI YADAV) पति का नाम पूना यादव दर्ज है तथा मेरे छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा अंजोरा के पासबुक खाता कमांक 7030101275 है जिसमें मेरा नाम चंदा बाई यादव पति पुनुराम जो कि गलत एवं असत्य है। मेरा विवाह हुआ था लेकिन मैं अपने माता पिता के साथ निवास करती थी जिसके कारण मेरे नाम के साथ मेरे पिता पुनुराम (PUNURAM) का नाम दर्ज है। मेरे छत्तीसगढ़ शासन के राशन कार्ड में मेरा नाम चंदा बाई यादव पिता स्व. पुनूराम दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा जारी आयुष्मान कार्ड में मेरा नाम (CHANDRA BAI YADAV) त्रुटिवश दर्ज है। जो कि मेरे आधार कार्ड के अनुसार दर्ज किया गया है। चन्द्रा बाई यादव (CHANDRA BAI YADAV) एवं चंदा बाई यादव (CHANDA BAI YADAV) एक ही महिला का नाम अर्थात मेरे स्वयं का नाम है तथा पुनू राम एवं पुना यादव एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पिता का नाम है। मेरे आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड, में दर्ज मेरा नाम चन्द्रा बाई यादव (CHANDRA BAI YADAV) पिता का नाम पूना यादव को विलोपित कर मेरे राशन कार्ड में दर्ज मेरा नाम चंदा बाई यादव (CHANDA BAI YADAV) पिता पुनराम (PUNURAM) जो कि सत्य एवं सही है अपने समस्त शासकीय/अर्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहती हूं जिस हेतु शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने तथा मुझे चंदा बाई यादव (CHANDA BAI YADAV) पिता पुनुराम (PUNURAM) के नाम से जाने, पहचाने व पूकारा जावे एवं समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती चंदाबाई यादव

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202402101000118/अ-6/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00045 हे.

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - अक्षत, अग्रवाल, ब्रम्हानंद अग्रवाल, श्रीमती कृष्णादेवी, रामऋषि अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, श्रीमती बीना देवी अग्रवाल, श्रीमती राखी अग्रवाल अनावेदक पक्षकार - सुपेला हाउसिंग

ईश्तहार

आवेदक ब्रम्हानंद अग्रवाल पिता स्व. रामकरण अग्रवाल एवं अन्य 06 निवासी कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 8197/1 रकबा 0.100 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर बैनामा दिनांक 01.02.2020 को विक्रेता सुपेला हाउसिंग पिता/पति/विभाग को.आ. सोसायटी पता कोहका से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो वह नियत पेशी दिनांक 14.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अति. तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र-202402101400048 /अ-27/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेखराम पिता स्व. दयाराम विरुद्ध युवराज पिता उत्तम कुमार वगैरह जाति सतनामी पता- ग्राम व पोष्ट खोपली तह0 व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक एवं अनावेदकगणों के सामिलात खाते में हक भूमिस्वामी जमीन वाके मौजा खोपली प.ह.नं. 56 स्थित भूमि खसरा नंबर 2309, 2310, 2340, 2350, 2355, 2366 रकबा 0.2900, 0.6300, 0.1000, 0.1200, 0.0900, 0.1200 हे. कुल रकबा 1.3500 हे. लगान 8.55 रू. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि सामिलात खाते में होने से उन्हे भूमि संबंधी कार्यो को संपादित करने में परेशानियों हो रही है जिससे वे खाता विभाजन करवाना चाहते है। उपरोक्त वर्णित भूमि की दो बराबर-बराबर भागों में खाता विभाजन किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 21.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202402100400284/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मीरा पाण्डेय आ./पति राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय निवासी शांतिनगर सुपेला भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम खेदामारा प.ह.न. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 537/43 रकबा 0.030 हें/ 3000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202402100900094 /अ-19(3)/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष जय दंतेश्वरी जन जागृति समिति अमलेश्वर तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि 589 का टु. रकबा 0.32 हे. भूमि को जय दंतेश्वरी जन जागृति समिति अमलेश्वर के पक्ष में आबंटन किए जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि को आवेदक जय दंतेश्वरी जन जागृति समिति अमलेश्वर तह. पाटन जिला दुर्ग के पक्ष में आबंटन किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि दिनांक 15.03.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.02.2024 को जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 2023-24-112-1-7288

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी KAVITA KRISHNAN पिता/पति LATE A SIVARAMA KRISHNAN पता-36-4 A MAITRI NAGAR RISALI, LAKSHMI KRISHNAN पिता/पति LATE A SIVARAMA KRISHNAN पता-36-4 A MAITRI NAGAR RISALI, LAKSHMI KRISHNAN के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 481/24 (0.0186) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता RADHIKA KRISHNAN पिता/पति LATE A SIVARAMA KRISHNAN पता-बी. 21 BUDDHA NIWAS HYDRABAD के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/03/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार 02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430107400041

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी रमेश कुमार यादव पिता/पति स्व. चेतनसिंह उर्फ चौहान सिंह यादव पता वार्ड नं. 22 बजरंग किराना स्टोर्स कैलाश नगर धमधानाका दुर्ग, चेलाराम यादव पिता/पति स्व. चेतनसिंह उर्फ चौहान सिंह यादव पता, सुरेश कुमार यादव पिता/पति स्व. चेतनसिंह उर्फ चौहान सिंह यादव पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 322/11 (0.0180) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुरेश कुमार यादव पिता/पति पिता/पति स्व. चेतनसिंह उर्फ चौहान सिंह यादव पता, रमेश कुमार यादव पिता/पति स्व. चेतनसिंह उर्फ चौहान सिंह यादव पता, चेलाराम यादव पिता/पति स्व. चेतनसिंह उर्फ चौहान सिंह यादव पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी,. 202324430103900038

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी किशन पिता/पति पचकोड़ीलाल पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1380/15 (0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ केता मदन पिता/पति स्व. पुनउ पता हरनाबांधा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/03/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00023 खपरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430100400011

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00023 के अंतर्गत ग्राम खपरी के वर्तमान भूमिस्वामी एकनाथ पिता/पति गिरधर पता खपरी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 438/1(0.0500), 438/2 (0.0500), 578/1 (0.1800) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शिवकुमार पिता/पति स्व. एकनाथ पता खपरी, कंसराम पिता/पति स्व. एकनाथ पता खपरी, मनहरण पिता/पति स्व. एकनाथ पता खपरी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

राजस्व मामले में नोटिस
समक्ष न्यायालय :- अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिला दुर्ग (छग)

मामले का विषयःनामांतरण के खिलाफ अपील प्रकरण
ऑ.ला. रजि.नं./ 202302100400293
मामला क्र. /अ-6/सन् -2023-24
पंजीयन दिनांक 15.02.2024

श्री मनोज कुमार पिता रामकुमार ...अपीलार्थी
विरुद्ध
परिक्षित सिंह पिता स्व. देवी सिंह वगैरह ..अनावेदकगण

दावा- 1. परिक्षित सिंह पिता स्व. देवीसिंह, 2. भारती देवी ध.प. स्व. देवीसिंह, 3. गरिमा सिंह पिता स्व. देवीसिंह, 4. लक्ष्मी सिंह पिता स्व. देवी सिंह, 5. केशव सिंह पिता शत्रुहन सिंह, 6. शिवसिंह पिता शत्रुहन सिंह सभी निवासी शंकरनगर गौरा चौक के पास दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग.

(मौजा ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 19 स्थित भूमि खसरा नम्बर 1303/2, 1303/3, 1303/4 रकबा 0.010 हे)

एतद् द्वारा उपरोक्त शीर्ष में वर्णित 01 से 06 को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री मनोज कुमार पिता रामकुमार निवासी अमलीडीह, तह. साजा व जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.नं.19 स्थित भूमि खसरा नं. 1303/2, 1303/3, 1303/4 रकबा कुल 0.55 हे. के संबंध में न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के रा.प्र.क्र. 202107100700197 /अ-6 सन 2020-21 पक्षकार परिक्षित सिंह राजपूत विरूध्द शासन में पारित आदेश दिनांक 16/01/2023 से व्यथित होकर इस न्यायालय में छ.ग.भू.रा.सं.1959 की धारा 44 (1) के तहत् अपील अपने अधिवक्ता श्री ललित ठाकुर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है जिसमें आप लोगों को भी पक्षकार बनाया गया है एवं रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पूर्व में नोटिस प्रेषित किया गया किंतु सही पते के अभाव में नोटिस अदम तामिली प्राप्त हुआ है। अतः नोटिस का प्रकाशन अपीलार्थी के व्यय पर सर्वविदित समाचार पत्र के माध्यम से कराया जा रहा है। सूचना की प्राप्ति होते ही शीर्ष में वर्णित पक्षकारगण स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में नियत पेशी तिथि 18.03.2024 अपरान्ह 2 बजे या उसके पूर्व अपनी-अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। नियत कालावधि बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा साथ ही अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज तारीख 04.03.2024 को जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा) दुर्ग. जिला दुर्ग**

राजस्व मामले में नोटिस
समक्ष न्यायालय :- अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिला दुर्ग (छग)

मामले का विषय :-राजस्व अपील प्रकरण
ऑ.ला. रजि.नं./ 202402100400235
मामला क्र. /अ-6/सन् -2023-24
पंजीयन दिनांक 08.02.2024

श्री जसविंदर कौर भोगल डी.पी. स्वा. सिमरत सिंह ...अपीलार्थी
विरुद्ध
जतिन्दर पाल सिंह पिता स्व. सिमरत सिंह भोगल वगैरह व आम जनता.. .अनावेदकगण

दावा- आम जनता छ.ग. शासन

(ग्राम कुरूद, प.ह.नं. 46 स्थित भूमि खसरा नम्बर 1606/85 रकबा 0.010 हे)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री जसविंदर कौर भोगल ध.प. स्व. सिमरत सिंह उम्र 76 वर्ष निवासी मकान नं. 390 चर्च रोड, कैलाश नगर इन्डशट्रियल एस्टेट कुरूद भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं.46 स्थित भूमि खसरा नम्बर 1606/85 रकबा 0.010 हे. में न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर के रा.प्र.क./ 202306101000067 /अ-6 सन् 2022-23 पक्षकार जसविंदर कौर भोगल विरूध्द जतिंदर पाल सिंह में पारित आदेश दिनांक 22/12/2023 से व्यथित होकर इस न्यायालय में छ0ग0भू0रा0सं0 1959 की धारा 44 (1) के तहत् अपील अपने अधिवक्ता श्री परीक्षित तिवारी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है ।

अतः नोटिस का प्रकाशन अपीलार्थी के व्यय पर स्थानीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से कराया जा रहा है, यदि उक्त अपील प्रकरण में उल्लेखित खसरा नंबर में कोई व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई उपकम जो अपना हित रखता हो या उजर दावा आपत्ति पेश करना हो तो आगामी पेशी तिथि 15/03/2024 या प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत अवधि के अंतराल में कोई आक्षेप प्राप्त नहीं होने से एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज तारीख 07/03/24 किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा) दुर्ग. जिला दुर्ग**

न्यूज गैलरी

भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी से मिले रोहरा

गरियाबंद/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा की प्रत्याशी घोषित होने के बाद एक दिवसीय प्रवास पर गरियाबंद पहुंची श्रीमती रूप कुमारी चौधरी से सर्किट हाउस में युवा भाजपा नेता अजय रोहरा ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर अजय रोहरा ने उन्हें गरियाबंद जिले की दोनों विधानसभा के स्थिति की जानकारी दी।

महाशिवरात्रि पर शिवालयों में रही धूम

भटगांव/नवप्रदेश। भटगांव के आसपास के क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जहां शिवालयों में सुबह से ही भारी भीड़ लगी हुई थी । विशेष रूप से भटगांव के पंचमुखी महादेव मंदिर में महिलाएं सुबह से ही पहुंचने लगी थी। यह भीड़ शाम तक बनी रही। नगर में जगह जगह खीर ,पूड़ी,खिचड़ी का प्रसाद बाटा गया। भटगांव में कई स्थानों पर शिवलिंग की स्थापना भी की गई। भटगांव की बोल बम समिति ने शिव मंदिर में सामूहिक पूजा आरती कर भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भटगांव शिवमय हो गया था। गायत्री प्रज्ञा पीठ भटगांव में महाशिवरात्रि के अवसर पर एक कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। गायत्री महायज्ञ का भी हुआ। इसमें गायत्री परिवार के परिजन सहित नगर के भक्तगण शामिल हुए।

'किसान महाकुंभ' के लिए मार्ग व्यवस्था व पार्किंग स्थल निर्धारित

■ **असुविधा से बचने के लिए पुलिस के मार्गदर्शन पर ध्यान दें**

रायपुर/नवप्रदेश। शनिवार को साइंस कालेज मैदान में ''किसान महाकुंभ'' कार्यक्रम आयोजित है, जिसमें केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से काफी संख्या में किसान सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले व्हीआईपी एवं किसानों के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन तथा वाहनों की पार्किंग के लिए मार्ग व्यवस्था व पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है।

अलग-अलग दिशा से आने वाले ध्यान दें

(अ) **दुर्ग, भिलाई एवं राजनांदगांव की ओर से कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के लिए मार्ग एवं पार्किंग**-दुर्ग-भिलाई एवं राजनांदगांव की ओर से आने वाले वाहन टाटीबंध चौक से एम्स के सामने से होकर एनआईटी ग्राउंड में अपना वाहन पार्क करेंगें।

(ब) **बिलासपुर की तरफ से कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के लिए मार्ग एवं पार्किंग**-बिलासपुर रोड से आने वाले वाहन सिलतरा बाईपास से टाटीबंध चौक पहुॅचकर एम्स के सामने से होकर एनआईटी ग्राउंड में अपना वाहन पार्क करेंगे।

(स) बलौदाबाजार की ओर से कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के लिए मार्ग एवं पार्किंग-बलौदाबाजार की ओर से आने वाले वाहन शहर के मध्य से होकर आश्रम तिराहा से अनुपम गार्डन के बाजू से सीएसईबी ग्राउंड डगनिया में अपना वाहन पार्क करेंगे।

(द) महासमुंद, धमतरी एवं बस्तर की ओर से कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के लिए मार्ग एवं पार्किंग–महासमुंद, धमतरी एवं बस्तर की ओर से कार्यक्रम में आने वाले वाहन पचपेड़ीनाका चौक-रिंग रोड-1-सरोना चौक से कांगेर वैली स्कूल की ओर से यूनिवर्सिटी ग्राउंड में वाहन पार्क करेंगे।

पुलिस की अपील

शहर के नागरिकों से अपील है कि साइंस कालेज मैदान में आयोजित किसान महाकुंभ कार्यक्रम में भारी संख्या में किसानों के शामिल होने की संभावना है, जिसके कारण एम्स से आश्रम तिराहा तक यातायात का दबाव रहेगा, सुगम आवागमन में असुविधा हो सकती है। असुविधा से बचने के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आश्रम तिराहा से साइंस कॉलेज की ओर और एम्स, टाटीबंद से साइंस कालेज की ओर आवागमन हेतु उपयोग न करें, अन्य वैकल्पिक/डॉयवर्टेड मार्ग से आवागमन कर असुविधा से बच सकते हैं।

ग्राम केशोडार में मतदाता जागरूकता अभियान

गरियाबंद/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव मे मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं शत प्रतिशत मतदान कराने की उद्देश्य को लेकर गरियाबंद जिला मुख्यालय से लगा ग्राम पंचायत डोंगरीगांव के आश्रित ग्राम केशोडार मे मतदाता जागरुकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत पंचायत डोंगरीगांव एवं केशोडार मे कुल 950 मतदाताओ का नाम शामिल है, आगामी माह मे होने वाली लोकसभा चुनाव मे शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ। बिहान की दीदियों द्वारा रंगोली बनाकर, मतदान हेतु नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी, एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु सार्थक पहल किया गया। कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत डोंगरीगांव के सरपंच चमरुराम कमार, उपसरपंच आरती ध्रुव, सचिव कीर्तन साहू, जनपद से ए.डी.ओ. राकेस साहू, एन.आर. एल. एम. से दुर्गेश साहू, प्रफुल्ल देवांगन, पंकज कुटारे, शिक्षिका विद्या सेन, बिहान समूह से- सुरेखा, ओम साहू, मीना साहू, नीरा बाई, दुर्गा मरकाम, ईश्वरी, भुनेश्वरी, संतोषी ध्रुव, तुलसी ठाकुर, कनेश्वरी, प्रेमलता, शांति, कांति मरकाम, रुपेश्वरी, जयमोतीन, देवकुमारी, भुपेश्वरी ध्रुव, मितानीन अन्नपुर्णा मानिकपुरी, नीरोबाई पटेल, आं.बा. कार्यकर्ता- लेखप्रभा, कृष्णाबाई साहू, ग्राम से लुकेश्वरी निषाद, सरस्वती ध्रुव, चुनेश्वरी निर्मलकर, द्रौपती दीवान, डुमेश्वरी साहू, मंगली ध्रुव, नीरा साहू, शारदा मानिकपुरी, शारदा ध्रुव, भारती चंद्रवंशी, ओमीन मानिकपुरी, संतोष सोरी, मेहतरुराम,भगवानदास आदि सहित भारी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी में महाशिवरात्रि पर विधायक इन्द्र साव ने किया ध्वजारोहण

भाटापारा/नवप्रदेश। ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में महाशिवरात्रि के अवसर पर विधायक इन्द्र साव द्वारा झंडारोहण किया गया। इसके बाद उन्होंने वहां स्थापित 25 फीट ऊंचे द्वादश शिवलिंग का दर्शन कर, संस्था द्वारा लगाई गई आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन (दर्शन लाभ) किया।

विधायक इन्द्र साव ने संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा कर कहा कि संस्था के व्दारा भाटापारा के आस-पास के क्षेत्रों में धर्म-आध्यात्म के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर निरंतर कई धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक जैसे विभिन्न आयोजन करती रहती है। जो सराहनीय है। इन लोकोपयोगी कार्यो से जन सामान्य में इस संस्था के प्रति लोगों में अच्छी धारणाएं बनती जा रही हैं। लोग इससे जुड़ कर लाभन्वित हो रहे हैं। उनके जीवन में परिवर्तन आ रहे है। जो अच्छी बात है। श्री साव ने संस्था द्वारा उन्हें आमंत्रित करने के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया।

संस्था की राजयोग शिक्षिका बी.के. मंजू दीदी ने कहा कि आज महाशिवरात्रि शिव के अवतरण का दिन है। जब इस धरा पर चारों ओर अज्ञान का अंधकार छाया होता है तथा मनुष्य आत्माएं काम, क्रोध, लोभ एवं अंहकार रूपी विकारों के वशीभूत हो जाती है तब ऐसे समय मनुष्यों को निर्विकार और पवित्र बनाने के लिए शिव का अवतरण होता है। गौरतलब है कि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार 10 मार्च तक शाम 5 से रात 9 बजे तक द्वादश ज्योतिर्लिंग की झांकी लगाई गई है। जिसका मुख्य आकर्षण 25 फीट ऊंचा शिव लिंग, आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी एवं गहन योग अनुभूति कार्यक्रम आदि हैं।

कोदवा में हुआ शिव का जलाभिषेक

भाटापारा/नवप्रदेश। बोल बम सेवा समिति कोदवा द्वारा महाशिवरात्रि पर शिवनाथ नदी के जलाभिषेक किया गया। इस दौरान माता पार्वती भोलेनाथ का विधि विधान पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया।

ब्रह्मकुमारीज में शिव उपासकों की भीड़

गरियाबंद/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारीज़ सेंटर में 88वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गई। महाशिवरात्रि पर अपने अहंकार और बुराइयों को दूर करने का संकल्प लें। ताकि हमारे जीवन का उद्देश्य सही मायनों में पूरा हो सके। यह बातें महाशिवरात्रि महोत्सव पर शिव जयंती कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे मनोबल को बढ़ाने के लिए हमें परमात्मा की शक्ति की आवश्यकता होती है, जो हमें साधना से मिलती है। समारोह में शिव ध्वजारोहण कर सभी को विकारों, बुराइयों को परमपिता शिव परमात्मा को दान करने का संकल्प दिलाई गई। महोत्सव को लेकर शिवशक्ति भवन के हॉल को शिव ध्वज से सजाया गया। इस दौरान विशेष योग साधना किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुआ। सुबह 8 बजे हॉल के सामने विशाल ध्वज फहराया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सेवाधारी गंगासागर दीवान, लखन लाल चंद्राकर, डॉ जीवन लाल, जीवन लाल देवांगन, लाल सिंह दीवान,धर्मेंद्र ठाकुर शिक्षाविद समाजसेवी डॉ. ओमप्रकाश वर्मा, विकास पारख, अनूप महाडिक, रामस्वरूप साहू जी, अधिवक्ता नारायण साहू, एएसएलआर विजय सिंह, रुखमणि साहू सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी पहुंची गरियाबंद

चुनाव के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को किया एकजुट

गरियाबंद/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी गुरुवार 7 मार्च को गरियाबंद पहुंची। उनका नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा चौक में स्वागत किया। इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व राजिम विधायक एवम लोकसभा सह संयोजक संतोष उपाध्याय उनके साथ मौजूद थे।

बैठक में श्रीमती चौधरी ने कहा कि इस बार का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने 400 पार का लक्ष्य दिया है। इसे पूरा करने कार्यकर्ताओं को एकजुट होना होगा। महासमुंद लोकसभा 15 साल से भाजपा काबिज रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी जो जिम्मेदारी और दायित्व देती है सभी कार्यकर्ता उसका निष्ठा से पालन करते हैं। पार्टी ने उन्हें अवसर दिया है। इसमें सभी कार्यकर्ता स्वयं प्रत्याशी के रूप मे काम करेंगे तभी लोकसभा में जीत होगी। उन्होंने केन्द्र और राज्य की योजनाओं का घर घर प्रचार प्रसार करने का आव्हान किया।

राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि केन्द्र सरकार महिला सशक्तिकरण, महिला के सम्मान और महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रही। महासमुंद लोकसभा से महिला नेत्री को अवसर दिया है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पुनीत राम सिन्हा ओर अनिल चंद्राकर ने किया।

बैठक में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्रीमति विभा अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार साहू, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, जिपं सदस्य चन्द्रशेखर साहू, केशरी ध्रुव, जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल, तोकेश्वरी मांझी, वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा, घनश्याम सिन्हा, लोकसभा विस्तारक पवन अग्रवाल, जिला पदाधिकारी मिलेश्वरी साहू, चिरजीव देवांगन, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, कमल सिन्हा, लुद्राक्ष साहू, गुरूनारायण तिवारी, सुरेन्द्र सोनटेके, संदीप पांडेय, सीताराम यादव, पीलुराम यादव, प्रतीक तिवारी, मनीष हरित, शीतला पांडेय, संजु साहू सहित जिले एवं मंडल के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)
शुद्धि पत्र क्रमांक 01
सिस्मट निविदा क्रमांक 152740/निविदा सूचना क्रमांक 22/व.ले.लि./ 2023-24/ बेमेतरा, दिनांक 15.02.2024

कार्य का नाम	पूर्व में	संशोधित
बेमेतरा जिले के विकासखण्ड बेरला की शिवनाथ नदी पर किरीतपुर एवं दोनों ओर पचरी निर्माण कार्य।	(1) सिस्टम निविदा क्रमांक 152740/ निविदा सूचना क्रमांक 22/व.ले.लि. / 2023-24 बेमेतरा, दिनांक 15.02.2024 की राशि रु. 282.38 लाख किरीतपुर चेटुवा की जगह सलधा का दस्तावेज है।	(1) सिस्टम निविदा क्रमांक 152740 निविदा सूचना क्रमांक 22/व.ले.लि. /2023-24 बेमेतरा, दिनांक 15.02.2024 में सलधा की जगह किरीतपुर चेटुवा पढ़ा जावें। (राशि रु. 282.38 लाख)
	(2) निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 07.03.2024, 17.30 Hours	2) निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 14.02.2024, 17.30 Hours
	(3) निविदा खुलने की तिथि 11.03.2024, 11.30 Hours	(3) निविदा खुलने की तिथि 15.03.2024, 11.30 Hours

नोट :- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।
(1) विज्ञापन क्रमांक 07886/ दिनांक 20.02.2024

जी-08396/6

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग- बेमेतरा
जिला- बेमेतरा (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार

प्रथम पृष्ठ का शेष

छग की 11 सीटों में ...

और सरोज पांडेय के बीच होगा। चरणदास महंत कांग्रेस में उस क्षेत्र के सबसे बड़े नेता हैं और सरोज पांडेय भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव। ये चुनाव भाजपा के ग्लैमर और कांग्रेस बड़े चेहरे के बीच है। हालांकि पिछली बार मोदी लहर में भी ज्योत्सना महंत ने चुनाव जीतकर सभी को चौंकाया था। कांग्रेस की अब 5 टिकटें एक दो दिन में ही जारी हो सकती हैं, तब छत्तीसगढ़ की 11 सीटों का गणित पता चल सकेगा।

दिल्ली से लौटे भूपेश: चुनाव लड़ने को ..

लड़ने की जिम्मेदारी दे रही या लड़ाने की, यह पार्टी तय करेगी। सभी लोग चुनाव लड़ेंगे तो कोई लड़वाने वाला भी होना चाहिए। इसीलिए मैंने इच्छा व्यक्त की थी कि, हम पार्टी के सिपाही हैं, हाईकमान का जो आदेश होगा मान लिया जाएगा।

दूसरी सूची के लिए भाजपा ...

बीजेपी अब 23 सीटों पर चर्चा कर रही है। इस बीच कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह के नाम की चर्चा हो रही है। इसके साथ ही देवरिया, बलिया, गाजीपुर, मेरठ, गाजियाबाद, रायबरेली लोकसभा सीटों के लिए भी उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। भाजपा की शाम को नई दिल्ली में बैठक जारी रही। बैठक के बाद बीजेपी दूसरी लिस्ट का ऐलान कर सकती है?

ऐसी भी चर्चा है कि बीजेपी बाकी बची कई सीटों पर पिछले चुनाव में जीते उम्मीदवारों को बदल सकती है। इनमें रायबरेली, पीलीभीत और सुल्तानपुर सीटें शामिल हैं। सुल्तानपुर और पीलीभीत से उम्मीदवारों का चयन इस बात पर निर्भर करेगा कि बीजेपी मौजूदा सांसद मेनका गांधी और उनके बेटे वरुण गांधी के बारे में क्या फैसला लेती है। जबकि देवरिया में रमापति राम त्रिपाठी का टिकट कट सकता है। वहीं बलिया में वीरेंद्र सिंह मस्त को लेकर स्थानीय नेताओं में नाराजगी है।

नशे का भयानक रूप..

कर लाया और शन्नो के ऊपर उड़ेलकर माचिस मार दिया। आग की लपटों से घिरी शन्नो खुद को बचाने के लिए सास के कमरे में भागी, वहां खाना बना रही सास मुन्नी देवी (70) ने शन्नो को बचाने की भरपूर कोशिश की, मगर सफल न हो सकी।

'खसरा व रूबेला निवारण में ...

मीजल्स एंड रूबेला पार्टनरशिप÷ ने प्रतिष्ठित ÷अंतरराष्ट्रीय खसरा और रूबेला चैंपियन पुरस्कार÷ से सम्मानित किया है।

द मीजल्स एंड रूबेला पार्टनरशिप एक बहु-एजेंसी है, जिसमें अमेरिकन रेड क्रॉस, बीएमजीएफ, जीएवीआई, यूएस सीडीसी, यूएनएफ, यूनिसेफ और डब्ल्यूएचओ शामिल हैं। यह वैश्विक खसरे से होने वाली मौतों को कम करने और रूबेला बीमारी को रोकने के लिए समर्पित हैं।

भगवान शिव की बारात के...

हाईटेंशन तार से टकरा गया और करंट फैल गया। वहां मौजूद अन्य बच्चे भी करंट की चपेट में आकर झुलस गए।

घटना की जानकारी मिलते ही मेडिकल टीम को अलर्ट कर दिया गया। चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि उन्हें प्राथमिकता से इलाज दिया जा रहा है। उधर करंट लगने की घटना के बाद घायल बच्चों के आक्रोशित परिजनों ने आयोजकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पिटाई कर दी। फिलहाल पुलिस घटना की आगे की जांच कर रही है।

मां दंतेश्वरी के दर पहुंचे ...

रेंज सुंदरराज पी, आयुक्त जनसम्पर्क मयंक श्रीवास्तव, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन तथा जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

सीएम की बड़ी घोषणा...

कोटाली, नहाड़ी में आश्रम छात्रावास का पुनः निर्माण होग। जावंगा के नवीन महाविद्यालय का नामकरण वीरांगना मासक देवी के नाम पर होगा। अरनपुर, रोंजे और गंजेनार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, संभाग के सातों जिलों में आवश्यकता अनुसार दो-दो उप स्वास्थ्य केंद्र होंगे। दंतेवाड़ा के फाल्गुन मड़ई के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की गई।

आईइडी लगाते दो...

पुलिस द्वारा घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया।सुकमा एसएसपी उत्तम प्रताप ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना दोरनापाल से जिला बल एवं डीआरजी की संयुक्त टीम एरिया डोमिनेशन एवं सूचना की तस्दीक के लिए ग्राम मेड़वाही अरलमपल्ली एवं पालामड़गू के जंगल और पहाड़ी क्षेत्र की ओर रवाना हुई थी। अभियान की वापसी के दौरान कोसागुड़ा पगडंडी रास्ते के पास दो संदिग्ध व्यक्ति रास्ते में गढ्ढा खोदते हुए दिखाई दिए।

नक्सलियों की...

थीं, नक्सलियों के जो अलग-अलग तरीके में काम होते हैं सभी का हिस्सा रही। मैंने नक्सली के रूप में 14 साल तक काम किया।माता दंतेश्वरी के दर्शन के लिए भी मुख्यमंत्री गए। दंतेवाड़ा शहर के ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में भी मुख्यमंत्री शामिल हुए। यहां क्षेत्र के विधायक, जनसंपर्क विभाग के अधिकारी मयंक श्रीवास्तव भी मंच पर थे।

न्यायालय तहसीलदार देवकर
जिला बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूखन पटेल पिता सुहदु पटेल जाति मरार निवासी ग्राम गातापार तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किाय गया है कि ग्राम गातापार में दिनांक 21/4/2008 को आवेदक के माता अंकलहीन की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/ दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 07/03/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा जारी किया गया।

तहसीलदार
सील **देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी/अंतागढ़/ में संग्रहित ईमारती काष्ठ/बल्ली/जलाऊ चट्टा/ औद्योगिक/व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गए स्थल में भण्डारित है। जिसका निर्वतन नीलाम तिथि 12.03.2024 को किया जायेगा तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि घोष विक्रय में भाग लेवें।

नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने के पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जी सकती है।

वनमंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	स्थान/नीलाम दिनांक व समय
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल	काष्ठागार भानुप्रतापपुर	काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम भवन दिनांक 12.03.2024 प्रातः 09.00 बजे से

-: अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियां :-

अ. क्र.	प्रजाति	नया वनोपज		अविक्रित वनोपज		योग	
		काष्ठ घ.मी.	बल्ली	काष्ठ घ.मी.	बल्ली	काष्ठ घ.मी.	बल्ली
1	सागौन	0	0	26	106	16	106
2	साल	0	0	166	0	116	0
3	बीजा	0	0	66	0	66	0
4	साजा	0	0	26	0	26	0
5	शीशम	0	0	0	9	0	9
6	हल्दू/मुंडी	0	0	53	0	53	0
7	सलिहा/मोदे	0	0	53	0	53	0
8	तिन्सा	0	0	11	0	11	0
9	धावड़ा	0	0	6	0	6	0
10	कर्रा	0	0	1	0	1	0
11	तेन्दु	0	0	126	0	126	0
12	अन्य	0	0	301	0	301	0
	योग :-	**0**	**0**	**787**	**115**	**787**	**115**

जलाऊ चट्टा नया लाट - 15 लाट 369 चट्टा

नीलाम हेतु प्रस्तावित औद्योगिक / व्यापारिक बांस :-

क्र.	वनमण्डल	बांसागार भानुप्रतापपुर	बंडल	नो. टन	रिमार्क
	पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर	औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (नया लाट)	2409	35.816	काष्ठ नीलाम के पश्चात
		औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट)	250	2.000	औद्योगिक/व्यापारिक बांस
		बांसागार अंतागढ़	नग	नो. टन	का भानुप्रतापपुर नीलाम
		व्यापारिक बांसागार अंतागढ़ (पुराना लॉट)	2830 नग	8.606	हॉल में किया जावेगा।

दूरभाष क्रमांक -पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (07850-252223)

1. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1,000/- रुपए इसमें जो भी अधिक हो, जमा करना अनिवार्य है।
2. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व कलेण्डर वर्ष 2024 का पंजीयन, आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति एवं जी.एस.टी. पंजीयन का प्रमाण पत्र ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है।
3. विनिर्माता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस/ जी.एस.टी. पंजीयन नंबर की छायाप्रति एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही कार्य आदेश जारी किया जावेगा।
4. नीलाम में क्रय किए गए लाटों का विक्रय मूल्य सहित पूर्ण विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।
5. वनोपज विक्रय उपरांत डिमाण्ड ड्राफ्ट स्टेट बैंक आफ इण्डिया का ही स्वीकार किया जावेगा।
6. अन्य जो भी जानकारी जो आवश्यक हो वनमंडल कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त कर सकते हैं।

जी-08401/5

वनमंडलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल
भानुप्रतापपुर

OFFICE OF THE COMMANDANT :: 30 BN BSF ::
KOYALIBEDA, (CHHATTISGARH)-494665
No. Prov/Auction Notice/30 Bn/2024/906-52

// AUCTION NOTICE //

A Public Auction of unserviceable stores i.e Defence store, Misc, Tentage, S S Eqpt, Armorar Tools, Sports items, Sector store items, Barrack property items, Construction Store, MT Fleet, Comn store, Old newspaper, magazine, Dead stock items of Welfare grant, Dead stock items of welfare fund, Dead Stock Items of Officer Mess, Dead Stock of SO's Mess, Dead stock of ORs Mess, MI Room store, Dead Stock of Wet canteen store, Dead Stock of KPKP store, Dead Stock of Ration store will be conducted on **18 March 2024 at about 1100 Hrs at THQ 30 Battalion BSF, Koyalibeda, Distt-Uttar Bastar Kanker (CG) Pin 494665.**

2. All interested bidder are requested to attend the Auction on schedule date and time
3. Each bidder will have to deposit a sum of Rs. 15,000/- (Rupees fifteen thousand) only in advance as earnest money prior to commencement of bid. Which will be refunded / adjusted after finalization of auction on same day.
4. All bidders will have to register their names with Presiding Officer of the Board conducting Auction at least one hour before the commencement of auction.
5. Each bidder must be in possession of their PAN card in original along with proof of last income tax return, Residential proof, failing which they will not be allowed to participate in the auction
6. The highest bidder will have to deposit 100% bid amount in cash on the spot immediately after Auction, failing which earnest money will be forfeited and will not be refunded.
7. GST as applicable shall be the responsibility of the bidder. The bidding amount shall be exclusive of GST.
8. The Auction will be held as per departmental rule and regulation.
9. Other condition, if any, will be announced at the time of auction.
10. No transport/ any assistance will be provided by BSF for shifting of Auctioned stores.
11. The Decision of the PO in all matters shall be final.
12. Commandant 30 BN BSF has reserves the all rights to accept/reject the bids without giving any reason.
13. Auction items should be lifted within 24 hours from the auction otherwise 10% demurrage charges will be imposed per day.

CBC-19110/11/0128/2324

(R K KAUSHIK), DC/QM
FOR COMMANDANT
30 BN BSF

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

जेल में कैदियों से मारपीट को लेकर हाईकोर्ट सख्त, डीजीपी को निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस कस्टडी में आरोपी को मारपीट कर प्रताड़ित करने के मामले मे हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए डीजीपी को प्रदेश भर के थानों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने और एसपी को इसकी नियमित मोनिटरिंग करने निर्देश दिए है। मामला रायगढ़ कोतरा रॉड का है, यहां रहने वाली महिला ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने पति शशिभूषण के साथ कोतरारोड थाने की पुलिस पर मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। जस्टिस एनके व्यास की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए इस पर कड़ी नाराजगी जताई है और डीजीपी को प्रदेश भर के थानों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने और एसपी को इसकी नियमित मोनिटरिंग करने निर्देश दिए है। उम्मीद है कि हाईकोर्ट की इस पहल के बाद इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सकेगी।

शराब की अवैध बिक्री युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना कोटा में अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में 7 मार्च की शाम थाना प्रभारी कोटा टी. एस.नवरंग को सूचना मिली की ग्राम लमकेना में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब खपाया जा रहा है। सूचना पर कोटा थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम भेजकर ग्राम लमकेना में रेड कार्यवाही किया गया। जहां ईश्वर महादेवा के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब कीमती 900 रुपए को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही कर आज न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजी गई है।

ढोल-ताशे के साथ निकली शिव-पार्वती की बारात

सीपत/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि पर श्रीपतेश्वर महादेव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में सीपत नगर में श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी के साथ फटाखे फोड़ते हुए जयकारा के साथ बैंड की धुन पर शिव पार्वती की बारात निकाली। बारात नवाडीह माताचौरा से निकलकर थाना चौक बसस्टैंड नर्मदेश्वर महादेव मंदिर होते हुए मातेश्वरी मंदिर राममंदिर गुप्ता मोहल्ला बजरंग चौक सुखरीपारा आनंद चौक बाद श्रीपतेश्वर महादेव मंदिर चमेटा प्रांगण पहुंची। जहां महाआरती के बाद समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने जगह जगह पुष्पवर्षा व आरती उतारकर जीवंत झांकी का जोरदार स्वागत किए। मनोरम शिव पार्वती की झांकी देखने सड़कों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा रहा। शिवभक्तों ने पीले परिधान में सजसंवरकर उत्साहपूर्ण माहौल में नाचते झूमते हुए हर हर महादेव की जयकारा लगाते बारात आगे बढ़ते गई। मनमोहक झांकी लोगों ने लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। दूसरी बार इस ऐतिहासिक आयोजन की ग्रामवासियों ने आयोजन समिति की खूब सराहना की। अंचल के शिवालयों में सुबह से जलाभिषेक करने भक्तों की भीड़ लगी रही। प्रसाद भंडारे में युवावों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

जहां नारी शक्ति की होती है पूजा वह देश करता है तरक्की-नूरी

सीपत/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारी शक्ति वंदन का लाइव प्रसारण सीपत के मंगल भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश के राष्ट्रीय आजीविका मिशन (बिहान) के स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को संवाद कर संबोधित किया। कार्यक्रम में सीपत क्लस्टर के 32 ग्राम पंचायत सहित कुल 49 गांव के बिहान स्व सहायता समूहों के लगभग 500 महिला सदस्यों ने भाग लिया जनपद पंचायत मस्तूरी के एडीओ जगमोहन साहू के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य नूरी दिलेन्द्र कौशिल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत ही एक ऐसा देश है नारी की पूजा होती है, और जहां नारी शक्ति की पूजा होती है, वह समाज तरक्की करता और ईश्वर की कृपा बनी रहती है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए बिहान छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को स्व-सहायता समूह के रूप में संगठित किया और और उन्हें प्रेरित कर क्षमतावर्धन स्व रोजगार से जोड़ी जाने वाली महत्वपूर्ण योजनाए बनाई है। आज महिलाएँ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुड़कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर होते हुए अपने सपने को एक नई उड़ान देने को तैयार है। भाजपा नेता दिलेन्द्र कौशिल और सीपत भाजपा मंडल के अध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिला समूह की बहनों से आह्वान किया कि वे भारत देश को विश्व गुरु बनाने में अपना योगदान दें।

महाशिवरात्रि पर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय

लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़, गांव से लेकर शहर तक मनाई गई महाशिवरात्रि, जगह-जगह भंडारे का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज महाशिवरात्रि का पर्व भक्तिभाव से मनाया गया। शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी। भोलेनाथ को जल चढ़ाने व दर्शनलाभ के लिए मंदिरों में तांता लगा रहा। घर से लेकर मंदिरों में अलग-अलग अनुष्ठान व अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी किए गए। अंचल में नमो-नमो हो शंकरा...की गूंज सुनाई दे रही। शहर के मंदिरों में 15 क्विंटल पेड़ा, मेवा व फल का प्रसाद बंटेगा। भंडारा होगा, सुमुख गणेश मंदिर में पांच पहर विशेष पूजा होगी। पीतांबरा पीठ में पारद शिवलिंग का अभिषेक हुआ। दिनभर रुद्राभिषेक का दौर चला। इस वर्ष शहर में महाशिवरात्रि को लेकर अपेक्षा से अधिक कार्यक्रम हुए। परंपरानुसार चांटीडीह शिव मंदिर का मेला और भी खास है। महाकाल सेना ने मोर्चा पहले ही संभाल लिया है। शहर में जगराता प्रारंभ हो चुका है। झांकियां भी सजी, मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। शहर के मध्यनगरी चौक शिव मंदिर, सरकंडा नंदीश्वर मंदिर, तिफरा अयप्पा मंदिर, सदर बाजार घोंघा बाबा मंदिर, तिलक नगर श्रीराम मंदिर, चांटीडीह शिव मंदिर में अभिषेक के साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

दूध-फल की दुकानें सजी रहीं

महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर बाजार सजे थे। डेयरी में दूध से लेकर फल-फूल और पूजन सामग्री खरीदने भक्त उमड़े थे। फल-फूल विक्रेता मोनू भुसनवार ने बताया कि इस साल पर्व को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह है। फल और फूलों के दाम में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। भक्तों में उत्साह इतना है कि भोलेनाथ के लिए उन्हें सबसे अच्छी और फ्रेश चीजें चाहिए। दूध और फूल को लेकर पहले से एडवांस राशि भी जमा कर गए हैं। भोलेनाथ का दूध, शहद, जल, दही, पंचामृत, घी आदि द्रव्यों से अभिषेक कर मंगल कामना का वरदान मांगेंगे। भगवान शिव को प्रिय धतूरा, आंक, गुलमोहर, बेलपत्र, और श्वेत पदार्थ अर्पित किए।

मनोकामनाएं होती हैं पूरी

महाशिवरात्रि के दिन भगवान शंकर की मूर्ति या शिवलिंग को पंचामृत से स्नान कराकर लोटे से जल चढ़ाया जाता है. फिर चंदन का तिलक लगाकर, बेलपत्र, भांग, धतूरा, जायफल, कमल गट्टे, फल, मिष्ठान, मीठा पान, इत्र चढ़ाना चाहिए. किसी भी विशेष पूजा पर भगवान के आगे कुछ दक्षिणा जरूर चढ़ाना चाहिए. शिवरात्रि के दिन सुबह से लेकर पूरी रात तक दीपक जलाने से शिव और पार्वती की कृपा प्रप्त होती है। माना जाता है कि इस दिन पूजा-पाठ करने से दांपत्य जीवन में खुशहाली आती है साथ ही अविवाहितों को मनपसंद जीवनसाथी मिलता है। महाशिवरात्रि के त्योहार पर श्रद्धालु व्रत भी रखते हैं. इस दिन शिवालय जाकर शिवलिंग पर गंगाजल और गाय का दूध अर्पित करने से कल्याण होता है. कई स्थानों पर इस दिन शिव पर ध्यान और शिव मंदिरों में पूरी रात जागरण भी किया जाता है।

108 किलो पारद शिवलिंग का महारुद्राभिषेक

सरकंडा पीतांबरा पीठ के पीठाधीश आचार्य दिनेश ने बताया कि एक साल पहले स्थापित 108 किलो वजनी पारद शिवलिंग का सुबह 6 बजे से महारुद्राभिषेक किया गया। रात्रि चारों पहर अभिषेक व पूजन किया गया। नौ मार्च को सुबह नौ बजे हवन व भंडारे का आयोजन किया गया।

मध्यनगरी से निकली भोले की बारात

मध्यनगरी अष्टमुखी शिव मंदिर से महाशिवरात्रि पर भोले शंकर की बरात निकाली गई। मंदिरों में सुबह चार बजे से विशेष पूजा शुरू जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। हिंदू एकता संगठन रिवर व्यू में शाम छह बजे अरपा की महाआरती का आयोजन हुआ। मंदिरों में पूरे दिन रुद्राभिषेक किया गया। गायत्री मंदिर चांटीडीह में दो दिवसीय कार्यक्रम हुए। समाजसेवियों का सम्मान किया गया। ब्रह्माकुमारी केंद्रों में शिवलिंग व द्वादश ज्योतिर्लिंग की झांकी सजाई गई। अष्टमुखी शिव पंचायती मंदिर बिलासपुर का सबसे प्राचीन मंदिर है। यहां 161 वर्ष से महाशिवरात्रि मनाई जा रही है। यहां 100 किलो ठंडाई का भोग लगाया गया। वहीं शाम चार बजे भगवान की बरात निकाली गई। तिलक नगर श्रीराम मंदिर में पूरे दिन के नमः शिवाय का जाप चला। महाशिवरात्रि में सिर्फ गांवों में ही मेला नहीं लगता, बल्कि शहर के चांटीडीह स्थित शिव मंदिर परिसर में भी मेले का आयोजन सन् 1932 से किया जा रहा। खास बात यह है कि मेले में आने वाले व्यक्ति को भगवान शंकर के दर्शन के साथ ही चारों धाम के दर्शन हो जाते हैं, क्योंकि यहां चारों धाम की मूर्तियां मौजूद हैं। मिट्टी, लकड़ी के खिलौने के साथ ही छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। मंदिर के देखरेख कर रहे सोनी परिवार के सदस्यों ने बताया कि उनके परदादा मंगली प्रसाद ने मंदिर निर्माण के बाद आसपास के क्षेत्र के लोगों का व्यापार बढ़ाने और उनके मनोरंजन के लिए मेले की शुरुआत की थी।

थाना प्रभारी व एसआई निलंबित, टीआई लाइन अटैच

एसपी आधी रात पहुंचे थाने, आपराधिक घटनाओं की विवेचना में गड़बड़ी मिली

बिलासपुर/नवप्रदेश। देर रात थाने पहुंचे एसपी ने थाने के कामकाज का निरीक्षण कर पूर्व में पदस्थ थाना प्रभारी व एक सब इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है। वही सीपत थाने के थानेदार को हटाया गया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। एसपी रजनेश सिंह बीती रात सरकंडा थाना पहुंचे थे। देर रात थाना पहुंचे एसपी ने थाना के कामकाज का परीक्षण किया और केस डायरी का और लेकिन अवलोकन किया। एसपी रजनेश सिंह 2 घंटे से अधिक तक थाने में बैठे थे और थाने के कामकाज के अलावा केस डायरियां पढ़ते रहे। इस दौरान विवेचना मे लापरवाही व उच्च अधिकारियों के द्वारा जांच हेतु दिए गए दिशा निर्देशों व टीप का उल्लंघन पाए जाने पर एसपी ने सरकंडा थाना में पूर्व में पदस्थ रहे थाना प्रभारी जेपी गुप्ता व सब इंस्पेक्टर रमेश साहू को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही आज एक आदेश निकालकर सीपत थाने में पदस्थ थाना प्रभारी रमेश कुमार चौहान को लाइन की रवानगी दे दी। साथ ही लाइन से कृष्ण चंद्र सिदार को थाना प्रभारी सीपत बनाकर भेज दिया।

ज्ञातव्य है कि पूर्व में सरकंडा थाना में जेपी गुप्ता सरकंडा थाना प्रभारी के पद पर पदस्थ थे। उनका तबादला अन्यत्र जिला किए जाने के बाद उन्होंने हाई कोर्ट से स्टे ले लिया था। थाने से रिलीव होने के बाद इस वक्त वह पुलिस लाइन में पदस्थ थे। मिली जानकारी के अनुसार पिछले माह सरकंडा थाना क्षेत्र में हुए पंकज उपाध्याय के जघन्य हत्याकांड की डायरी का अवलोकन एसपी रजनेश सिंह ने किया। गंभीर अपराधों की विवेचना थाना प्रभारी द्वारा स्वयं करने के उच्च अधिकारियों के निर्देशों का पालन इस केस में नहीं हुआ था। सब इंस्पेक्टर से मामले की विवेचना करवाई जा रही थी। साथ ही इस बात की जानकारी भी सामने आई कि उक्त हत्याकांड में शामिल आरोपियों के द्वारा पूर्व में भी आपराधिक वारदातों को अंजाम दिया गया था। पुराने दर्ज आपराधिक मामलों में विवेचना सही ढंग से नहीं की गई थी।

जिसके चलते आरोपियों को पुराने मामले में जमानत मिल गई और उनके बुलंद हौसलों ने एक बार फिर हत्याकांड को अंजाम दे दिया। हत्याकांड का सीसीटीवी भी वायरल हुआ था जिसमें मृतक पंकज उपाध्याय को बेरहमी से मारा गया था। साथ ही उसका मित्र भी मरणासन्न स्थिति में पहुंच गया था। मृतक पंकज उपाध्याय के पिता ने गृह मंत्री विजय शर्मा से आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलवाने की मांग की थी। इसके बाद कलेक्टर अवनीश शरण और निगम आयुक्त अमित कुमार ने आरोपियों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर शमशान की भूमि में आरोपियों के द्वारा बनाए गए आलीशान भवन व दुकानों की जांच करवा उस पर बुलडोजर चलवा दिए थे। एसपी रजनेश सिंह को कई खामियां भी अन्य प्रकरणों की विवेचना के दौरान दिखे और उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना भी परिलक्षित हुई। जिसके चलते उन्होंने पुलिस लाइन बिलासपुर में पदस्थ निरीक्षक जेपी गुप्ता थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर रमेश साहू को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार एसपी को थाने में केस डायरियों के अवलोकन में हत्या जैसे गंभीर अपराध में थाना प्रभारी द्वारा खुद से विवेचना नही करना, प्रकरणों की जांच में लापरवाही बरतना, पंकज उपाध्याय हत्याकांड के आरोपियों के पूर्व अपराधिक मामलों में सही ढंग से जांच नहीं करने के कारण जमानत मिलना, उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करना जैसे अनुशासनहीनता पाया गया। जिसके चलते निरीक्षक जेपी गुप्ता और उप निरीक्षक रमेश साहू को निलंबित किया गया है।

जिले की सवा 4 लाख महिलाओं की खातों में आएगी महतारी वंदन की राशि

महतारी वंदन सम्मेलन 10 को, कलेक्टर ने की समीक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में महतारी वंदन योजना का लाभ 10 मार्च को लगभग सवा 4 लाख महिलाओं को मिलेगा। महतारी वंदन सम्मेलन के लिए जिला प्रशासन द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए। जिला स्तरीय कार्यक्रम बहतराई इंडोर स्टेडियम में 10 मार्च को दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वीसी से जुड़कर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। डीबीटी के जरिए योजना की पहली किस्त प्रति हितग्राही 1 हजार रूपये चयनित महिलाओं के खाते पर अंतरित करेंगे। वे चुनिंदा हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। कलेक्टर ने बैठक में कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए और जिम्मेदारियां सौंपी। नगर निगम क्षेत्र के लिए कमिश्नर अमित कुमार और जनपदों के लिए संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। महतारी वंदन सम्मेलन का कार्यक्रम बिल्हा में मण्डी प्रांगण, मस्तुरी ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर भदौरा, नगर पंचायत मल्हार कार्यालय के भवन के समीप, तखतपुर में मण्डी परिसर, इसी प्रकार कोटा और रतनपुर में भी आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर ने मंच व्यवस्था, महिला हितग्राहियों से संवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैठक व्यवस्था आदि के संबंध में सभी तैयारियों को जिम्मेदारी से पूर्ण करने कहा।

94 नग देशी शराब जब्त 6 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु निदेर्शित किया गया है जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा एवंअनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में नवनियुक्त थाना प्रभारी प्रशि. आई.पी.एस अजय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर अवैध शराब बिक्री करने वाले कोचियों के विरूद्ध रेड कार्यवाही करने हेतु मुखबिर तैनात किया गया था, जो 7 मार्च को मुखबिर सूचना पर थाना रतनपुर क्षेत्र के अलग -अलग स्थानों पर रतनपुर पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही कर ग्राम जाली की रहने वाली संतोषी नेताम के घर के बाड़ी से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1050 रूपये, ग्राम रानीगाँव निवासी रोशन डगर्जी के कब्जे से 44 नग देशी प्लेन शराब कुल 7.920 लीटर कीमती 3520 रूपये, ग्राम कडरी के अर्जून खैरवार के घर बाड़ी से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 12 सौ रूपये, ग्राम बेलपारा बेलतरा निवासी संतोष नेताम के घर के आँगन से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 15 सौ रूपये, छोटू ढाबा अंधियारीपारा के संचालक राजेन्द्र कश्यप के ढाबा से 50 नग देशी प्लेन शराब कुल 9 लीटर 4 हजार रूपये को उक्त व्यक्तियों से बरामद कर उक्त शराब को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में प्रशि.आईपीएस अजय कुमार थाना प्रभारी थाना रतनपुर, निरीक्षक देवेश सिंह राठौर, सउनि शिव चन्द्रा, सउनि ढोलाराम मरकाम, प्र.आर. बलदेव सिंह, गजेन्द्र सिंह, सत्यप्रकाश यादव, म.आर. स्वाती बंजारे, आर. नंदकुमार यादव, महेन्द्र नेताम, प्रफुल्ल यादव, घनश्याम राठौर, अजय सोनी, कीर्ति पैंकरा का विशेष योगदान रहा।

प्रेस क्लब ने महिला पत्रकारों को किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। भले ही महिलाओं के सम्मान में महिला दिवस बनाया जाता है, पर महिलाएं हमारे जीवन का वो अंग है जिनके बिना जीवन अधूरा है, चाहे फिर वो बेटी हो बहु हो या मां हो, नारी का सम्मान करना हमारे जीवन का कर्तव्य है, बच्चे को जीवन देने से ले कर मां उसका भविष्य बनाने अपना सब कुछ निछावर कर देती है, नारी में असीम शक्ति होती है जिसे समझ पाना हम पुरषों के बस की बात नहीं है। इसी लिए इनके प्रोत्साहन के लिए महिला दिवस मनाया जाता है।वही बिलासपुर प्रेस क्लब में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी व महिला पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर महिला पत्रकारों ने भी आज पत्रकारिता और चुनौतियों पर अपनी बात रखी और अपने अनुभव साझा किए।

राघवेंद्र राव सभा भवन स्थित बिलासपुर प्रेस क्लब में गुरुवार को संगोष्ठी के दौरान मुख्य अतिथि डीपी विप्र कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजू शुक्ला ने कहा कि जिस प्रकार दर्पण हमें चेहरा दिखाता है, उसी तरह पत्रकारिता बताती है कि समाज में हमारी छवि कैसी है। उन्होंने कहा कि स्त्रियां तभी आगे बढ़ती है, जब पुरुष उनका सम्मान करता है। पुरुष चेतना है, तो स्त्री उसकी शक्ति है। जहां स्त्रियां नहीं होती, वहां परिवार बिखर जाता है। कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ पत्रकार व प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन की राष्ट्रीय महासचिव शशि दीप ने महिलाओं को आपस में तालमेल बनाकर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई किसी से कम नही है। आज पुरुष प्रधान समाज जरूर है, लेकिन पुरुष वर्ग हमेशा हमारी सहायता के लिए खड़ा रहता है। विशिष्ठ अतिथि प्रो. किरण दुबे ने बचपन के कठिन दौर को साझा किया। खास तौर पर कोरोना के दौर के भयावह त्रासदी को याद किया कि किस तरह वो खुद और उनका परिवार इस प्रभावित हुआ। उन्होंने कभी हिम्मत ना हारने कि बात कही। कार्यक्रम का संचालन सहसचिव दिलीप जगवानी व आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष प्रतीक वासनिक ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष इरशाद अली, उपाध्यक्ष संजीव पांडेय,सचिव दिलीप यादव, कार्यकारिणी सदस्य गोपीनाथ डे, लोकेश वाघमारे, अखलाक खान, जेपी अग्रवाल, पंकज गुप्ते व प्रेस क्लब सदस्य उपस्थित थे।

वही करें, जिसमें उनकी रुचि हो-पूजा कुमार

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं सिटी कोतवाली सीएसपी आईपीएस पूजा कुमार ने अपनी पढ़ाई और आईपीएस बनने तक के सफर को साझा किया। उन्होंने कहा कि आज के जमाने में महिला बेहद सशक्त है।कोई भी ऐसा फिल्ड नहीं, जहां महिलाओं ने अपनी पहचान ना बनाई है। मार्ग छोड़ा हो। उन्होंने कहा कि पेंरट्स की फ्रीडम बेटियों के लिए जरूरी है। महिलाओं पिंक कालर जॉब का कांसेप्ट होता है, मैं कहती हूं कि वही करें, जिसमें उनकी रुचि हो।

इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में अतिथियों ने सम्मान चिन्ह, सम्मान पत्र व गुलदस्ते से महिला पत्रकारों का सम्मान किया। इनमें शीला पाठक, तारिणी शुक्ला, शहजादी कुरैशी, मधु शर्मा, काजल कश्यप, स्वाति मिश्रा, उषा सोनी, ऋतु साहू, मधु खान और नियति ओझा को उनकी पत्रकारिता में सक्रिय उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

सम्मेलन प्रदेश भर के जिला पंचायत ,जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य और ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच होंगे शामिल

राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मेलन में जाएंगे संभाग प्रतिनिधि

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन 11 मार्च को राजधानी रायपुर में आयोजित है जिसमे, प्रदेशभर के जिला पंचायत, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य और ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच शामिल होंगे।

उक्त जानकारी देते हुए बिलासपुर प्रेस क्लब में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान और मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरपी चौहान ने पत्रकारों को बताया कि त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिधियों का राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन 11 मार्च को साईंस कालेज मैदान रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। राज्य के 27 जिला पंचायतों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित कुल 400 जिला पंचायत सदस्य, 146 जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 2979 जनपद पंचायत सदस्य तथा 11647 सरपंच एवं उप सरपंच सहित लगभग 26000 पंचायत प्रतिनिधियों को उक्त

सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा तथा मंत्रीगण व अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे। कार्यकम में पंचायती राज संस्था के सशक्तिकरण तथा विकास की योजनाओं के क्रियन्वयन पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के द्वारा संकल्प पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से अभिन्नंदन पत्र पारित किया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री के प्रति विकास योजनाओं तथा व्यकित मुलक योजनाओं के अपने अपने पंचायतो में सफल कियान्वयन के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी रोजगार गांरटी योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, (बिहान 15 वे वित्त आयोग) जैसे और भी अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रो में मनरेगा के तहत जहा रोजगार की गांरटी दी जा रही है। वही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के द्वारा आवासहीन व अन्य जरूरत मंद परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए अनुदान दिया जा रहा है। इसके साथ साथ महिलाओं के सशक्तीकरण आत्मनिर्भरता व आर्थिक उन्नति के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं का समूह बनाकर उनहे लखपति दीदी बनाने के लिए संगठित प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं के स्वाभिमान की रक्षा के लिए घर घर पक्के शौचालय का निर्माण किया गया है।

वंदन योजना की तैयारी पूरी

उन्होंने बताया कि सरकार की घोषणा पत्र के अनुरूप महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिला को एक हजार रुपए प्रतिमाह देने की पूरी तैयारी कर ली गई है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क रसोई गैस का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

श्री चौहान ने आयोजन को लोकसभा चुनाव की दृष्टि से आयोजित किए जाने की बात को नकारते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायतों जे चुनाव गैर दलीय होते है इसलिए आयोजन को राजनैतिक नजरिए से नही देखा जाना चाहिए और इसीलिए आयोजन में सभी दलों से संबंध रखने वाले निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। ऐसे आयोजन राजधानी में कांग्रेस शासनकाल के दौरान भी आयोजित किया जा चुका है।

गैस सिलेंडर अब 800 रुपए में

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) के दाम 100 रुपए कम करने का ऐलान किया है। इस कटौती के बाद अब दिल्ली में कीमत 903 से घटकर 803 रुपए, भोपाल में 808.50 रुपए, जयपुर में 806.50 रुपए और पटना में 901 रुपए हो गई है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ङ्ग पर लिखा, %इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।

इससे पहले रक्षाबंधन के मौके पर सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) के दामों में 200 रुपए की कटौती की थी। तब दिल्ली में कीमत 1103 रुपए से घटकर 903 रुपए, भोपाल में 908, जयपुर में 906 रुपए हो गई थी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि ओनम और रक्षाबंधन के त्योहार पर दाम घटाकर क्करू मोदी ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। देश के 33 करोड़ कंज्यूमर्स को इसका फायदा मिलेगा। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत स्नक्क सिलेंडर पर दी जाने वाली 300 रुपए की सब्सिडी को बीते दिन 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया है। 7 मार्च को कैबिनेट मीटिंग में ये फैसला लिया गया। केंद्रीय मंत्री ने बताया था कि इस योजना का लाभ 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को मिलेगा। सब्सिडी वाले सिलेंडरों की संख्या में भी इजाफा किया गया है। पहले 10 सिलेंडर पर सब्सिडी मिलती थी, अब इसे बढ़ाकर 12 कर दिया गया है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार 23वें महीने स्टेबल यानी जस की तस बनी हुई हैं। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 प्रति लीटर है और डीजल 89.62 प्रति लीटर है। आखिरी बार 21 मई 2022 में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव किया गया था। तब पेट्रोल पर 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर उत्पाद शुल्क घटाया गया था। इससे पेट्रोल और डीजल के दाम 9.5 रुपए और 7 रुपए कम हो गए थे।

इंडिया एआई मिशन : इन सात प्रमुख बिन्दुओं पर होगा काम

नई दिल्ली। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उद्योगों में गोपनीयता संबंधी चिंताओं के बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट खर्च के साथ राष्ट्रीय स्तर के इंडियाएआई मिशन को मंजूरी दे दी है।

कंप्यूटिंग पहुंच का लोकतंत्रीकरण करके, डेटा गुणवत्ता में सुधार करके, स्वदेशी एआई क्षमताओं को विकसित करके, शीर्ष एआई प्रतिभाओं को आकर्षित करके, उद्योग सहयोग को सक्षम करके, स्टार्टअप जोखिम पूंजी प्रदान करके, सामाजिक रूप से प्रभावशाली एआई परियोजनाओं को सुनिश्चित करके और नैतिक एआई को मजबूत करके मिशन इंडिया के एआई पारिस्थितिकी तंत्र के जिम्मेदार समावेशी विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। .आईटी मंत्रालय ने कहा कि मिशन को डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन (डीआईसी) के तहत 'इंडियाएआई' इंडिपेंडेंट बिजनेस डिवीजन (आईबीडी) द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। सुरक्षित और विश्वसनीय एआई स्तंभ 'जिम्मेदार एआई' परियोजनाओं के कार्यान्वयन को सक्षम करेगा, इसमें स्वदेशी उपकरण और ढांचे का विकास, नवप्रवर्तकों के लिए स्व-मूल्यांकन चेकलिस्ट और अन्य दिशानिर्देश और शासन ढांचे शामिल हैं।'फ्यूचरस्किल्स' पहल की संकल्पना एआई कार्यक्रमों में प्रवेश की बाधाओं को कम करने के लिए की गई है और यह स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर और पीएचडी कार्यक्रमों में एआई पाठ्यक्रमों को बढ़ाएगी।मंत्रालय ने कहा कि बुनियादी स्तर के पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए देश भर के टियर 2 और 3 शहरों में डेटा और एआई लैब स्थापित किए जाएंगे।इंडियाएआई कंप्यूट स्तंभ भारत के तेजी से बढ़ते एआई स्टार्टअप और अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए एक उच्च-स्तरीय स्केलेबल एआई कंप्यूटिंग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेगा।इस पारिस्थितिकी तंत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से निर्मित 10,000 या अधिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) का एआई कंप्यूट बुनियादी ढांचा शामिल होगा।

एआई मार्केटप्लेस को एआई इनोवेटर्स को एक सेवा और पूर्व-प्रशिक्षित मॉडल के रूप में एआई की पेशकश करने के लिए डिज़ाइन किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अनुसार, यह एआई नवाचार के लिए महत्वपूर्ण संसाधनों के लिए वन-स्टॉप समाधान के रूप में कार्य करेगा। अगला घटक इंडियाएआई इनोवेशन सेंटर है, जो महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्वदेशी बड़े मल्टीमॉडल मॉडल और डोमेन-विशिष्ट मूलभूत मॉडल के विकास और तैनाती का कार्य करेगा। मिशन का एक अन्य प्रमुख पहलू इंडियाएआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म है।

एक्स पर बड़ा अपडेट, यूजर्स को मिलेगा सुविधा का लाभ

नई दिल्ली। एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स ने शुक्रवार को 'आर्टिकल्स' पेश किया, जो इस प्लेटफ़ॉर्म पर लंबे प्रारूप में लिखित सामग्री शेयर करने का एक नया तरीका है।प्रीमियम यूजर्स व एक्स की सेवाओं के लिए भुगतान करने वाले अब इस प्लेटफ़ॉर्म पर स्टाइलिस्ड टेक्स्ट, एम्बेडेड छवियों और वीडियो के साथ लेख पोस्ट कर सकते हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, आर्टिकल एक्स पर लंबे प्रारूप में लिखित सामग्री को शेयर करने का एक नया तरीका है। आर्टिकल प्रकाशित करना प्रीमियम+ यूजर्स और सत्यापित संगठनों तक सीमित एक सुविधा है। टेक्स्ट के अलावा, लेखों में चित्र, वीडियो, जीआईएफ, पोस्ट और लिंक शामिल हो सकते हैं। आप टेक्स्ट को शीर्षकों, उपशीर्षकों, बोल्ड, इटैलिक, स्ट्राइकथ्रू, इंडेंटेशन, संख्यात्मक और बुलेटेड सूचियों के साथ भी दे सकते हैं। लेख लिखने के लिए, एक्सडॉटकॉम पर साइड नेविगेशन में लेख टैब पर जाएं, लिखें पर क्लिक करें और जब आप तैयार हों, तो प्रकाशित करें।फिर आपका लेख टैब पर आपकी प्रोफ़ाइल पर लाइव होगा। सोशल मीडिया नेटवर्क ने कहा कि आप लेख को प्रकाशित करने के बाद संपादित भी कर सकते हैं और पूरी तरह से हटा भी सकते हैं।

सेंसेक्स पहली बार 74 हजार के शिखर पर पहुंचा

मुंबई। सेंसेक्स 409 अंक उछलकर पहली बार 74,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स 409 अंक या 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,085.99 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 118 अंक या 0.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,474.05 पर बंद हुआ, दोनों अपने नए समापन शिखर पर बंद हुए।

15 जनवरी को आखिरी मील का पत्थर हासिल करने के बाद से सेंसेक्स ने 37 सत्रों में इसे हासिल किया है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के वरिष्ठ निवेश रणनीतिकार श्रीराम बी.के.आर. ने कहा, 1000 अंक की रैली के नवीनतम चरण में कुल बाजार पूंजी लगभग 15.3 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। 2 मार्च को 394 लाख करोड़ रुपये की नई ऊंचाई पर पहुंचने के बाद बीएसई का कुल बाजार पूंजीकरण 391.3 लाख करोड़ रुपये बताया गया, जो 400 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े से कुछ लाख करोड़ कम है।

सेंसेक्स का नवीनतम 5,000 अंक का मील का पत्थर 69,000 से निकलकर लगभग 65 सत्रों या 3.1 महीनों में हुआ। विश्लेषक के अनुसार, 64,000 से नवीनतम 10,000 अंक का मील का पत्थर 172 सत्रों या 8.3 महीनों में हुआ। जनवरी 2018 में सूचकांक को 35,000 अंक के मील के पत्थर पर चढ़ने में 32.1 साल लग गए। श्रीराम ने कहा, अगले 35,000 अंक अगले 5.9 वर्षों में जुड़ गए (100 प्रतिशत की वृद्धि)।

इसे जनता के सामने आने वाले नए मुद्दों और लिस्टिंग के साथ-साथ सूचीबद्ध शेयरों की कीमत में बढ़ोतरी से सहायता मिली। दिसंबर 2023 को समाप्त तीन महीनों के दौरान भारत की जीडीपी 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो दुनिया की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। बुधवार को जारी क्रिसिल की इंडिया आउटलुक रिपोर्ट के मुताबिक, देश की आर्थिक प्रगति को घरेलू संरचनात्मक सुधारों और चक्रीय कारकों से समर्थन मिलेगा। क्रिसिल का अनुमान है कि 2031 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखते हुए भारत संभावित रूप से अपनी विकास संभावनाओं को भी पार कर सकता है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि यह विकास प्रक्षेपवक्र भारत को 2031 तक उच्च मध्यम-आय का दर्जा प्राप्त करने की स्थिति में रखता है, जिससे अर्थव्यवस्था दोगुनी होकर 7 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है।आम तौर पर भारत को प्रमुख विश्व अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक 'ब्राइट स्पॉट' के रूप में देखा जाता था, जिससे इक्विटी में रिकॉर्ड विदेशी प्रवाह होता था, जिससे बाजारों को ऊंचे स्तर पर पहुंचने में मदद मिलती थी। श्रीराम ने कहा, बाजार आगे बढ़ते हुए वित्तवर्ष 2024 के लिए भारतीय कॉर्पोरेट के मूल्यांकन प्रक्षेप पथ और आय वृद्धि व आगामी आम चुनाव से संबंधित घटनाक्रम पर नजर रखना जारी रखेंगे।

टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन 1 अप्रैल से महंगे हो जाएंगे

मुंबई। टाटा मोटर्स ने घोषणा की कि वह 1 अप्रैल से अपने विभिन्न मॉडलों में वाणिज्यिक वाहनों की कीमत 2 प्रतिशत तक बढ़ाएगी। कंपनी ने कहा, मूल्यवृद्धि पिछली इनपुट लागतों के अवशिष्ट प्रभाव की भरपाई कर देगी। हालांकि कीमत में बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग होगी, यह वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी। टाटा मोटर्स कारों, उपयोगिता वाहनों, पिक-अप, ट्रकों और बसों की अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माता है। भारत, यूके, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया में परिचालन के साथ कंपनी अफ्रीका, मध्य पूर्व, लैटिन अमेरिका, दक्षिण पूर्व एशिया और सार्क देशों में अपने वाहनों की मार्केटिंग करती है।

भारत 8 विकेट पर 462 रन

धर्मशाला। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जा रहा है। स्टेडियम में इंग्लैंड अपनी पहली पारी में 218 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। शुक्रवार को भारत ने 135/1 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। फिलहाल दूसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने पहली पारी में 8 विकेट के नुकसान पर 462 रन बना लिए।

शुभमन गिल 110, रोहित शर्मा 103 और यशस्वी जायसवाल 57 रन बनाकर आउट हुए। बशीर को 2 विकेट मिले। एक-एक सफलता जेम्स एंडरसन और बेन स्टोक्स को भी मिली। देवदत्त पडिक्कल ने शोएब बशीर के ओवर की पहली ही बॉल पर सिक्स लगा दिया। इसी के साथ उन्होंने डेब्यू मैच में फिफ्टी भी पूरी कर ली। पडिक्कल ने सरफराज के साथ चौथे विकेट के लिए 97 रन की पार्टनरशिप भी की। भारत ने 376/3 के स्कोर से तीसरे सेशन में अपनी पारी आगे बढ़ाई। टीम को पहली ही बॉल पर झटका लग गया। सरफराज खान शोएब बशीर के खिलाफ कट शॉट खेलने की कोशिश में फर्स्ट स्लिप में कैच हो गए। उन्होंने 60 बॉल पर 56 रन बनाए। टीम इंडिया ने 264/1 के स्कोर से दूसरे सेशन में अपनी पहली पारी आगे बढ़ाई। शुभमन गिल 110 और रोहित शर्मा 103 रन बनाकर आउट हो गए। जेम्स एंडरसन और बेन स्टोक्स ने एक-एक विकेट लिया। यहां से देवदत्त पडिक्कल और

सरफराज खान ने टीम को संभाला और 97 रन की पार्टनरशिप कर ली। सरफराज खान ने फिफ्टी लगाई। सेशन में इंग्लैंड ने 24 ओवर बॉलिंग की, भारत ने 112 रन बनाए। सरफराज खान ने शोएब बशीर के खिलाफ चौका लगाया। इसी चौके के साथ उनकी फिफ्टी भी पूरी हो गई। सीरीज और करियर में सरफराज की तीसरी फिफ्टी रही। उन्होंने देवदत्त पडिक्कल के साथ चाय काल तक 97 रन की पार्टनरशिप भी कर ली।सरफराज खान ने मार्क वुड के खिलाफ सिंगल लिया। इसी के साथ भारत के 350 रन भी पूरे हो गए, टीम की लीड भी 132 रन की हो गई। इंग्लैंड ने पहली पारी में 218 रन बनाए थे। सरफराज के साथ देवदत्त पडिक्कल भी पिच पर मौजूद रहे। देवदत्त पडिक्कल और सरफराज खान ने 2 लगातार विकेट गिरने के बाद भारत को संभाला। दोनों ने सेट होने के बाद शॉट्स लगाने शुरू कर दिए।

डब्ल्यूपीएल ने भारत में महिला क्रिकेट को दी पहचान

नई दिल्ली। महिला दिवस के मौके पर हर कोई महिलाओं के सम्मान में नतमस्तक है। हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी काबिलियत साबित की। देश की सुरक्षा, कॉर्पोरेट सेक्टर, मेडिकल साइंस या खेल हर जगह महिलाओं का बोलबाला नजर आया। वहीं काफी समय से अपनी पहचान तलाश रही भारतीय महिला क्रिकेटरों ने देर से ही सही लेकिन एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया।

महिला दिवस के मौके पर हम बात कर रहे हैं कि कैसे डब्ल्यूपीएल महिला क्रिकेट के लिए वरदान साबित हुआ। साल 2023 को भारत में महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष माना जा सकता है। शैफाली वर्मा की कप्तानी में भारत ने दक्षिण अफ्रीका में उद्घाटन

महिला अंडर 19 विश्व कप जीतकर एक खास उपलब्धि हासिल की।

फिर, सीनियर महिला टीम ने चीन के हांगझोऊ में एशियाई खेलों के टी20 डेब्यू में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता।इसके बाद उसने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 साल के अंतराल के बाद घरेलू मैदान पर टेस्ट खेला और जीत हासिल की। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई ने पुरुष और महिला अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए मैच-फीस समानता की घोषणा की थी।लेकिन अगर कोई एक क्षण है जो इस मामले में शीर्ष स्थान लेता है, तो वह 4 मार्च को नवी मुंबई में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की शुरुआत है।कई क्रिकेटरों और महिला क्रिकेट की दिग्गजों की लंबे समय से चली आ रही इच्छा आखिरकार पूरी हो गई है। यह एक वास्तविकता बन गया, जिसने हर ओर से सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। डब्ल्यूपीएल 2023 के दौरान मुंबई और नवी मुंबई में स्टेडियम खचाखच भीड़ से भरे हुए थे, जो भारत में महिला क्रिकेट के लिए भारी समर्थन को दर्शाता है। इस साल के डब्ल्यूपीएल में बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को दो नए स्थानों - बेंगलुरु और नई दिल्ली में आयोजित किया है।

बांग्लादेश बनाम श्रीलंका: तीसरे टी-20 मैच की ड्रीम इलेवन

नईदिल्ली। बांग्लादेश क्रिकेट टीम और श्रीलंका क्रिकेट टीम के बीच टी-20 सीरीज का तीसरा मैच 9 मार्च को खेला जाएगा। इस समय सीरीज 1-1 से बराबरी पर है और ऐसे में आखिरी मैच निर्णायक रहने वाला है।बांग्लादेश ने अब तक श्रीलंका के विरुद्ध कोई टी-20 सीरीज नहीं जीती है और मेजबान टीम के पास नया इतिहास लिखने का सुनहरा मौका होगा। इस मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और अन्य बातों के बारे में जानते हैं। दूसरे टी-20 में बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शान्तो ने अर्धशतक लगाकर जीत दिलाई थी। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज लिटन दास ने भी अच्छी बल्लेबाजी की थी।बांग्लादेशी टीम सीरीज के लिहाज से महत्वपूर्ण मैच में भी अपने प्रमुख खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। संभावित एकादशः लिटन दास (विकेटकीपर), सौम्या सरकार, नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, जाकिर अली, मेहदी हसन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम और रिशाद हुसैन। आखिरी टी-20 मैच के लिए श्रीलंकाई टीम में वनिंदु हसरंगा की वापसी होगी। वह प्रतिबंध के चलते शुरुआती 2 मैचों के लिए उपलब्ध नहीं थे।

फिल्म मैदान का दमदार ट्रेलर हुआ रिलीज



फुटबॉल कोच की भूमिका में जमे अजय देवगन

अजय देवगन की फिल्म मैदान को लेकर काफी चर्चा बनी हुई है. अब आखिरकार मेकर्स ने लंबे इंतजार के बाद फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे देखने के बाद फिल्म के लिए काफी उत्सुकता बढ़ गई है. डायरेक्टर अमित शर्मा मैदान के साथ इस बार स्पोर्ट्स ड्रामा पर दांव खेलने जा रहे हैं. वहीं, 2 मिनट 43 सेकंड के इस ट्रेलर में अजय देवगन फिर से अपने दमदार अंदाज से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए बिल्कुल तैयार है.बीते बुधवार को मेकर्स ने मैदान का टीजर जारी करते हुए इसके ट्रेलर का ऐलान किया था।

इसके बाद से ही सुबह से फैंस इसका इंतजार कर रहे थे. ट्रेलर में 1952 से लेकर 1962 तक का दौर दिखाया गया है.इस समय को भारतीय फुटबॉल का गोल्डन एरा माना जाता है. सच्ची घटना पर आधारित मैदान में फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के कड़े संघर्ष को दिखाया गया है. उनके बाद ही भारतीय टीम ने एशियाई गेम्स में कई गोल्ड मेडल अपने नाम किए.

फिल्म में अजय देवगन को पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच सैयद अब्दुल रहीम का किरदार निभाते हुए देखा जा रहा है. अब मैदान के ट्रेलर ने दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता बढ़ा दी है. फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट का आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन बताया जा रहा है कि फिल्म ईद के खास मौके पर अप्रैल, 2024 में ही रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है.गौरतलब है कि फिल्म में अजय के साथ साउथ फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस प्रियामणि को लीड एक्ट्रेस के तौर पर देखा जा रहा है. फिल्म में उन्होंने सैयद अब्दुल की पत्नी का किरदार निभाया है. उनके अलावा इसमें गजराज राव, रुद्रानील घोष और मधुर मित्तल जैसे सितारे भी अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं. अजय देवगन ने ट्रेलर के बाद से काफी उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

शत्रुघन सिन्हा, आशुतोष राणा और सनी लियोन स्टारर गन्स ऑफ गाजियाबाद का पोस्टर रिलीज

फिल्मों में शत्रुघ्न सिन्हा की अदाकारी दर्शकों ने खूब देखी है। अभिनेता अब ओटीटी की दुनिया में दस्तक देने वाले हैं। इसकी बोहनी वे सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद से कर रहे हैं। इसकी शूटिंग वे पूरी कर चुके हैं। आज इसका फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी कर दिया गया है।शत्रुघ्न सिन्हा लंबे वक्त से फिल्मी दुनिया से दूर राजनीति में सक्रिय हैं। वे आसनसोल लोकसभा सीट से टीएमसी सांसद हैं। अब एक बार फिर अभिनेता अपने अभिनय का जादू दर्शकों पर चलाने आ रहे हैं। हालांकि, इस बार वह ओटीटी के जरिए मनोरंजन करने वाले हैं। वह वेब सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद में अपने अभिनय से दर्शकों को खामोश करने वाले हैं।इस वेब सीरीज का निर्देशन नागेंद्र चौधरी ने किया है।

शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट साझा कर उनके साथ काम करने का अनुभव साझा किया है। अभिनेता ने लिखा है, एक शानदार और अनुभवी निर्देशक नागेंद्र चौधरी के साथ काम करना यादगार अनुभव रहा।

■ न्यूज गैलरी

नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को वर्चुअल संबोधित किया

मुंगेली/नवप्रदेश। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बारासती पश्चिम बंगाल से लाभार्थी महिलाओं को वर्चुअल संबोधित किया। जिसे कृषि उपज मंडी प्रांगण में लगे एलईडी के माध्यम से देखा और सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण पश्चात पश्चिम बंगाल के बारासती पहुँच कर विशाल जनसभा को तथा देशभर के विभिन्न स्थानों पर एकत्रित लाभार्थी महिलाओं को वर्चुअल रूप से संबोधित किया। जिला मुख्यालय में नगर पालिका परिषद मुंगेली के सौजन्य से कृषि उपज मंडी प्रांगण में लगाए गए एलईडी के बड़ी स्क्रीन में देखा और सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में एनडीए सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सहित महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए विभिन्न कार्यो और योजनाओं का जिक्र किया। कृषि उपज मंडी प्रांगण में पूर्व विधायक तोखन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष मोहन मल्लाह, सीएमओ अनुभव सिंह, द्वारिका जायसवाल, प्रेम आर्य, मोहन भोजवानी, सुनील पाठक, अंजना जायसवाल, यशोदा यादव, शिवकुमार बंजारा, मिट्ठूलाल यादव, मुकेश रोहरा आदि उपस्थित थे।

करही में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुंगेली ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रकुमार अजगल्ले के मार्गदर्शन में बालिकाओं को उनके अधिकार के संबंध में जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक सोनी के द्वारा शिविर में छात्राओं को गुड टच-बैड टच, संविधान के मूल अधिकार व मूल कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, नालसा हेल्पलाईन नं. 15100, पॉक्सो एक्ट, भा.द.सं. की धारा 354, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 व 2018, खेल-कूद व्यायाम आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम 2000 व इंटरनेट के माध्यम से हो रहे अपराध और उसके निदान के संबंध में बताया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

4 हजार 258 परीक्षार्थी में 4 हजार 174 परीक्षार्थी शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के विभिन्न विषयों इतिहास, कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित और व्यवसाय अध्ययन में 4 हजार 258 परीक्षार्थी में 4 हजार 174 परीक्षार्थी शामिल हुए। 84 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने जीआर चतुर्वेदी ने बताया कि हायर सेकेण्डरी परीक्षा में आज मुंगेली ब्लाक से 1 हजार 671 दर्ज में से 1 हजार 642 उपस्थित रहे व 29 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह लोरमी ब्लाक से 1 हजार 641 दर्ज में से 1 हजार 608 उपस्थित रहे। वहीं 33 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह पथरिया ब्लाक से 946 दर्ज में से 924 उपस्थित रहे एवं 22 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रों में नकल प्रकरण निरंक रहा तथा परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के सचिव वीके गोयल एवं सुनील श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चतुर्वेदी एवं दल क्रमांक 2 के अधिकारी-कर्मचारी रामकृष्ण वैष्णव, विक्रम सिंह ठाकुर के द्वारा परीक्षा केन्द्र बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय मुंगेली, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली एवं सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली का निरीक्षण विभाग के सचिव के द्वारा किया गया। परीक्षा केन्द्र में किसी प्रकार का नकल प्राप्त नही हुआ।

शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

मुंगेली/नवप्रदेश। महादेव की आराधना का पर्व महाशिवरात्रि अंचल में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। भक्तजन सुबह से ही शिवालय में पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना करते रहे। शिवालयों में दिनभर जलाभिषेक रूद्राभिषेक सहित पूजा अर्चना किए जाते रहे। इस अवसर पर मंदिर परिसर में तोरण एवं सजावट की गई थी। महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को सुबह से ही क्षेत्र के शिवालयों में श्रध्दालुओ का तांता लगना प्रारंभ हो गया था। भोलेनाथ के दर्शन के लिए हांथों में पूजन सामाग्री लेकर लोग घंटो लाईन में लगकर प्रतीक्षा भी करते रहे। शिवलिंग पर दूध, बेलपत्र, धतुरे से अभिषेक किया गया। शिव आराधना में महाशिवरात्रि का दिवस धार्मिक मान्यता के अनुसार विशेष महत्वपूर्ण दिन रहता है। भगवान शंकर की विशेष पूजा का यह अवसर ऐसा माना जाता है कि इस दिन दिल से निकली मुराद भगवान भोलेनाथ स्वीकार करते हैं। इसी मान्यता को लेकर श्रद्धालु भक्त जन महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना करते है। धर्म और आस्था का पर्व महाशिवरात्रि को भक्ति पूर्ण माहौल में मनाया गया।मल्हापारा स्थित नगर का सबसे प्राचीनतम खेमगिर, शंकर मंदिर में भगवान भोले की विशेष पूजा अर्चना की गई। खर्राघाट स्थित शिवालय, ग्राम नुनियाकछार में शिव मंदिर, बड़ा बाजार स्थित शिव मंदिर, खर्रीपारा शिव मंदिर, गर्ल्स स्कूल के पास हनुमान शिवमंदिर, सोनारपारा स्थित शिव मंदिर एवं सेतगंगा मंदिर में भी दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

खर्राघाट व नवागांव टेमरी में महाशिवरात्रि पर लगा मेला

मुंगेली/नवप्रदेश। अंचल में महाशिवरात्रि के अवसर पर अनेक स्थानों पर मेले का आयोजन किया गया। प्रमुख रूप से ग्राम रामगढ़ स्थित खर्राघाट का मेला एवं ग्राम नवागांव टेमरी में मेले का आयोजन किया गया।

मेंले में आस-पास के व्यवसायियों ने खिलौना मिठाई, चाट, गुपचुप, मिट्टी के बर्तन आदि की दुकाने बड़ी संख्या में लगी रही जहां मेले में उपस्थित लोगों ने खरीददारी करते हुए मेले का आनंद लेते रहे। नगर से लगे हुए ग्राम रामगढ़ में महाशिवरात्रि के अवसर खर्राघाट के किनारे भगवान भोलेनाथ के मंदिर एवं शिवालयों पर जलाभिषेक करने वालों की भीड़ सुबह से लगी रही। सुबह से ही आसपास के श्रद्धालु भक्तजन पैदल चलकर आगर नदी में ब्रम्हमुर्हत में स्नानकर श्रद्धालु भोलेनाथ को जलाभिषेक करते रहे। दूरदराज क्षेत्रों से आए दुकानदारों द्वारा सुबह से ही अपनी दुकान सजाकर रखे थे। ग्रामीणजन भगवान का पूजा-अर्चना करने के बाद मेला परिसर में परिचितों से मेल मुलाकात कर खरीदारी करते हुए शाम को घर लौटते रहे। मेले में बच्चे एवं युवाओं के लिए रहचूल एंव झूले विशेष आकर्षण का केन्द्र था। नवागढ़ रोड स्थित ग्राम पंचायत टेमरी नवागांव में महाशिवरात्रि के पर्व पर तीन दिनों तक मेले का आयोजन किया गया हैं। मेला स्थल पर हनुमान मंदिर भोलेनाथ शंकर भगवान का मंदिर संतोषी माता एवं कुण्ड स्थित हैं। यहां आसपास गांव के ग्रामीण मेला में सम्मिलित होने के लिए सुबह से ही मेला स्थल पर पहुंच गये थे। ग्राम सेतगंगा में 9 वीं शताब्दी के प्राचीन श्रीरामजानकी मंदिर में स्थापित कुण्ड में भी महाशिवरात्रि के अवसर पर आसपास के श्रद्धालु पहुंचकर स्नान कर पूजा अर्चना कर मन्नत मांगते रहे।

बाराती घर में घुसकर मोबाइल चोरी, युवक गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा ने थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है, इसके लिए गस्त पेट्रोलिंग बढ़ने और संपत्ति संबंधी अपराध करने वालो की सूची तौर कर उनकी।चेकिंग के लिए हिदायत पुलिस अधीक्षिका के द्वारा दी गई है, एएसपी गायत्री सिंह को इसकी मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तारतम्य में सक्ति पुलिस को सूचना मिली की अग्रसेन धर्मशाला हटरी में एक वैवाहिक कार्यकर्म के दौरान मोबाइल चोरी हुए हैं। पुलिस ने तत्परता से पतासाजी करते हुए बुधवारी निवासी आनद शर्मा पिता राजू शर्मा को पकड़ा, जिसके पास से तीन मोबाइल बरामद हुए, जिनमे से एक मोबाइल प्रार्थी संदीप अग्रवाल का था और 2 मोबाइल को अन्यत्र जगह से चुराकर लाना पाया गया जिनका सिम निकाल कर चोर ने फेंक दिया था। पुलिस ने मोबाइल बरामद करके चोर के विरुद्ध धारा 451,380 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे रिमांड पर जेल दाखिल किया है। बाकी दो मोबाइल के आईएमईआई नंबर से उनके बारे में पतासाजी की जा रही है। अधीक्षक अंकिता शर्मा ने क्षेत्र के निवासियों से चोरों के संबंध में सतर्कता बरतने और संदिग्धों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।साथ ही यह भी बताया है, की कोई कॉल करके केस के। संबंध में बात क्रेक पैसे की मांग करे तो वो फर्जी कॉल होती हैं, उनके झांसे में न आए,और पुलिस को सूचित करें। इस कारवाई में थाना के प्रधान आरक्षक फलेंद्र मनहर,आरक्षक बृजकिशोर, दीपक बंजारे,जय नेताम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आयुष्मान कार्ड बनाने अभियान शुरू

मुंगेली। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में शत-प्रतिशत हिताग्रहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त शासकीय एवं निजी स्कूलों में बच्चों तथा प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और जिला चिकित्सालय में सभी नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसके अलावा अब मोबाईल एप के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवन्द्र पैकरा ने बताया कि इसके लिए मोबाईल में आयुष्मान एप और आधार फेस आरडी एप्लीकेशन इंस्टाल करके राशनकार्ड, आधार नम्बर एंट्री कर आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नम्बर 104 अथवा अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों में सम्पर्क किया जा सकता है।

कलेक्टर ने सीएचसी का चिकित्सकों से जाना हाल

सीएचसी में अब 6 विशेषज्ञ चिकित्सक दे रहे सेवा

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना के मिशन हेल्थ का एक नया आयाम अब सक्ती जिले के इतिहास में जुड़ गया है पहली बार सक्ती के सीएचसी अस्पताल में स्त्री रोग, निश्चेतना, मेडिसिन, नेत्र रोग, जनरल सर्जरी तथा शिशु रोग विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक, कार्यरत है। स्त्री रोग विशेषज्ञ सर्जन डॉ. कल्पना राठौर, मेडिसिन विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. समीर अग्रवाल तथा डॉ. सरजू राठिया, निश्चेतना विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. शीतल दास, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश बंजारे, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शगुप्ता अमीन अपनी चिकित्सकीय सेवा सक्ती सीएचसी में दे रहे हैं। साथ ही संस्था में सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. राहुल अग्रवाल की नियुक्ति हो चुकी है। नवीन जिला सक्ती में जिला स्थापना उपरांत विगत 1 वर्ष में 568 सफल सीजेरियन, 10 जटिल गर्भाशय सर्जरी तथा 361 महिला नसबंदी कर के स्त्री रोग विशेषज्ञ सर्जन और उनकी टीम सक्ती में अपना कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं। साथ ही दो मेडिसिन विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मेडिकल गहन चिकित्सा यूनिट संचालित कर कार्डियो बीमारी के 3 , सर्प दंश के 2, गंभीर स्वांस रोग के 7, हाई ब्लड प्रेशर के 22, शुगर के 2 तथा अन्य मिलाकर कुल 90 भर्ती मरीजों का सफल इलाज किया जा चुका है। इसी तरह नवजात शिशुओं के इलाज में पीलिया 51, जन्मजात संक्रमण के 33, इम्यूचर बेबी 12 केस का इलाज किया गया है। समुचित संसाधनों और स्टाफ के बीच चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा कार्य उल्लेखनीय है। कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना समय समय पर चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर विशेषज्ञ चिकित्सकों से उनकी कार्य कुशलता और उनको कार्य में आने वाली कठनाइयों के संबध में चर्चा करते आ रहे है। साथ कठिनाइयों के निदान हेतु नित्य नए प्रयास करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरज सिंह राठौर को मार्गदर्शन दे रहे हैं। यही कारण है आज समुचित संसाधनों के बीच चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सक सक्ती के सीएचसी अस्पताल में अपने सेवा देने उत्सुकता दिखा रहें हैं।

फर्जी धान खरीदी मामले में समिति प्रबन्धक व प्रभारी पर एफआईआर

जिले में कुल 50518 किसानों ने बेचा 317987 मीट्रिक टन धान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की टीम द्वारा विकासखंड लखनपुर के धान खरीदी केंद्र अमलभिट्ठी में धान के हेर-फेर के मामले में कार्रवाई की गई है। इसी कड़ी में पुलिस ने मामले की पुष्टि पर एफआईआर दर्ज की है। उल्लेखनीय है कि उक्त धान खरीदी केंद्र में गत 19 जनवरी को 1957.60 क्विंटल फर्जी धान खरीदी कर कुल 42,73,440 रुपये की शासन को आर्थिक क्षति पहुँचाने का मामला संज्ञान में आया था जिसमें जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी द्वारा समिति प्रबन्धक जैनेन्द्र प्रसाद राजवाड़े एवं धान खरीदी प्रभारी सह डाटा एंट्री ऑपरेटर शैलेन्द्र राजवाड़े से पूछताछ की गई थी। अब मामले की पुष्टि होने पर इनके विरुद्ध थाना दरिमा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

जिलें में धान खरीदी की स्थिति

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 हेतु कुल 50518 किसानों से 317987 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। उन्होंने बताया कि कुल 289978 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है। जिले में अब तक उठाव किए गए धान की मात्रा 284449 मीट्रिक टन है। कुल 12904 किसानों ने 1920.70 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया है।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र और आदिवासी बालक आश्रम का किया निरीक्षण

कलेक्टर एवम जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने आज जिले के उप स्वास्थ्य केंद्र जुड़गा और शासकीय आदिवासी बालक आश्रम आमापाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र जुड़गा में प्रतिदिन ओपीडी आईपीडी रजिस्टर को प्रबंधित करते हुये दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर स्वास्थ्य केंद्र को स्वच्छ रखने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही शासकीय आदिवासी बालक आश्रम आमापाली का निरीक्षण के दौरान छात्रों की उपस्थिति, पढ़ाई, सभी कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए बच्चों से भी बात की। इस दौरान बच्चों से पुस्तक और दीवालों में लिखे शब्दों को पढ़ाकर अक्षर ज्ञान चेक किया। कैंपस के अंदर लगे किचन गार्डन की सराहना करते हुए बच्चों के पढ़ाई के स्तर को सुधारने के साथ छात्रावास अधीक्षक को प्रतिदिन बच्चों के पढ़ाई के लिए लाइब्रेरी खोलने और बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सम्मान | महिला दिवस पर महिला सम्मान समारोह आयोजित, तीन दिवसीय खेलकूद एवं युवा उत्सव का शुभारंभ, नौ सौ से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। महिलाओं के सम्मान में प्रतिवर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को महिला सम्मान समारोह का आयोजन तथा तीन दिवसीय खेलकूद एवं युवा उत्सव का शुभारंभ अम्बिकापुर के राजमोहिनी भवन में किया गया। कार्यक्रम में अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, कलेक्टर विलास भोस्कर, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक पुपलेश, वार्ड पार्षद आलोक दुबे, मंजुषा भगत, सुश्री फुलेश्वरी सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी, आमजन एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

विधायक श्री अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा कि आज देश बदल रहा है। शासन की योजनाओं से आज महिलाएं लाभान्वित हुई हैं, आने वाला समय भी महिलाओं के लिए निश्चित रूप से अच्छा होगा। उन्होंने इस दौरान युवा खिलाड़ियों का मनोबल बढाते हुए कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास के साथ आपस में जुड़ाव भी होता है और सबसे बड़ी बात बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रहने में मदद मिलती है। आज मोबाइल फोन में व्यस्त रहने के कारण बच्चों का आपस में, परिवार में मिलना-जुलना कम हो गया है और यह एक कारण है कि अवसाद में आकर वे गलत कदम उठा लेते हैं, मन शांत रखें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-खेल का भी उतना ही महत्व है। कलेक्टर श्री भोस्कर ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि धरती में भगवान का रूप मां है। उन्होंने जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024 के आयोजन के सम्बन्ध में सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल का जीवन में बहुत अधिक महत्व है, उन्होंने बच्चों को हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की मेहनत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हार जीत खेल के साथ-साथ जीवन में लगा रहता है, हार को भी स्वीकार करें और प्रयास करते रहें। जीवन में समस्या का सामना करना हमें खेल सिखाता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

प्रतियोगिता में नौ सौ से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने जिला स्तरीय खेल एवं युवा महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया। जिसमें विभिन्न विधाओं में लगभग 775 महिलाओं एवं 150 पुरूष प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, रस्साकशी, रस्सीकूद, व्हालीबॉल आदि खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। वहीं युवा उत्सव के अंतर्गत लोकगीत, लोकनृत्य, शास्त्रीय गायन, क्लासिकल डांस, तत्कालिन भाषण, तबला वादन, गिटार वादन, ड्रायमोनिम वादन, हिन्दुस्तानी गायन आदि विधाओं में भी युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

9 महिलाओं को किया गया सम्मानित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 9 महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि फुलेश्वरी सिंह एवं मंजूषा भगत, जनसम्पर्क अधिकारी संगीता लकड़ा, सहायक सूचना अधिकारी मेघा यादव, एपीओ जिला पंचायत स्वेच्छा सिंह, समाज सेवी वन्दना दत्ता, प्राचार्या ज्योति सिंहा, शिक्षिका सुश्री लीना थामस, खिलाड़ी सुश्री देवलक्ष्मी सिंह को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

न्यूज गैलरी

न्योता भोज में संकुल के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं हुए शामिल

बिरनपुर खुर्द/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला बिरनपुर खुर्द में पदस्थ प्रधानपाठक श्री दिलीप कुमार धुर्वे अपने जन्मदिन- 04 मार्च 2024 के शुभावसर में न्योता भोज व संकुल बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया बैठक में चार प्राथमिक, दो माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं स्टाफ़ बैठक पश्चात जलपान के साथ न्योता भोजन किया। श्री संजीव कौशिक संकुल समन्वयक ने बताया कि न्योता भोजन का मुख्य उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास,भोजन के पोषक मूल्य में बृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है इस योजना के तहत समाज के अग्रणी और सक्षम लोगो के अलावा कोई भी सामाजिक संगठन स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते है बिरनपुर खुर्द प्रधानपाठक श्री दिलीप कुमार धुर्वे ने अपने प्राथमिक शाला के सभी बच्चों,शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष, सदस्यो व ग्राम वरिष्ठ नागरिकों के साथ संकुल परिवार के समस्त स्टाफ को खीर,पुड़ी, केला,मिष्ठान आदि व्यंजन एवं माध्यमिक शाला के सभी बच्चों को मिष्ठान खिलाकर एक मिसाल व अनुकरणीय कार्य कर दिखाया। दिलीप कुमार धुर्वे प्रधानपाठक आभार में कहा कि मेरा यह छोटे से प्रयास के तहत न्योता भोजन का आयोजन किया गया इससे पहले भी मैं अपने व अपने पुत्र का जन्मदिन में स्कूली बच्चों को चॉकलेट, केक, लड्डू वितरण कर मनाया करता था। किंतु आज मौका मिला कि पूरे संकुल परिवार शिक्षक/शिक्षिकाएं स्स्ष्ट अध्यक्ष, सदस्य व ग्राम-वरिष्ठ नागरिकगण को एक साथ बैठाकर खिलाने से आज छोटे-बड़े समुदाय के बीच समानता की भावना में जागरूकता पैदा किया। आप सभी को तहेदिल दिल से साभार जो मेरे शाला व ग्राम को एकता के सूत्र में बंधे रहने की संदेश दिया।

करेला प्राशा में छात्रों को अधिकारियों कर्मचारियों ने खिलाया न्यौता भोजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत ब्लाक के प्रा शाला नया करेला में छात्रों को न्यौता भोजन परोसा गया । नया करेला में विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय खैरागढ़ के अधिकारियो कर्मचारियों द्वारा न्योता भोजन का आयोजन किया गया था । न्यौता भोजन अंतर्गत स्कूल में छात्रों को खीर, पूड़ी, दाल, चावल, सब्जी, पापड़ व फल का वितरण कर भोजन कराया गया । इस दौरान बीईओ कार्यालय के कर्मचारी रविन्द्र गहरवार, पाल, सीएसी राकेश साहू, वरिष्ठ शिक्षक खेमलाल , शेष टंडिया, जनपद सदस्य, सरपंच, गांव प्रधान शाला विकास समिति सदस्यगण सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। छात्रों को न्यौता भोजन कराने के पश्चात स्कूल की प्रधान पाठिका शाहिदा खान ने आयोजन में उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

आरोपी से 26 सौ , 2 मोबाइल सहित 5 हजार की सटटा पटटी बरामद

खैरागढ़/नवप्रदेश । सटोरियो के खिलाफ जारी पुलिस कार्यवाही के दौरान खैरागढ़ पुलिस ने एक सटोरिए को गिरफ्तार करने मे सफलता पाई है ।

ब्लाक के बाजार अतरिया में सट्टा पट्टी लिख रहे आरोपी चंद्रभूषण गुप्ता पिता 38 साल बाजार अतरिया और जवाहर दास, 51 साल उदयपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा लिखने में प्रयुक्त 02 मोबाइल , सट्टा पट्टी, नगद 26 सौ रूपये जप्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ धारा 6,7 छ0ग0 जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई ।

अंतर्राज्यीय तस्कर से 75 लाख का गांजा बरामद, गिरफ्तार

- गांजा को खपाने उड़ीसा से महाराष्ट्रले जाया जा रहा था

पिथौरा/नवप्रदेश। अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर के कब्जे से 150 किग्रा गांजा जब्त किया गया है, जिसकी कीमत कीमती 75,00,000 रुपए आंकी गई है. आरोपी के विरूद्ध थाना सिंघोडा में एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई. इसे भी पढ़ें थाना सिंघोडा एवं सायबर सेल महासमुन्द की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ओडिसा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे ट्रक क्रमांक ह्र15 ढ्ढ 7771 को रोका. चालक से पूछताछ करने पर पहले पहल वह गोल-मोल जवाब दे रहा था, लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर गाड़ी के डाला में कैरेट के नीचे गांजा रखकर ओडिसा से महाराष्ट्र ले जाना बताया. गाड़ी की तलाशी लेने पर 150 किग्रा गांजा बरामद किया. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शेषदेव नायक पिता हरा नायक (23 साल) निवासी बरोडामलिहा, जिला अंगुल, ओडिशा बताया. आरोपी के विरूद्ध थाना सिंघोडा में एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत विधिवत कार्रवाई की गई.

अफीम-डोडा के साथ महंगी शराब की तस्करी करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

इधर बसंतपुर पुलिस ने नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है. 2 लाख रुपए के अफीम और डोडा के साथ लक्जरी गाड़ियों से महंगी शराब की तस्करी करने वाले कुल छह आरोपियों समेत एक अपचारी बालक को पकड़ा है.

वाड्रफनगर के सरहदी क्षेत्र में पुलिस के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है. वाहनों की जांच के दौरान 3 लग्जरी गाड़ियों से भारी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा जप्त किया गया है. वहीं दूसरी कार्रवाई में नाबालिग के द्वारा लगभग 2 लाख रुपए के अवैध डोडे और अफीम की बस में तस्करी की जा रही थी, पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

नक्सलियों से लोहा ले रहीं कमांडों दस्ते की महिलाएं

- नदी-नाला और पहाड़ों को पार कर मीलों पैदल चलकर चला रहे अभियान, बीहड़ जंगलों में बिताते हैं रात

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर में नदी-नाला और पहाड़ों को पार कर मीलों पैदल चलकर चला रहे अभियान, बीहड़ जंगलों में भी बिताते हैं रात, देखें कांकेर. पूरे देश में आज 8 मार्च यानी विश्व महिला दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है. समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं. ऐसे में नक्सल मोर्चे पर भी महिलाएं पुरुष जवानों से किसी तरह पीछे नहीं हैं. कांकेर जिले में नक्सली भले ही छोटी-बड़ी वारदात कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, लेकिन अब महिला कमांडो का जज्बा उनके खौफ पर भारी पड़ने लगी है.

कांकेर में तैनात महिला कमांडो अब लगातार नक्सल विरोधी अभियान में जंगलों में नजर आने लगी है. जहां आज पूरा देश महिला दिवस मना रहा है. वहीं ये महिला कमांडो कांकेर के बीहड़ों में नक्सलियों से लोहा लेने जंगल का खाक छान रही है. नक्सल गस्त पर कांकेर जिले के बीहड़ जंगलों में निकले ये पुलिस के महिला कमांडो ने लल्लूराम डॉट कॉम से खास बातचीत में कहा कि नक्सल गस्त पर निकलने के दौरान जंगलों में इन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

महिला कमांडो ने कहा, गर्मी हो या बरसात, कभी-कभी मीलों दूर पैदल नदी-नाला व पहाड़ों को पार कर चलना पड़ता है. कभी कभी तो जंगलों में भी रात गुजारना पड़ता है. कब वापस आएंगे यह भी पता नहीं रहता है।

बिना सूचना दिए कलेक्ट्रेट का घेराव करना पड़ा भारी, प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में धरना प्रदर्शन और बिना सूचना के जिला कार्यालय का घेराव करना ग्रामीणों को भारी पड़ गया. जिला कार्यालय में अनाधिकृत तरीके से प्रवेश कर परिसर के अंदर नारेबाजी कर सरकारी काम में बाधा डालने वाले लोगों के खिलाफ खैरागढ़ थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है. पूरा मामला जिला कार्यालय खैरागढ़ का है.

प्रभारी सचिव सर्व विभाग की कामकाजी बैठक ले रहे थे. इस दौरान ग्राम विचारपुर, पंडरिया,संडी के कुछ ग्रामीणों ने अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के कलेक्ट्रेट का घेराव कर दिया और जमकर नारेबाजी करने लगे. ग्रामीण अपने क्षेत्र में खुलने वाली सीमेंट फैक्ट्री का विरोध करने कलेक्ट्रेट पहुंचे थे, लेकिन जिला कार्यालय में प्रभारी सचिव सभी विभाग की बैठक ले रहे थे, जिसके कारण कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ग्रामीणों से नहीं मिल सके.

खैरागढ़ एसडीएम टंकेश्वर साहू ने प्रदर्शनकारियों को समझा बुझाकर वहां से हटाया, लेकिन जैसे ही प्रभारी सचिव कार्यालय से निकले तभी फिर से सभी लोग जिला कार्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्रित हो गए और इरादतन घेराव का प्रयास करने लगे. मौके पर मौजूद अधिकारी भीड़ को समझाइश देते रहे, लेकिन भीड़ समझने का नाम नहीं ले रही थी. कार्यालय का मुख्य द्वार घेरकर भीड़ लगातार जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रही थी. ग्रामीणों के प्रदर्शन के चलते आमजन और अधिकारी कर्मचारी समेत सभी लोग जिला कार्यालय आने और वहां से बाहर जाने में बड़ी परेशानी का सामना कर रहे थे. ऐसे में जिला कार्यालय अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खैरागढ़ थाने में वीरेंद्र जंघेल, श्रवण जंघेल, नोहर जंघेल ,नारायण जंघेल, खेलन वर्मा और पंडरिया निवासी ज्योति जंघेल समेत अन्य सभी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की शिकायत दर्ज कराई है।

तेंदूपत्ता संग्रहण 1 लाख 1 हजार 600 मानक बोरा का लक्ष्य, संग्रहण कर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। जिला यूनियन पूर्व भानुप्रतापपुर के द्वारा गुरुवार को नीलाम कक्ष में पदेन प्रबंध संचालक के निर्देशानुसार तेंदुपत्ता संग्रहण प्रक्रिया के तहत एक दिवसीय तेंदुपत्ता शाखकर्तन प्रशिक्षण सह कार्यशाला तेंदूपत्ता सीजन 2024 का आयोजन किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से जनप्रतिनिधी, संरक्षक मंडल के सदस्य, पोषक अधिकारी,प्रबंधक,किसान, एवं जिला यूनियन के कर्मचारी उपस्थिति रहे।

बता दे कि हरा सोना के नाम से प्रसिद्ध तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य मे जिला यूनियन पूर्व भानुप्रतापपुर प्रदेश में अग्रणी रहा है। इसीक्रम को बनाये रखने के लिए के लिए तेंदूपत्ता सीजन 2024 में भी शाखकर्तन सह कार्यशाला प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। क्योंकि अच्छे लक्ष्य पूर्ति के लिए बुटा कटाई कार्य को अच्छे से किया जाना अनिवार्य तभी गुणवत्तायुक्त पत्ते प्राप्त होते है। प्रशिक्षण के तहत एसडीओ जिला यूनियन के द्वारा 2024 का लक्ष्य 101.600 मानक बोरा रखा गया है। जिनके लिए क्या क्या सावधानी रखनी है,वही विशेषज्ञ द्वारा भी विस्तापूर्वक अपनी सुझाव दिया गया। इस सम्बंध में प्रदेश संघ कार्यालय के उपाध्यक्ष टीकम टांडिया ने कहा कि अच्छे तरीके से बुटा कटाई से पौधों में अच्छे ग्रोथ के साथ ही गुणवत्ता युक्त पत्ते प्राप्त होते है। बुटा कटाई कार्य 3 दिवस, 45 दिवस पश्चात पत्ते आ जाते है, 15 दिवस संग्रहण कार्य किये जाते है।

खैरागढ़ को छोड़ सभी जिलों को बनाया गया परीक्षा केंद्र, नाराजगी

- परीक्षा देने वाले युवाओ और परीक्षार्थियों की मुश्किलें बढ़ी
- व्यापम का दावा नही मिली जानकारी,जिला प्रशासन ने कहा मई मे ही भेजी गई थी जानकारी

खैरागढ़/नवप्रदेश। व्यापम परीक्षा के लिए खैरागढ जिले को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलो को व्यापम परीक्षा केन्द्र नही बनाए जाने से जिले के युवाओ का रोष बढ़ गया है । जिला निर्माण के बाद से जिले मे व्यापम परीक्षा केन्द्र खोले जाने कई बार मांग उठी है । जिला निर्माण के डेढ़ साल बाद व्यापम परीक्षा केन्द्र का संचालन शुरू होने की उम्मीद थी । लेकिन व्यापम द्वारा बुधवार को छात्रावास अधीक्षक की परीक्षा के लिए प्रदेश के सभी जिलो मे परीक्षा केन्द्र बनाए जाने के बाद सिर्फ खैरागढ़ जिले को छोड़ दिया गया है । नए बनाए गए पांच जिलो मे सारंगढ़ बिलाईगढ़, सक्ती,मानपूर, मोहला चौकी,और मनेन्द्रगढ़ भरतपूर चिरमिरी को भी व्यापम परीक्षा केन्द्र बनाया गया है । लेकिन इसमे सिर्फ खैरागढ़ जिले को छोड़ा गया है । जबकि नए जिलो मे सबसे %यादा और बेहतर व्यवस्था खैरागढ़ जिले मे मौजूद है ।

समस्या को लेकर जारी थी मांग- खैरागढ़ जिला निर्माण के बाद व्यापम परीक्षा केन्द्र का संचालन होने की तैयारी को लेकर जिले के युवा बेरोजगारो को बड़ी उम्मीदे थी । इसको लेकर साल भर से मांग करते संबंधित विभाग के मंत्री से भी मुलाकात कर युवाओ ने इसकी जानकारी दी गई थी । जिले के बेरोजगारो और युवाओ को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अब तक दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, रायपुर जैसे बड़े शहरों की लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रायपुर और भिलाई मे आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए छात्रो सहित परीक्षार्थियों को सुबह से निकलना पड़ता रहा है । जिला बनने के बाद इस समस्या के हल होने की उम्मीद बढ़ गई थी लेकिन व्यापम द्वारा जारी किए गए परीक्षा केन्द्रो की सूची मे खैरागढ़ जिले को छोड़ देने से परीक्षार्थी फिर से मायूस हो गए है । छत्तीसगढ़ में होने वाले छात्रावास अधीक्षक परीक्षा के लिए 32 जिला मुख्यालयों को परीक्षा केंद्र का कोड जारी कर दिया गया है.लेकिन खैरागढ़ को इसमें शामिल नहीं किया गया है।

व्यापम का दावा जिले से नही मिली जानकारी, जिले से मई मे भेजा गया था प्रस्ताव मामले मे व्यापम नियंत्रक डा सूधीर अर्पित का दावा है कि सात माह पूर्व व्यापम द्वारा जिला प्रशासन को इसकी सूचना देकर परीक्षा केन्द्र संबंधी जानकारी मांगी गई थी । लेकिन खैरागढ़ जिला प्रशासन द्वारा मामले मे कोई कार्यवाही नही की गई ।

पीएम आवास योजना में झोल, हितग्राही काट रहे पार्षदों के चक्कर

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को लाभ मिल रहा है। लेकिन इस योजना के नाम पर डोंगरगढ़ में लगातार फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। जिसको लेकर कुछ दिन पहले दुर्ग के ज्वाइंट डायरेक्टर यहां पर पहुंचे थे और फर्जीवाड़े के खिलाफ कार्रवाई करने के बात कही थी। इसके बावजूद अधिकारी किसी भी तरह का एक्शन नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला नगर पालिका डोंगरगढ़ के वार्ड नंबर 08 का है। जहां बने आवास को देखकर और उस पर लिखे जानकारी को पढ़ कर सबके होश उड़ गए।

दरअसल वार्ड नंबर 08 में वार्ड नं 02 के नाम से हितग्राही हितेंद्र साहू का आवास बना हुआ है। हितग्राही का नाम और वार्ड नंबर 02 इंदिरा नगर लिखा हुआ है। आवास का लाभ लेने वाले हितग्राही के बने पीएम आवास के सामने ही उसका एक पक्का आवास पहले से ही है। बताया जा रहा है कि, किसी नेता के रिश्तेदार का हैं। नगर पालिका परिषद कार्यालय का रुख किया गया तो पता चला की इस आवास की फाइल ही नगर पालिका परिषद से गायब है। इस मसले को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुलदीप झा ने कहा कि, मुझे डोंगरगढ़ में पदभार लिए अभी 7 महीने हुए हैं। मुझे आवास से संबंधित फर्जीवाड़ा की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिल रही है। ये जांच का विषय है, जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

लोस चुनाव, अंतर्रायीय सीमा में तैनात अफसर करेगें जांच

- छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा से सटे जिला कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक

खैरागढ/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गोंदिया जिले के देवरी में अंतररा%यीय सीमा बैठक आयोजित हूई । बैठक मे गोंदिया कलेक्टर प्रजीत नायर , खैरागढ़ कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा , पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल एसपी मोहित गर्ग मोहलामानपूर चौकी एसपी रत्ना सिंह उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था, आपराधिक गतिविधियों को रोकने , माओवाद प्रभावित क्षेत्र में संयुक्त अभियानों पर चर्चा , अंतररा%यीय सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के केसीजी, राजनांदगांव एवं गोंदिया कलेक्टर पुलिस अधीक्षकों ने एक दूसरे से जिलों से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी साझा करते आगामी चुनाव के दौरान व्यापक तैयारी की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर-एसपी ने लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अंतररा%यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने , बेहतर आपसी ताल-मेल के साथ लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए तीनों जिले के मध्य आपसी समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने सूचनाओं के तेजी से आदान-प्रदान पर भी व्यापक चर्चा की। बैठक में चुनाव के दौरान अंतररा%यीय सीमाओं पर चेकपोस्ट लगाने, मादक पदार्थो के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए भी प्रभावी समन्वय करने पर चर्चा हुई। चुनाव के दौरान अवैध रूप से शराब, नगदी, हथियार, सोना और चांदी के साथ-साथ अन्य सामग्रियों के परिवहन पर अंकुश लगाने रणनीति तय की गई।

पीएम संवाद कार्यक्रम में शामिल हुई कई संगठनों की महिलाएं

खैरागढ़/नवप्रदेश । जिला मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन सहित विकासखंड में शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का आयोजन हूआ। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा महिला समूहों से महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में वर्चुअल संवाद किया गया। जिसका प्रसारण जिला एवं विकासखंड स्तर में प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से स्वसहायता समूह, विभिन्न संगठनों की महिलाएं एवं जनप्रतिनिधि जुड़े रहे। प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों में सीधा प्रसारण किया गया । सांस्कृतिक भवन साथ ही विकासखंड के अतरिया एवं मुढ़ीपार, छुईखदान विकासखंड के बुंदेली, गंडई, साल्हेवारा में कार्यक्रम आयोजित हूआ । प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गांव एवं शहर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भारत को विकसित भारत बनाने में महिलाओ की भूमिका महत्वपूर्ण है माताओं और बहनों के लिए रा%य सरकार अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है पुरुषो से अगर कोई शक्तिशाली है तो वो हमारी महिला शक्ति है आज समाज में सुधार के क्षेत्र में महिलाओ का अहम योगदान रहा है स्वसहायता समूह के बारे में पहले बहुत कम लोगो को पता था किंतु आज की स्थिति में हर गांव में अनेक महिला समूह सक्रिय होकर कार्य कर रही है।

भोलेनाथ की निकली बारात, हुई शादी

किरंदुल/नवप्रदेश। लौह नगरी किरंदुल में महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य पर शिव भगवान की भव्य बारात निकाली गई। इसमें झांकी और डीजे की धुन पर किरंदुल के हजारों भक्तों ने इस बारात में हिस्सा लिया। महाशिवरात्रि के अवसर पर पशुपती नाथ मंदिर कोड़ेनार न.4. से भगवान

शिव की धूमधाम से बारात निकाली गई। यह बारात पूरे शहर से होते हुए गांधी नगर शिव मंदिर पहुंची। मध्य रात्रि को भक्तों ने शिव-पार्वती विवाह करवाया। इस दौरान भक्त उल्लास के साथ नाचते-झूमते रहे। किरंदुल नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल रॉय और महादेव युवा समिति किरंदुल ने इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया। किरंदुल में पहली बार शिव जी की बारात निकाली गई। मंदिर में शिव जी का स्वागत कर उनकी आरती की गई। इसके बाद शिव जी और माता पार्वती का विवाह करवाया गया। विवाह के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया और भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

सरकारी विभागों में 14 करोड़ का बिजली बिल बकाया, नोटिस जारी

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिले में शासकीय विभागों का बिजली बिल समय पर नहीं जमा नहीं होने के चलते इन विभागों के ऊपर 14 करोड़ रू से अधिक के बिल पेंडिंग पड़े है । शासकीय विभागा मे सबसे %यादा बकाया ग्राम पंचायतों के नल जल कनेक्शन का है।

इसके बाद ग्राम पंचायतों में जलने वाली बत्ती का भी बिल बकाया है। इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जनपद पंचायत में बिल बकाया है। बिल जमा करने के लिए बिजली विभाग द्वारा नोटिस थमाक र कनेक्शन काटे जाने का अल्टीमेटम दिया गया है। जिले में शासकीय कार्यालयों का बिल कई माह से लंबित है। इसमें नगर पालिका, पंचायत से लेकर पुलिस विभाग, जेल विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग ,स्वास्थ्य विभाग,समेत करीब 36 विभाग शामिल है। इन विभागों के ऊपर बकाया बिल करीब 13 करोड 90 लाख है, हर माह बिजली विभाग द्वारा बिल भुगतान करने के लिए नोटिस थमाया जा रहा है। बिजली विभाग द्वारा विभागों को बकाया भुगतान के लिए पत्र जारी किया गया है। विभागों द्वारा शासन से राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान किया जाता है। ऐसे में बिजली बिल की राशि करोड़ो में पहुंच गया है। बिजली विभाग द्वारा जिन विभागों का बिजली बिल बकाया है. उन्हें लगातार नोटिस भेजा जा रहा है। पूरे जिले में शासकीय कार्यालयों में 13 करोड़ 90 लाख 56 हजार 928 रुपए का बकाया है। बिजली विभाग शासकीय विभागों से बिल वसूलने मे भले ही पीछे है । लेकिन जिले के निजी बिजली उपभोक्ताओ और निजी संस्थानो से बकाया वसूलने मे विभाग पीछे नही है । निजी हितग्राहियो के बिल पेंडिंग होने पर विभागीय कार्यवाही भी त्वरित रूप से होती है ।

कबाड़ी दुकानों से 82 हजार के सामान जप्त

खैरागढ/नवप्रदेश। कबाड़ी दुकानों मे अवैध और चोरी के सामानो की खरीदी की सूचना पर पुलिस द्वारा चलाए गए जांच अभियान के तहत शहर के विभिन्न कबाडी दुकानो मे दबिश देकर हजारो के सामानो को जप्त किया गया ।

शहर के दाऊचौरा में शबीर मेमन के कबाडी दुकान में स्कूटी, मो0सा0 ,कुलर एवं 10 नग छड़ ,लोहे का पाईप कुल 15 हजार रू के सामानो की खरीदी बिक्री के संबंध संचालक कोई दस्तावेज पेश नही कर पाया । इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया।

इसी दौरान दाऊचौरा में याकुब सोलंकी द्वारा अपने कबाड़ी दुकान मे खेत घेरा करने लोहे की जाली , फेसिंग तार कुल कीमती 24 सौ रूपये जप्त कर धारा 41(14) जौफा /379 भादवि0 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया । किगापारा स्थित कबाडी दुकान में पुरानी छड़, लोहे का दरवाजा, एवं गाडी का इंजन कुल 65 हजार रू के कबाड़ी सामानो की खरीदी बिक्री में कोई दस्तावेज नही मिलने पर कार्यवाही की गई।

महाशिवरात्रि पर संगम में डुबकी लगाने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

राजिम/नवप्रदेश। हल्की गुलाबी ठंड के बीच महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शुक्रवार तड़के सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने राजिम के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाए और भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर अपने आप को धन्य किया। धर्म के प्रति आस्था का जूनुन गुरूवार की रात से ही देखने को मिल रहा था। आस्था और श्रद्धा के चलते भोलेनाथ महादेव जी के प्रति अटूट भक्ति रखने वाले भक्त तड़के 2 बजे से ही राजिम संगम की धार में डुबकी लगाने पहुंच गए थे। महाशिवरात्रि पर इस पुण्य स्नान को काफी महत्व माना जाता है, इसलिए तड़के सुबह से लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुगण पुण्य स्नान कर दीपदान किया।

पश्चात दर्शनार्थियों की लम्बी लाईन श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर और श्री राजीव लोचन मंदिर, बाबा गरीब नाथ की ओर लग गई। श्रद्धालुगण भगवान के दर्शन करने लाईन में डटे अपनी बारी की इंतजार करते रहे। यह सिलसिला तड़के तीन बजे से जारी रहा है। वैसे महाशिवरात्रि पर्व में स्नान के बाद दीपदान करने की परंपरा कई सौ वर्षो पहले से ही चली आ रही है। इस परंपरा और श्रद्धा का पालन आज भी श्रद्धालुगण करते देखा गया है। नदी की धार में दोने में रखा दीपक की लौ किसी जुगनू की भांति चमकती नजर आई। कई महिलाओं ने रेत का शिवलिंग बना कर बहुत ही श्रद्धा के साथ बेल पत्ता, धतुरा के फूल चढ़ाकर आरती भी किया। मान्यता के अनुसार यहां कई भक्त नदी अपने मासूम बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया है।

संगम स्नान का है खास महत्व

वैसे तो पर्व व त्योहार में स्नान का अपना अलग महत्व होता है, लेकिन महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में स्नान करने का खास कारण है। बताया जाता है महाशिवरात्रि में किसी भी प्रहर अगर भोलेबाबा की प्रार्थना कि जाए, तो माँ पार्वती और भोलेनाथ सीधे भक्तों की मनांकामनाएँ पूरी करते है। भगवान शंकर के शरीर पर शमशान के भस्म गले में सर्पो की हार कंठ में विश जटाओं में पावन गंगा तथा माथे में प्रलयंकारी ज्वाला उनकी पहचान है।

अस्त्र-शस्त्रों से लैस नागा बाबाओं, साधु-संतों का शौर्य प्रदर्शन

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला 2024 के अंतिम दिवस महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नागा बाबाओं, साधु-संतों, विभिन्न अखाड़ों ने शाही स्नान के लिए ऐतिहासिक शोभायात्रा संत समागम स्थल परिसर से सुबह 8 बजे निकाली गई।

इस शोभा यात्रा में समस्त नागा, साधु-संतों के साथ अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, संस्कृति विभाग के उप संचालक प्रताप पारख, मेला आयोजन समिति के गिरीश बिस्सा के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए। शोभायात्रा में सुसज्जित पालकियों शाही बग्गी, घोड़ों में विभिन्न साधु-संत सवार थे। शोभायात्रा संत समागम से शुभारंभ होकर श्रीकुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के पीछे मार्ग से नेहरू बाल उद्यान होते हुए, राजिम पुल, पं. सुंदरलाल शर्मा चौक, गौरवपथ राजिम, व्हीआईपी मार्ग होते हुए मेला में बने शाही कुंड में पहुंचे।

शोभायात्रा का स्वागत दोनों शहर नवापारा और राजिम में विभिन्न चौक चौराहों में फूलमालाओं बरसा कर किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न चौक में अनेकों अस्त्र-शस्त्रों से लैस नागा बाबाओं, साधु-संतों का शौर्य प्रदर्शन करते हुए अखाड़े चलाते रहे। नागा साधुओं के तलवार और फरसा भांजते खुशी से नाचते देखकर मेले में आए अंचल वासी रोमांचित हो उठे।

■ न्यूज गैलरी

महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि हमारे भविष्य का सहारा : नम्रता सागर

रायपुर/नवप्रदेश। कालीबाड़ी, नेहरू नगर की रहने वाली श्रीमती नम्रता सागर ने बताया कि हर महीने एक हजार रुपए देने वाली राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना सराहनीय है। इससे मिलने वाली राशि से हम महिलायें आर्थिक आर्थिक रूप से संबल होंगी। श्रीमती नम्रता आगे कहतीं हैं कि उनके पति का मासिक आय सात से आठ हज़ार रुपये मात्र है, जिससे घरेलू खर्च और बच्चों के लिए शिक्षा और अन्य इच्छाओं की पूर्ति करने में कई बार असमर्थता होती थी ,अब महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि को भविष्य निधि के रूप में मासिक निवेश करूँगी जिससे भविष्य में उस राशि से अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके। आगे कहती हैं कि उनके पति ने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए हितकारी बताते हुए कहा कि इस योजना से लाभान्वित होने वाली महिलाओं के जीवन में आर्थिक स्वतंत्रता आएगी। घरेलू खर्च के साथ ही साथ बचत पर सोचने वाली महिलाएँ महतारी वंदन योजना से मिलने वाले राशि को अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए बेहतर उयोग कर सकेंगी। श्रीमती नम्रता सागर ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को इस योजना के लिए धन्यवाद प्रेषित किए।

अप्रेंटिसशीप मेला 11 मार्च को

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सड्डू में अप्रेंटिसशीप मेला का आयोजन 11 मार्च की सुबह 9 बजे किया जाएगा। स्थानीय रोजगार को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैंप में जायसवाल निको सिलतरा, हीरा पावर प्लांट रायपुर, जिंदल स्टील प्लांट रायपुर, अशोक लिलेन रायपुर, श्याम टेक्नो रायपुर, इंडुस टावर लिमिटेड रायपुर, डाइकिन ए.सी. रायपुर, माना एयरपोर्ट, डागा कार ए.सी. आमापारा, वोल्टस ए.सी., टाटा लार्डस ए.सी., कल्तरू पावर ट्रांसमिशन खोरपा, रजत एक्यूपमेंट भनपुरी आदि संस्था उपस्थित रहेंगे। 100 से अधिक पदों के लिए अप्रेंटिसशीप मेले में रोजगार दिए जाएंगे।

छग सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने एंबुलेंस भेंट की

■ 30 बरस के राजनीतिक जीवन में अनेक लोगों का इलाज कराया, जो आनंद इस काम में वो कहीं नहीं : सीएम विष्णु देव साय

रायपुर/नवप्रदेश। आज स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव जी की जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को एसोसिएशन की ओर से एंबुलेंस की चाबी भेंट की ।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय श्री जूदेव से जुड़ी पुरानी यादों को साझा किया। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय श्री जूदेव से मैंने विनम्रता सीखी है। कार्यकर्ताओं के प्रति अपनापन सीखा है। उनके भीतर गहरा सेवा भाव था। मुझे भी यह सेवा भाव बहुत भाता है। मरीजों के प्रति सेवा भाव में जो आनंद है। वह और किसी चीज में नहीं है। अपने 30 बरस के राजनीतिक जीवन में मैंने अनेक लोगों का इलाज कराया। यह मेरा सबसे बड़ा संतोष है।

उन्होंने बताया कि राज्य मंत्री के रूप में एक ही बरस में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से आग्रह कर प्रधानमंत्री राहत कोष से 12 करोड रुपए की राशि से मरीजों का इलाज कराया। डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्वकाल में हर दूसरे तीसरे दिन उन्हें किसी मरीज के इलाज के लिए पत्र लिखता था। वे कहते थे कि सबसे ज्यादा मरीजों के इलाज के लिए पत्र आपके पास से आते हैं। वे हमेशा मेरा आग्रह स्वीकार करते थे और मरीजों की इलाज के लिए तत्काल कार्रवाई कराते थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी को महाशिवरात्रि और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव जी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

मुख्यमंत्री ने श्री जूदेव का स्मरण करते हुए कहा कि श्री जूदेव मेरे राजनीतिक गुरु रहे और आज मैं जिस मुकाम पर हूँ वहाँ पहुंचने पर उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। उनसे मैंने राजनीति सीखी, विनम्रता सीखी, कार्यकर्ताओं से किस तरह व्यवहार करना चाहिए सब सीखा। मैं आप सभी एसोसिएशन के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि आप सभी ने मरीजों की सेवा के लिए एम्बुलेंस भेंट किया है। मुख्यमंत्री ने कुनकुरी में सड़क दुर्घटना का शिकार हुए एक ट्रक ड्राइवर का किस्सा सुनाते हुए बताया कि दुर्घटना से ठीक होने के पश्चात ड्राइवर ट्यूमर से ग्रसित हो गया।

सिद्धेश्वर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पलारी/नवप्रदेश। भगवान भोलेनाथ की भक्ति और आराधना का पर्व महाशिवरात्रि है। इस दिन विशेष पूजा-अर्चना से प्रसन्न होकर भोलेनाथ सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान शिव ने कैलाश पर्वत पर माता पार्वती से विवाह किया था। इस अवसर पर महाशिवरात्रि को लेकर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के पलारी स्थित बालसमुंद तालाब स्थित सिद्धेश्वर मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी है। गौरतलब है कि पलारी में स्थित भगवान सिद्धेश्वर का मंदिर होने के कारण सिद्धेश्वर की नगरी भी कहा जाता है। आठवी शताब्दी में बना यह सिद्धेश्वर मंदिर लगभग बारह सौ साल पुराना है। जो चोल वंश के समकालीन बना हुआ है। लाल ईंटों से बनाया गया यह मंदिर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली इतिहास को दर्शाता है। 150 एकड़ के विशाल बालसमुंद तालाब में स्थित इस मंदिर में भगवान सिद्धेश्वर विराजमान है। यहां उनके दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिर में रात 12ः00 बजे से ही विशेष पूजा चालू हो जाती है। इसके अलावा प्रातः 4 बजे भव्य महा आरती का हुआ।

केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर रोजगार पहली प्राथमिकता : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की केन्द्र में सरकार बनने पर कांग्रेस पार्टी युवाओं के रोजगार को प्राथमिकता देगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं के लिये न्याय गारंटी दी है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी और राहुल गांधी का मानना है रोजगार देश की पहली जरूरत है। युवाओं के लिये कांग्रेस की पांच गारंटी है - 1. भर्ती भरोसा : कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार में 30 लाख नौकरी की गारंटी देती है। हम एक कैलेंडर जारी करेंगे और उसके अनुसार समयबद्ध तरीक़े से भर्ती की प्रक्रिया पूरी करेंगे। 2. पहली नौकरी पक्की : प्रत्येक डिप्लोमा होल्डर या कॉलेज ग्रेजुएट को पब्लिक या प्राइवेट सेक्टर की कंपनी में एक साल के अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षण) देने के लिए एक नए प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम की गारंटी देती है। प्रशिक्षुओं को 1 लाख रुपए (8,500रू./माह) हर वर्ष मिलेंगे। 3. ?पेपर लीक से मुक्ति : कांग्रेस सार्वजनिक परीक्षाओं में किसी भी तरह की सांठगांठ या षड्यंत्र को रोकने के लिए और ईमानदारी एवं निष्पक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए नए कानूनों की गारंटी देती है। हम नए कानून लाकर पेपर लीक को पूरी तरह से रोकेंगे, जिससे मौजूदा समय में करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। 4. ?गिग इकॉनमी में सामाजिक सुरक्षा : कांग्रेस गिग इकॉनमी में हर साल रोज़गार ढूंढने वाले लाखों युवाओं के लिए बेहतर वर्किंग कंडिशन (कामकाजी स्थिति) और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून लाने की गारंटी देती है।

5. ?युवा रोशनी : पांच साल की अवधि के लिए देश के सभी ज़िलों में आवंटन की सुविधा के साथ कांग्रेस 5,000 करोड़ रुपए का एक कोष बनाएगी। 40 साल से कम उम्र के युवा किसी भी क्षेत्र में अपने बिजनेस के लिए स्टार्ट-अप फंडिंग का लाभ उठा सकते हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी राज में

पुलिस ने अवैध गांजा समेत एक स्कूटी भी किया बरामद

■ मादक पदार्थ का अवैध कारोबार, करने वालों पर बालको पुलिस की कार्यवाही

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शनव तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के पर्यवेक्षण में जिले में मादक पदार्थ गांजा का कारोबार करने वालों पर लगाम कसने एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी बालको निरीक्षक अभिनव कांत सिंह हमराह स्टॉफ को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिला था। लालघाट क्रिकेट मैदान के पास का मादक पदार्थ गांजा रखकर स्कूटी होंडा में ग्राहक तलाश कर रहे है। मुखबिर से प्राप्त सूचना की तस्दीर मौके पर जाकर किया गया जो आरोपी बुधराम चौहान पिता परसराम चौहान साकिन चेकपोस्ट भद्रपाड़ा बालको, बिलाल मिश्रा पिता स्वर्गीय ननकी प्रसाद मिश्रा सकीं चेकपोस्ट भद्रपाड़ा बालको के द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा 01 किलो 300 ग्राम के साथ होंडा स्कूटी को किया गया जप्त। जिसे वैधानिक कार्यवाही उपरांत वजह सबूत में मुताबिक जपती पत्र के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत 133 करोड़ रुपए पाचवीं किस्त जारी

रायपुर/नवप्रदेश। पीएम पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 133 करोड़ 28 लाख 41 हजार 346 रूपए की पाचवीं किस्त सिंगल नोडल एजेंसी के खाते में आबंटित कर दी है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जिलों को जारी पाचवीं किस्त में से मटेरियल कास्ट के लिए 102 करोड़ 30 लाख 25 हजार 288 रूपए, रसोईया मानदेय 30 करोड़ 52 लाख 74 हजार 58 रूपए और एम.एम.ई. के लिए 45 लाख 42 हजार रूपए की राशि आबंटित की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी पत्र में कहा है कि कुकिंग कास्ट एवं रसोईयां मानदेय की राशि जिलो से मांग के अनुरूप जारी की गई है। इस राशि से फरवरी 2024 तक कुकिंग कास्ट एवं रसोईया मानदेय की राशि का भुगतान 31 मार्च 2024 के पूर्व अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। वित्तीय वर्ष 2024 में मार्च 2023 के मटेरियल कास्ट के रसोईयां मानदेय के भुगतान हेतु राशि का आबंटन कार्यालय

सीएम साय ने स्व. जूदेव की जयंती पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज यहाँ मुख्यमंत्री निवास में पूर्व सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, श्रीमती प्रियंबदा सिंह जूदेव और श्री ओम प्रकाश सिन्हा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वर्गीय जूदेव मेरे राजनैतिक पथ-प्रदर्शक थे। आज मेरा राजनीतिक जीवन स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव जी को समर्पित है, उन्हीं की इच्छा थी कि मैं छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनूं।उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि उनका आशीर्वाद आज फलित हुआ। स्वर्गीय श्री जूदेव ने हमेशा आदिवासी हक की लड़ाई लड़ी, उन्होंने हमेशा सनातन संस्कारों को बचाए रखने के लिए संघर्ष किया। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए आदिवासी कल्याण और राज्य में सुशासन स्थापित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है।

छत्तीसगढ़ के किसानों ने सीखे उन्नत उद्यानिकी के गुर

रायपुर/नवप्रदेश। कर्नाटक की राजधानी बैंगलुरू में आयोजित नेशनल हॉर्टिकल्चर फेयर में छत्तीसगढ़ के किसानों ने हॉर्टिकल्चर के उन्नत तकनीक के गुर सीखे। विगत फरवरी माह में हुए इस आयोजन में बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव, कोरबा, मुंगेली, खैरागढ़, सरगुजा, बालोद और दुर्ग जिले के 98 किसानों और तकनीकी सहायकों ने हिस्सा लिया।

बैंगलुरू में आयोजित नेशनल हॉर्टिकल्चर फेयर में देश के विभिन्न राज्यों के शासकीय उद्यानिकी विभागों के साथ-साथ उद्यानिकी से जुडे स्टेक होल्डर्स, उद्योग, अनुसंधान आदि द्वारा स्टॉल लगाकर उद्यानिकी के उन्नत एवं नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

इस मेले में बागवानी से जुड़े कई विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गई जैसे संरक्षित खेती, मृदारहित खेती-कोकोफोनिक्स और हाइड्रोफोनिक्स, मूल्य संवर्धन एवं अपशिष्ट उपयोग आदि। साथ ही बागवानी की पुष्प एवं फल प्रदर्शनी भी लगाई गई।

केंद्रीय रक्षा मंत्री
श्री राजनाथ सिंह का
छत्तीसगढ़ में
हार्दिक स्वागत और अभिनंदन
किसानों के कुंभ में मोदी की गारंटी की अमृत वर्षा
प्रति क्विंटल 3100 की दर से धान खरीद, किसानों के खाते में पूरी रकम
प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी
कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 13000 करोड़ की सहायता
किसानों को 19,257 रुपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि
इस वर्ष रिकॉर्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का उत्सव
धान का सर्वाधिक मूल्य मिलने से गांवों में आई समृद्धि
मोदी की गारंटी
विष्णु का सुशासन
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क